दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रांची, सोमवार, 21 अप्रैल 2025 | वैशाख कृष्णपक्ष नवमी विक्रम संवत-2082 | वर्ष-10 अंक-08 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये | रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित | ww.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर ◊◊ 6 | आंचलिक 2 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | आस-पास

//--सुविचार--//

परिवार और समाज दोनों ही बर्बाद होने लगते हैं, जब समझदार मौन और नासमझ बोलने लगते हैं

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:25 प्रातः

अस्त : 06:11 संध्या

प्रदेश का तापमान (आज)

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	35.0	21.0
जमशेदपुर	38.0	23.0
हजारीबाग	37.0	21.0
डालटनगंज	39.0	23.0

संक्षिप्त खबरें

24 को सिलीगुड़ी आयेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

सिलीगुड़ी। आगामी सप्ताह 24 और 25 अप्रैल को फांसीदेवा स्थित संतोषिनी हाई स्कूल मैदान में अंतरराष्ट्रीय संथाल परिषद का नौवां सम्मेलन होने जा रहा है। उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल और सिक्किम के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी लोगों की परंपराओं और संस्कृति पर प्रकाश डाला जाएगा। यह आयोजन लगभग आठ भागों में आयोजित किया जाएगा।

केंद्रीय गृह सचिव 25 अप्रैल को आएंगे रांची

रांची। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 25 अप्रैल को झारखंड के दौरे पर आएंगे। वे रांची में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए किए गए विशेष कार्य या पहल सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। गृह विभाग ने इसके लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में पुलिस मुख्यालय की तरफ से भी प्रजेंटेशन दिया जाना है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस आज भारत में



जयपुर। संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद वे उसी रात जयपुर पहुंचेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, तीन बच्चे–इवान, विवेक और मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान वे आमेर किला, जयपुर सिटी पैलेस सहित कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। वे 22 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक बिजनेस समिट को संबोधित भी करेंगे।

सीएम हेमंत की स्पेन यात्रा. बार्सिलोना की वास्तुकला देखी, उद्योगपतियों से मुलाकात

झारखंड में एफडीआई के खुल सकते हैं नये दरवाजे

नव प्रदेश संवाददाता

रांची/बार्सिलोना : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों सरकारी दौरे पर स्पेन में हैं, जहां वह राज्य में निवेश के नए अवसरों को लेकर विभिन्न औद्योगिक और व्यापारिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड में विदेशी निवेश को आकर्षित करना और राज्य के औद्योगिक विकास को नई दिशा देना है।

कल्पना सोरेन ने साझा की तस्वीर

मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी इस दौरे में शामिल हैं। दोनों ने बार्सिलोना स्थित विश्व प्रसिद्ध सागरादा फमिलिया चर्च का दौरा किया, जिसकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गईं और चर्च की खूबसूरत वास्तुकला और आध्यात्मिक माहौल ने मुख्यमंत्री को खासा प्रभावित किया।

कई बिजनेस लीडर्स और निवेशकों के साथ बैठकें निर्धारित

सूत्रों के अनुसार, हेमंत सोरेन की स्पेन में कई बिजनेस लीडर्स और निवेशकों से बैठकें निर्धारित हैं। इसमें ग्रीन एनर्जी, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म और स्किल डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग और निवेश पर चर्चा हो रही है।

झारखंड को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने की कोशिश

राज्य सरकार की यह कोशिश है कि झारखंड को वैश्विक मंच पर एक निवेश के अनुकूल गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इस यात्रा के दौरान संभावित एमओयू पर हस्ताक्षर की भी उम्मीद जताई जा रही है, जिससे राज्य के युवाओं को रोजगार और नए उद्यम के अवसर मिल सकते हैं। सीएम हेमंत सोरेन का यह दौरा झारखंड के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सकारात्मक पहचान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

आज तक अधूरी है सागरदा फमलिया चर्च

सागरदा फमिलिया को स्पेनिश आर्किटेक्ट एंटोनी गौदी ने डिजाइन किया था, और यह दुनिया की सबसे प्रसिद्ध अधूरी चर्च संरचनाओं में से एक है। इसकी वास्तुकला बेहद अनोखी और भव्य है, जिसमें रंगीन कांच की खिड़कियां और गॉथिक-स्टाइल स्तंभ शामिल हैं। सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन और मुख्य सचिव समेत प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य सदस्य भी फमलिया चर्च पहुंचे और वहां की सभ्यता-संस्कृति से अवगत हुए।

चीन का कमाल!. रोबोट्स व इंसानों के बीच हाफ मैराथन

21 रोबोट्स ने लगायी 21 किमी की दौड़

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग में दुनिया की पहली इंसान और रोबोट के बीच हाफ मैराथन हुई। लोगों के साथ 21 रोबोट्स ने 21 किलो मीटर की दौड़ लगाई। इसे देखने को लिए लोगों के अंदर खासा उत्साह देखा गया। यह अजब-गजब दौड़ बीजिंग के दक्षिण-पूर्वी यिझुआंग जिले में शनिवार को हुई। इस दौड़ का मकसद रोबोटिक्स और टेक्नोलाजी की दुनिया में चीन की तरक्की दिखाना था। चीन की नोएटिक्स रोबोटिक्स और ड्रायडअप कंपनियां के रोबोट्स का साइज 120 सेंटीमीटर से कम था। जबकि कुछ का साइज 1.8 मीटर लंबा था। खाास बात यह रही कि रोबोट ने 2.40 घंटे में दौड़ को पूरा किया, जबकि इंसानों ने इसे एक घंटे में इसे पूरा कर लिया। रोबोट्स के साथ इंसानी ट्रेनर भी थे, जिन्होंने दौड़ के दौरान उन्हें सहारा भी दिया। रोबोटिक्स सेंटर के चीफ टेक्नालाजी अफसर तांग जियान ने बताया कि चीन में दस हजार कर्मचारियों पर 470 रोबोट हैं। रोबोट्स ने मैराथन में बेहतर प्रदर्शन किया।

गम्हरिया प्रखंड को मिला देश का सर्वोच्च प्रशासनिक सम्मान, पीएम देंगे सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को प्रधानमंत्री उत्कृष्ट सार्वजनिक प्रशासन पुरस्कार 2024 के लिए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम श्रेणी में चयनित किया गया है। यह पुरस्कार 21 अप्रैल को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान के तहत देशभर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में से सर्वश्रेष्ठ पांच प्रदर्शनकारी प्रखंडों को चुना गया

है, जिसमें गम्हरिया प्रखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह पुरस्कार सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की ओर से प्राप्त किया जाएगा, जो प्रखंड की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सम्मान नीति आयोग की पहल पर सात जनवरी 2023 को शुरू किए गए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के 500 पिछड़े प्रखंडों में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि और संबद्ध सेवाएं, मूलभूत ढांचा और सामाजिक विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में बेहतर शासन, सेवा वितरण और प्रमुख सूचकांकों की निगरानी के माध्यम से समग्र सामाजिक-आर्थिक प्रगति को तेज करना है।

कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की घर में की गई हत्या, पत्नी व बेटी हिरासत में

बंगलुरु : कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की रविवार को हत्या हो गई। पुलिस ने पत्नी पल्लवी और बेटी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पत्नी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और झगड़े के बाद उन्होंने ही पति की हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। 68 वर्षीय ओम प्रकाश मूल रूप से बिहार के चंपारण के निवासी थे। उन्हें 1 मार्च 2015 को पुलिस महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। वे पहले कर्नाटक होम गार्ड्स और फायर ब्रिगेड के महानिदेशक थे और 2015 से 2017 तक राज्य के पुलिस महानिदेशक भी रहे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ओम प्रकाश (68) रिटायरमेंट के बाद बंगलुरु में ही अपने घर में रह रहे थे। पत्नी के साथ उनकी अनबन चल रही थी। पत्नी ने रविवार शाम को पुलिस को फोन कर पति की मौत की जानकारी दी। इतने बड़े पूर्व आला अधिकारी की हत्या की खबर सुनते ही पुलिस की एक टीम उनके निवास पर पहुंची। वहां ओम प्रकाश का खून से लथपथ शव पड़ा था। पुलिस ने पूछताछ के लिए पत्नी और बेटी को तत्काल हिरासत में ले लिया। एचएसआर लेआउट पुलिस स्टेशन में हत्या का केस दर्ज किया गया है।

भाजपा. गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के बयान से पार्टी ने किया किनारा

भाजपा ऐसे बयानों का समर्थन नहीं करती : जेपी नड्डा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा द्वारा न्याय पालिका और देश के मुख्य न्यायाधीश को लेकर दिए गए विवादास्पद बयानों से स्पष्ट रूप से दूरी बना ली है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि ये दोनों बयान व्यक्तिगत हैं। भाजपा का उनसे कोई संबंध नहीं है और पार्टी ऐसे बयानों का समर्थन नहीं करती है। जेपी नड्डा ने कहा, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान पूरी तरह



से व्यक्तिगत हैं। भारतीय जनता पार्टी न तो इन बयानों से सहमति रखती है और न ही ऐसे किसी भी बयान का समर्थन करती है। पार्टी इन बयानों को स्पष्ट रूप से खारिज करती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा ने हमेशा न्यायपालिका का सम्मान किया है और अदालतों के आदेशों एवं सुझावों को सहर्ष स्वीकार किया है। नड्डा ने कहा कि देश की अदालतें, विशेषकर सर्वोच्च न्यायालय, लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ हैं और संविधान की रक्षा का आधार हैं।

सांसदों को निर्देश

भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने दोनों सांसदों को निर्देशित किया है कि भविष्य में इस प्रकार के बयान न दें। साथ ही उन्होंने सभी पार्टी नेताओं को भी ऐसे बयानों से बचने की सलाह दी है। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वह संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर गंभीर है।

अर्थव्यवस्था भारत समेत दुनिया में दिखेगा ट्रंप के टैरिफ का असर

भारत व दुनिया में आ सकती है मंदी

नई दिल्ली : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ का असर दुनिया की अर्थव्यवस्था पर जल्दी दिखाई देने वाला है। भारत समेत दुनिया में मंदी आ सकती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) मंगलवार को अपने नए अनुमानों में आर्थिक विकास के अनुमान को कम कर सकता है। इसका मतलब है कि आईएमएफ को लग रहा है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले जितनी तेजी से बढ़ रही थी, अब शायद उतनी तेजी से न बढ़े। इसके अगले दिन जापान, यूरोप और अमेरिका के परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) के आंकड़े आएंगे। ये आंकड़े बताएंगे कि ट्रंप के लगाए गए वैश्विक टैरिफ (टैक्स) का मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर पर

विकास अनुमानों में उल्लेखनीय गिरावट आयेगी : एमडी

आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा, 'हमारे नए विकास अनुमानों में उल्लेखनीय गिरावट आएगी, लेकिन मंदी नहीं आएगी।' इसका मतलब है कि आईएमएफ को लग रहा है कि आर्थिक विकास थोड़ा धीमा होगा, लेकिन मंदी (रिसेशन) नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में चीजों के दाम बढ़ सकते हैं और बाजार में उथल-पुथल हो सकती है। वहीं ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स का कहना है कि आईएमएफ के अनुमान संभावित रूप से विघटनकारी संकटों के दौरान आशावादी होते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने जिन चार बड़े संकटों का अध्ययन किया, उनमें वैश्विक विकास पर तत्काल प्रभाव का आईएमएफ का प्रारंभिक आकलन 0.5 फीसदी अंक कम था।'

क्या असर पड़ा है। ये टैरिफ 2 अप्रैल से लागू हुए थे, लेकिन अब कुछ समय के लिए रोक दिए गए हैं। वहीं बड़े देशों के बिजनेस सर्वे के नतीजे भी आने वाले हैं। इन सब जानकारियों से पता चलेगा कि ट्रंप के टैरिफ से कितना नुकसान हुआ है।

कब ठीक होंगे हालात

फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि अमेरिकी सेंट्रल बैंक मौद्रिक नीति में बदलाव करने से पहले अधिक स्पष्टता के लिए इंतजार करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। वहीं यूरोपीय सेंट्रल बैंक की प्रमुख क्रिस्टीन लेगार्ड यह नहीं, कह सकीं कि अनिश्चितता चरम पर है या नहीं। मतलब, अभी यह कहना मुश्किल है कि हालात कब तक ठीक होंगे।

कांग्रेस ने निशिकांत दुबे पर साधा निशाना, जमकर बरसे प्रदीप यादव

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने संविधान बचाओ अभियान के बहाने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे पर जमकर निशाना साधा है. 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान समेत अन्य मुद्दों के बारे में जानकारी देने के लिए बुलायी गयी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम से ज्यादा डॉ दुबे पर निशाना साधा गया. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान बचाओ अभियान समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा और समीक्षा के लिए 22 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी. प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केशव महतो कमलेश ने कहा कि बेलगामी अधिवेशन और कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 40 दिन तक संविधान बचाओ अभियान चलाया जायेगा. बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर गहण समीक्षा भी की जायेगी. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संविधान बचाऔ रैली का आयोजन किया जायेगा. इस बैठक

में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जायेगी.

प्रदेश, जिला और विधानसभा स्तर पर संविधान बचाओ रैली का आयोजन करेगी कांग्रेस

संवाददाता सम्मेलन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को निशाने पर लिया. कहा कि निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना पर जो बयान दिया है, कांग्रेस पार्टी उसकी घोर निंदा करती है. प्रदीप यादव ने कहा कि गोड्डा सांसद का यह बयान भड़काऊ और असंवैधानिक है. गहरी चिंता का विषय है.

निशिकांत दुबे के बयान को प्रदीप यादव ने लोकतंत्र के मूल स्तंभ पर सीधा प्रहार बताया

प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा नेता निशिकांत दुबे की टिप्पणी न सिर्फ अपमानजनक है, बल्कि लोकतंत्र के मूल स्तंभ पर सीधा प्रभार भी है. यह बयान न केवल न्यायपालिका का अपमान है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को डराने- धमकाने वाला भी है. यह बयान न्यायालय की स्वतंत्रता को छीनने वाला है. कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सांसद का बयान यह दशार्ता है कि यह भाजपा नेतृत्व के इशारे पर दिया गया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि बगैर नेतृत्व की सहमति के सांसद द्वारा इस तरह का वक्तव्य नहीं दिया जा सकता.

निशिकांत दुबे का बयान देश में वैमनस्यता, विद्वेष फैलाने वाला: प्रदीप यादव

उन्होंने कहा कि यह भाजपा की रणनीति का हिस्सा है. निशिकांत दुबे का यह बयान देश में वैमनस्यता, विद्वेष फैलाने वाला और देश को अराजकता की ओर धकेलने वाला है. इतने बड़े नेता के बयान से भाजपा अपना पल्ला झाड़ रही है. उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के अधिकार पर उंगली उठाना, उनके बड़बोलेपन और अल्पज्ञान का परिचायक है. संविधान की धारा 13 धारा 25 सहित कई धाराएं उच्चतम न्यायालय को शक्ति देती है कि संविधान की मूल भावना के विपरीत कोई कानून बनेगा, तो वह उसकी समीक्षा कर सकती है.

उच्चतम न्यायालय के बारे में कही गयी बातें कोर्ट की अमवमानना: कांग्रेस

प्रदीप यादव ने कहा कि इस तरह के मामले में वर्ष 1973 में केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के मामले में 13 जजों की खंडपीठ ने फैसला दिया था. निशिकांत दुबे का यह बयान सोची-समझी साजिश का हिस्सा है. कांग्रेस संविधान, लोकतंत्र, लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है. उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के संदर्भ में की गयी बातें न्यायालय की अवमानना है. क्रिमिनल रिट का मामला बनता है. उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी, तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जायेगा.

बड़बोले सांसद को बर्खास्त करे भाजपा : प्रदीप यादव

कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर भाजपा सच में इस बयान से किनारा करना चाहती है, तो अपने बड़बोले सांसद को बर्खास्त करे. इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री और भाजपा नेता देश से माफी मांगें. तभी माना जा सकता है कि भाजपा इससे दूर है. संवाददाता सम्मेलन में विधायक सुरेश बैठा, अनादि ब्रह्म, राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुंजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, राजन वर्मा भी उपस्थित थे.

एक नजर

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगे रोक

नवप्रदेश/रांची। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अजय राय ने राज्य के निजी स्कूलों द्वारा चालू शैक्षणिक सत्र में मनमाने ढंग से की गई फीस वृद्धि, एनुअल चार्ज, री-एडमिशन फीस एवं विभिन्न शुल्कों की वसूली को गैरकानूनी करार देते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही अभिभावकों की शिकायतें इस बात का प्रमाण हैं कि स्कूल प्रबंधन ट्यूशन फीस के अतिरिक्त विभिन्न मदों में अवैध रूप से शुल्क वसूल कर छात्रों व उनके अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 का उल्लंघन है, जिसके अंतर्गत बिना सक्षम प्राधिकरण की पूर्व स्वीकृति के कोई भी फीस वृद्धि अवैध मानी जाती है। श्री राय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विधानसभा में चर्चा के बावजूद आज तक किसी भी जिले में उपायुक्तों द्वारा इस विषय पर कोई ठोस बैठक नहीं की गई, जो राज्य सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार इस कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करे और वर्तमान सत्र में की गई फीस वृद्धि पर रोक लगाए। साथ ही उन्होंने झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (JET) को सक्रिय करने और प्रत्येक जिले में एक फीस रेगुलेटरी कमेटी गठित कर फीस संरचना की निगरानी करने की आवश्यकता बताई। अगर सरकार शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाती है, तो झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन सड़कों पर उतरने और राज्यव्यापी आंदोलन की दिशा में कदम उठाने को बाध्य होगी, अजय राय ने स्पष्ट चेतावनी दी।

मसीह विश्वासी अपने पूर्वजों की याद में उनके कब्र में फूल चढ़ा और मोमबत्ती जला कर याद किया और एक दूसरे को मुबारकबाद दिया

निशिकांत का बयान न्यायपालिका पर हमले जैसा : आलोक

नवप्रदेश/रांची। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना पर की गई टिप्पणी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सांसद की टिप्?पणी देश की न्यायपालिका और संविधान पर हमले की तरह है। उन्होंने कहा कि यह बयान लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज में हिंसा, नफरत एवं बंटवारा फैलाने की साजिश लगती है। दूबे ने रविवार को कहा कि भाजपा के नेता बार-बार ऐसे भड़काऊ बयान देकर समाज में अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। यह वही प्रवृत्ति है, जिसे लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी चेताया था कि भाजपा लगातार संवैधानिक संस्थाओं की नींव को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। सुप्रीम कोर्ट जैसे सर्वोच्च संवैधानिक संस्थान को निशाना बनाना ठीक नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को : कमलेश

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को होगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बेलगामी अधिवेशन और कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में लिए गए फैसले के आधार पर लिया गया है। केशव कांग्रेस भवन में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संविधान बचाऔ रैली का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी।इस दौरान कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना पर दिए गए बयान की पार्टी निंदा करती है। विधायक ने कहा कि उनका यह बयान भड़काऊ और असंवैधानिक है जो गहरी चिंता का विषय है। यह बयान न्यायपालिका का सिर्फ अपमान नहीं है बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को डराने- धमकाने वाला है। न्यायालय की स्वतंत्रता को छिनने वाला है। उनका बयान दशार्ता है कि यह भाजपा नेतृत्व के इशारे पर दिया गया है। पार्टी का मानना है कि बगैर नेतृत्व की सहमति के सांसद की ओर से इस तरह का वक्तव्य नहीं दिया जा सकता। भाजपा की रणनीति का यह हिस्सा है। यह बयान देश में विद्वेष को फैलाने वाला है।

जेल अदालत का सफल आयोजन, 03 मामलों को माननीय न्यायायल के समक्ष रखा गया था

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: झालसा, राँची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा दिनांक 20.04.2025 को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, राँची में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में श्री रवि कुमार भास्कर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची, एल.ए.डी.सी. चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिपूटी चीफ श्री राजेश कुमार सिन्हा, मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव, कारापाल, काराकर्मी बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, राँची एवं अधिवक्तागण, न्यायालयकर्मी तथा बंदीगण उपस्थित थे।

विभिन्न माननीय न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, राँची में संसीमित 03 बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था। अन्य वाद में संलिप्तता के वजह से बंदी आवेदन का लाभ जेल अदालत में बंदियों को नहीं मिल पाया।

जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर में बंदियो को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात 20 बंदियों ने अलग अलग समस्याओं का निवारण हेतु रवि कुमार भास्कर,, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची, को आवेदन समर्पित किया।

आर्य समाज,राँची में साप्ताहिक सत्संग का भव्य आयोजन,डेढ़-सौ से अधिक छात्रों-शिक्षकों की सहभागिता

नवप्रदेश संवाददाता

राँची। स्वामी श्रद्धानन्द पथ स्थित आर्य समाज मंदिर,अपर बाजार,राँची में आज साप्ताहिक रविवारीय सत्संग का भव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर राजधानी के डी.ए.वी. विद्यालयों से लगभग 150 छात्रों,शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया,जिससे सत्संग को गरिमा और व्यापकता प्राप्त हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य विमलेन्द्र शास्त्री जी के निर्देशन में वैदिक हवन से हुआ,जिसमें यज्ञ प्रेमियों ने समाज कल्याण,राष्ट्रोत्थान एवं विश्व शांति की कामना करते हुए आहुतियाँ प्रदान कीं।

इसके उपरांत प्रख्यात वैदिक विद्वान डॉ. प्रद्युम्न शास्त्री जी ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के अमर ग्रंथ का भावपूर्ण पाठ प्रस्तुत किया। उनके ओजस्वी वाणी से श्रोतागण वैदिक

जीवन-दर्शन की गहराई में उतरते चले गए।

कार्यक्रम की भक्ति रस से सराबोर एक विशेष कड़ी रही—बरेली, उत्तर प्रदेश से पधारे आचार्य नेत्रपाल जी की संगीतमय भजन प्रस्तुति। उन्होंने ₹जो नियम बनाए ऋषियों ने,उन्हें मानते रहियो₹ और ₹मानव चोला दिया प्रभु ने उत्तम कर्म कमाने को₹ जैसे प्रेरणादायक भजनों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में पधारे राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता आचार्य आनंद पुरुषार्थी जी (होशंगाबाद, मध्यप्रदेश) ने अपने तेजस्वी उद्बोधन में सत्य, सदाचार और वैदिक जीवन शैली के माध्यम से आत्मिक उन्नयन और समाजोत्थान का प्रभावशाली संदेश दिया। उनका वक्तव्य श्रोताओं के हृदय में गूंजता रहा।

इस अवसर पर आर्य समाज,राँची के संरक्षक एस.एल. गुप्ता, प्रधान राजेन्द्र आर्य, मंत्री अजय आर्य, कोषाध्यक्ष संजय पोद्दार,प्राचार्य डी ए वी हेहल एस के मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ और प्रसाद वितरण के साथ हुआ,जिससे उपस्थित सभी श्रद्धालु संतुष्टि और आत्मिक शांति का अनुभव करते हुए विदा हुए।

निशिकांत दुबे ने CJI को देश में धार्मिक युद्ध होने का जिम्मेवार कह संविधान पर हमला किया

नवप्रदेश/रांची। झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना पर प्रहार कर कहा कि CJI संशोधन कानून रोकने का कोशिश किया तो देश में धार्मिक युद्ध छिड़ जाएगा जिसका जिम्मेवार स्वयं CJI होंगे। यादव ने कहा निशिकांत दुबे ने CJI को धमकी देते हुए खुलेआम टिपण्णी कर बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा बनाए गए चट्टानी संविधान को चुनौती दिया और उनके हृदय पर कठोर हमला किया है। बीजेपी सांसद के टिपण्णी से स्पष्ट हो गया कि अगर भाजपा को 400 पार या पूर्ण बहुमत मिल जाता तो निश्चित रूप से बाबा साहब अम्बेडकर का संविधान को बदल दिया जाता या खत्म कर दिया जाता। निशिकांत दुबे ने देश तोड़ने वाले समाज में धर्म जाति के बीच ध्रुवीकरण तुष्टिकरण की बात कर उखक को धमकी देना दुर्भाग्यपूर्ण एवं अत्यंत निंदनीय विषय है। यादव ने कहा कि बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने गोड्डा के साथ प्राकृतिक संसाधनों एवं प्रकृति का राज्य झारखंड का सम्मान गिराने का काम किया है ऐसे नेताओं का बहिष्कार होना चाहिए। विदित है कि निशिकांत दुबे के अमर्यादित एवं असंवैधानिक टिपण्णी के करीब 10 घंटे बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे के बयान को निजी करार दिया है लेकिन देश इतने हल्के में निशिकांत को माफ नहीं करेगा क्योंकि बीजेपी के तमाम नेता लगातार हिंदू मुस्लिम कर समाज को तोड़ने वाला और ध्रुवीकरण की बाते कर रहे है। यादव ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थिति में मोदी सरकार फेल और असहाय हो गया है,क्योंकि तमिलनाडु के राज्यपाल हो या देश के उपराष्ट्रपति या भाजपा के अनेकों सांसद नेता सभी लोग देश का सबसे बड़ा रक्षक न्यायतंत्र का प्रहरी सुप्रीम कोर्ट और CJI के खिलाफ असंवैधानिक टिपण्णी करना जैसे व्यवहारों से भारतीय संविधान पर हमला हो रहा है निश्चित रूप से देश अघोषित आपातकाल की ओर बढ़ रहा है।

झारखंड में तापमान बढ़ते ही बढ़ी परेशानी, बिजली की भी आंखमिचौली जारी

रांची। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में रविवार को प्रचंड गर्मी महसूस की गई। बढ़े तापमान के चलते लोग ठंडा पेय पीने और पेड़ों की छांव ढूंढने समेत अन्य उपाय करते देखे गए। दोपहर में अधिक तपिश महसूस की गई। वहीं मौसम विभाग के 22 अप्रैल तक झारखंड के उत्तर-पश्चिमी जिलों पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा सहित अन्य इलाकों में गर्जन, वज्रपात और 30-40 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका व्यक्त की गई है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया गया।

वहीं रांची धुर्वा सहित अन्य इलाकों में सुबह से ही बिजली की आंखमिचौली जारी रही। बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली समस्या को लेकर लोग बिजली विभाग में भी सम्पर्क भी करते देखे गए। हालांकि दोपहर के बाद बिजली की आपूर्ति सामान्य हो गई।

रांची में अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री, जमशेदपुर में 35.8, डालटेनगंज में 38.4 और बोकारो में तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

निशिकांत दुबे का बयान मोदी सरकार की सोची-समझी साजिश: दीपिका पांडेय

नवप्रदेश संवांददाता

रांची। झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सांसद के बयान को मोदी सरकार की सोची-समझी साजिश बताया है. मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट को दबाने, डराने और बदनाम करने के लिए रणनीति बनाने का भी आरोप लगाया है. उन्होंने कहा जब भ्रष्टाचार और सत्ता की मिलीभगत बेनकाब होती है तो ऐसे नेता बकवास करते हैं.

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बीजेपी पर बोला हमला

सांसद निशिकांत दुबे के विवादित बयान पर झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा ह्लनिशिकांत दुबे की जुबान नहीं फिसली, ये मोदी सरकार की सोची-समझी रणनीति है – सुप्रीम कोर्ट को दबाने, डराने और बदनाम करने की. जब CJI पर भड़काने का आरोप लगाया जाता है, तो समझिए कि सत्ता के अहंकार ने अब लोकतंत्र की जड़ें हिलाने की ठान ली है। ये सीधा अपमान है संविधान का, न्यायपालिका का और देश के हर नागरिक का. सत्ता की सनक में अंधे हो चुके हैं – पर ये भारत है, यहाँ अदालतें बिकती नहीं, झुकती नहीं.

सांसद ने भारत के संविधान पर हमला किया : दीपिका पांडेय

मंत्री ने सांसद निशिकांत दुबे के बयान को भारत के संविधान, न्यायपालिका और आम नागरिक पर सीधा हमला बताया है. उन्होंने कहा जब भ्रष्टाचार और सत्ता की मिलीभगत बेनकाब होती है तो ऐसे नेता बकवास करते हैं. निशिकांत

दुबे का सुप्रीम कोर्ट पर हमला सिर्फ एक टिप्पणी नहीं, बल्कि देश की न्यायिक आत्मा पर हमला है. मंत्री ने कहा सुप्रीम कोर्ट केवल न्याय का मंदिर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की अंतिम चौकी है, जो इसकी गरिमा पर हमला करता है, वह संविधान की आत्मा को ललकारता है.

सांसद निशिकांत दुबे का विवादित बयान

सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार (19 अप्रैल) को सुप्रीम कोर्ट पर गंभीर सवाल उठायें. उन्होंने कहा अगर सुप्रीम कोर्ट ही कानून बनायेगी तो फिर संसद भवन बंद कर देना चाहिए. इतना ही नहीं सांसद ने देश में गृह युद्ध के लिए भी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना को जिम्मेदार बताया है. भड़कते हुए सांसद ने कहा, सुप्रीम कोर्ट विधायिका द्वारा पारित कानूनों को रद्द करके संसद की विधायी शक्तियों को अपने हाथ में ले रहा है. यहां तक कि राष्ट्रपति को निर्देश भी दे रहा है, जो सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी हैं. हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके इस बयान से किनारा करते हुए इसे उनका निजी बयान करार दिया है.

निशिकांत दुबे के बयान पर भड़का झामुमो

नवप्रदेश/रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उनके बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कोर्ट से कार्रवाई की मांग की है. झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि देश में तानाशाही इस स्तर पर पहुंच गयी है कि अब सांसद अदालतों को चुनौती दे रहे हैं. मनोज पांडेय ने आगे कहा कि क्या ये लोग देश में मौजूद जजों से अधिक विद्वान हैं? अगर ये बहुमत की आड़ में कुछ भी करेंगे तो क्या कोर्ट चुप रहेगा. जब अदालत इनके पक्ष में फैसला देता है तो ये कहते हैं कि न्यायपालिका लोकतंत्र का तीसरा स्तंभ है. अदालत को इस तरह के बयानों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए. यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. वहीं, झामुमो जामताड़ा भी गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर तंज कसते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि जाते हुए हाथी के पीछे अक्सर कौन शोर मचाता है साथियों? बकते बकते ये अक्सर लिफाफे से निकल जाते हैं.

महाधरना | **झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, कोर कमिटि की बैठक आयोजित**

23 अप्रैल के वैश्य अधिकार महाधरना को सफल बनाने का संकल्प

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, कोर कमिटि की बैठक रांची के कांके सुकुरहुट्टू स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवास में आयोजित की गयी. 23 अप्रैल को राजभवन के समक्ष होने वाले वैश्य अधिकार महाधरना एवं सदस्यता अभियान के मुद्दे को लेकर यह बैठक आयोजित की गयी थी. इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया. बैठक में चर्चा करते हुए कहा गया कि झारखंड में ओबीसी और वैश्यों

के साथ छल किया जा रहा है. ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गयी जमीन वापस दिलाने, ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने, वैश्य समाज पर हो रहे हमलों, पुलिसिया जुल्म आदि मांगों को लेकर वैश्य मोर्चा लगातार आवाज उठाती रही है और राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को मांग-पत्र देती रही है, लेकिन इतनी बड़ी आबादी को हमेशा नजरंदाज किया जाता रहा है. इसलिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ कर अपना अधिकार लिया जायेगा. बैठक में महाधरना से संबंधित पर्चा जारी करते हुए आज से ही पूरे झारखंड वितरित करने का निर्णय लिया गया.

बैठक में तय किया गया कि वैश्य दिवस 23 अप्रैल को सर्वप्रथम धरना स्थल पर ही दानवीर भामाशाह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आगे की लड़ाई का संकल्प लिया जायेगा. धरना-प्रदर्शन के अंत में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को एक बार फिर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा.

इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, श्रीमती रेखा मंडल, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, शिव प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, मुख्य प्रवक्ता बीरेन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु (रांची), मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, महावीर साहु, हृदय अग्रवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, सचिव आदित्य पोद्दार, छात्र मोर्चा अध्यक्ष युवराज साहु आदि उपस्थित थे।

वायु सेना के अद्भुत प्रदर्शन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड खोजा टोली में आयोजित एयर शो में भारतीय वायु सेना ने अद्भुत प्रदर्शन से दूसरे दिन रविवार को दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही आयोजित एयर शो का समापन हो गया। रविवार होने की वजह से स्कूल और कॉलेजों में अवकाश के चलते एयर शो को देखने के लिए छात्र-छात्रा और युवा पहुंचे थे। उनके साथ उनके अभिभावकों की भी उपस्थिति देखी गयी। एयर शो में नौ फाइटर जेट्स सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम के जांबाजो के हैरतअंगेज करतब को देखकर उपस्थित लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं जब विमान की गर्जना आकाश में सुनाई दी तो दर्शकों ने भारत माता के जयकारों से फिजा को गुंजायामान कर दिया। एयर शो के दौरान सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम आसमान में मनोहर एवं हैरतअंगेज कारनामे से सब को हैरत में डाल दिया। रांची के





आसमान में वायु सेना के विमान ने तिरंगे को लहराया। भारतीय वायु सेवा के ये विमान पांच मीटर की दूरी बनाते हुए एक साथ उड़ान भरते नजर आए।

अलग-अलग दिशाओं से अपनी गति और अनुशासन का प्रमाण देते हुए अलग-अलग आकृतियां आसमान में बनाया । इसके अलावा विमान उल्टी उड़ान भरते भी नजर आए। टीम के पायलट, भारतीय वायु सेवा के बेहतरीन फाइटर पायलट हैं। टीम ने छह महीने कठिन परिश्रम कर अपनी तैयारी पूरी की थी ।

इस भव्य कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

सूर्यकिरण टीम की रोमांचकारी करतबों ने लोगों का मोहा मन

एयर शो में सूर्यकिरण टीम की रोमांचकारी करतबों ने लोगों का मन मोह लिया।

फॉर्मेशन फ्लाइंग: टीम के विमान एक सटीक फॉर्मेशन में उड़ते हुए, डायमंड, एरोहेड या विक फॉर्मेशन किया यह करतब टीम के पायलटों के बीच उत्कृष्ट समन्वय और संचार कौशल का प्रदर्शन करता है।

एयरोबेटिक मैन्यवर्स: टीम के पायलट विभिन्न एयरोबेटिक करतब जैसे कि लूप्स, रोल्स, स्पिन्स और इमेलमन टर्न्स किया । ये करतब विमान की गति को प्रदर्शित करते हैं।

क्रॉसओवर और इंटरसेप्ट: टीम के विमान एक दूसरे के करीब से गुजरते हुए विभिन्न पैटर्न्स में उड़े। यह करतब टीम के पायलटों के बीच उच्च स्तर की जागरूकता और नियंत्रण का प्रदर्शन करता है।

स्मोक ट्रेल्स: टीम के विमान स्मोक ट्रेल्स छोड़ते हैं, जो आसमान में रंगीन धुएं के निशान बनाते हैं। यह करतब प्रभाव को बढ़ाया और दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव कराया।

सोलो और सिंक्रोनाइज्ड मैन्यवस: टीम के पायलट सोलो और सिंक्रोनाइज्ड करतब किया, जो उनकी व्यक्तिगत और सामूहिक क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

इनके अलावा भी कई करतब इस एयर शो में देखने को मिला। सूर्यकिरण टीम के द्वारा इन शानदार प्रदर्शन न केवल दर्शकों को मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि भारतीय वायु सेना की क्षमताओं और कौशल को भी प्रदर्शित किया। यह टीम देश के लिए गर्व का प्रतीक है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, न्यायाधीश झारखण्ड उच्च न्यायालय आनंदा सेन और झारखंड सरकार के वरीय अधिकारी, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल सहित सेना एवं जिला के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को : कमलेश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को होगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बेलगामी अधिवेशन और कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में लिए गए फैसले के आधार पर लिया गया है। केशव कांग्रेस भवन में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संविधान बचाऔ रैली का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना पर दिए गए बयान की पार्टी निंदा करती है। विधायक ने

कहा कि उनका यह बयान भड़काऊ और असंवैधानिक है जो गहरी चिंता का विषय है। यह बयान न्यायपालिका का सिर्फ अपमान नहीं है बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को डराने-धमकाने वाला है। न्यायालय की स्वतंत्रता को छिनने वाला है। उनका बयान दशार्ता है कि यह भाजपा नेतृत्व के इशारे पर दिया गया है। पार्टी का मानना है कि बगैर नेतृत्व की सहमति के सांसद की ओर से इस तरह का वक्तव्य नहीं दिया जा सकता। भाजपा की रणनीति का यह हिस्सा है। यह बयान देश में विद्वेष को फैलाने वाला है। संवाददाता सम्मेलन में विधायक सुरेश बैठा,अनादि ब्रह्म,राकेश सिन्हा,सतीश पाल मुजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह राजन वर्मा भी उपस्थित थे।

श्री शिव मंडा पूजा हेसाग में झूलन के साथ संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। झूलन के क्रम में भोक्ता के द्वारा आसमान से फूल बरसा कर शिव-पार्वती का आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सेठ नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में रहे उपस्थित। श्री शिव मंडा पूजा समिति हेसाग के द्वारा विगत 70 से 80 वर्षों से लगातार महादेव मंडा पूजा का आयोजन किया जा रहा है, हटिया हेसाग स्थित दसई जतरा मैदान में झूलन एवं नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, जगन्नाथपुर के थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह, ठाकुर जुगल किशोर नाथ शाहदेव, दुर्गेश यादव ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि झारखंड की संस्कृति की खूबसूरती है कि सभी आपसी भाईचारे के साथ सभी पर्व मनाते हैं, महादेव मंडा एक पुरानी कथा के अनुसार झारखंड के सभी भक्त आस्था के साथ अपने गांव समाज राज्य की प्रगति की कामना हेतु प्रार्थना करते हैं। साथ ही संबोधन के क्रम में मैदान के विकास से संबंधित कार्यों की करने की

स्वीकृति प्रदान किया, जिसमें मैदान की साज सज्जा, चार दिवारी, सोलर लाइट, स्टेज बनाने का कार्य शामिल है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ठाकुर जुगल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि मेरे पूर्वजों के द्वारा विभिन्न पूजा के लिए 7 एकड़ 85 डिसमिल भूमि समस्त हेसाग के ग्रामीणों को पूजा के लिए दी गई है, जिसका संरक्षण एवं संवर्धन यहां के ग्रामीण काफी अच्छे से कर रहे हैं, और अपनी संस्कृति को बचाए रखे हैं,मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के सहायता व आवश्यकता पर उपस्थित रहूंगा। मंच संचालन कर रहे मंडा पूजा समिति के आयोजक छात्र नेता दुर्गेश यादव ने कहा कि तीन गांव कि पूजा यहां की उन्नति, समृद्धि एवं विकास के लिए जरूरी है, संजय सेठ जी के द्वारा दसई जतरा मैदान में चारदीवारी ,सोलर लाइट ,स्टेज लगाने की स्वीकृति हेतु आभार प्रकट करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौके पर भाजपा हटिया मंडल के अध्यक्ष राम मनोज साहू, ठाकुर युगल किशोर नाथ शाहदेव, पुरोहित मनोज पांडे, प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र गिरी, सबिता लिंडा, प्रताप सिंह, नंदु मिर्धा, गुड्डू सिंह, संतोष मिश्रा, प्रदीप गोप, रीना सिंह, महेंद्र मिर्धा, समुद्र मिर्धा, राजबली सिंह, विजय साहू, लाल किशोर जी, दीपक बैठा, हरीश लिंडा, प्रकाश, मादी एवं हेसाग गांव के तीनों टोला क्रमशः सदान टोली, ऊरांव टोली, लेटेंगा टोली के समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

राज्य सरकार जाति, धर्म व भाषा के आधार पर नहीं बांटती हैं योजनाएं : शिल्पी नेहा तिर्की

बेड़ो/इटकी (नव प्रदेश)। बेड़ो व इटकी प्रखंड कार्यालय में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लाभुकों के बीच योजनाओं का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार योजनाओं को जाति, धर्म व भाषा के आधार पर नही बांटती है। राज्य के जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ देने और उनके आंसू पोंछने का काम करती है। सरकार का लक्ष्य गांव घर के लोगों को मजबूत बनाना है। प्राकृतिक आपदा की मार झेल चुके लोग, सड़क दुर्घटना में अपनों को खोने वालों के परिवार को योजनाओं का लाभ देकर उन्हें मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। तिर्की ने कहा कि राज्य की जनता योजनाओं के चक्कर में नहीं फंसें। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, बुर्जुगों की पेंशन, महिलाओं की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दे रही है। बेड़ो में प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले 170 लोगों को सरकारी मुआवजा दिया गया। वहीं 36 महिलाओं को सिलाई मशीन, पांच लोगों की सड़क दुर्घटना मुआवजा, तीन लोगों को पशु क्षति राशि सहित दूसरी योजनाओं का लाभ दिया गया है। वहीं इटकी प्रखंड कार्यालय परिसर में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 20 महिलाओं को सिलाई मशीन, पांच लाभुकों को किसान समृद्धि योजना के तहत सौर ऊर्जा चालित पंप, 18 लाभुकों को मकान क्षति का मुआवजा सहित सड़क दुर्घटना, पानी में बने से राशि का वितरण किया। मौके पर दोनों प्रखंड के बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ अनीस, जिप सदस्य बेरूनिका कच्छप, प्रमुख विनीता कच्छप, जेएसएलपीएस के बीपीएम नितेश कुमार, उप प्रमुख मुदसिर, रमेश महली, राजन किस्पोट्टा, भानू सिंह, नवल सिंह मौजूद थे।

जयराम महतो ने एयर शो पर की तारीफ, लेकिन संजय सेठ से विस्थापितों का हक भी मांगा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची में दो दिन का एयर शो आयोजित किया गया था। आज एयर शो का समापन हो गया। यह शो रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में किया जा रहा था। इस आयोजन को डुमरी विधायक जयराम महतो ने भी सराहनीय बताया है। लेकिन दूसरी तरफ उन्होंने विस्थापितों का हक भी मांगा है। जयराम महतो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने संजय सेठ को कहा है कि आज

राजधानी रांची में झारखंड के माननीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से भव्य एयर शो का आयोजन किया गया है। सराहनीय है। मंत्री जी, झारखंड के विस्थापित मारे जा रहे हैं। उनका शोषण किया जा रहा है। ये राज्य का निहायत ही गंभीर मसला है। राज्य की जनता अपना हक और अधिकार चाहती है। प्रेम महतो सहित अनेकों शहीदों की शहादत की बुनियाद पर पनपा ये राज्य आज भी अपने संवैधानिक हक और अधिकार से वंचित है। वर्तमान में इस राज्य ने दो-दो केंद्रीय मंत्री दिए हैं।

बैठक | **झारखंड एथलेटिक एसोसिएशन की बैठक**

सेफ गेम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड ओलंपिक कार्यालय मोरहाबादी रांची में रविवार को झारखंड एथलेटिक एसोसिएशन की एक बैठक हुई जिसमें आगामी सेफ गेम 2025 के लिए आवश्यक दिशा निर्देश एथलेटिक्स एसोसिएशन प्लानिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर मधुकांत पाठक द्वारा ऑर्गेनाईजिंग कमेटी के सदस्यों एवं तकनीकी पदाधिकारियों को दी गई। सेफ गेम सफलतापूर्वक करना है इसके लिए कमेटी के सदस्यों एवं तकनीकि पदाधिकारियों के साथ एथलेटिक्स मैदान में कहां पर स्टेज, विक्ट्री जोन, एथलीट साक्षात्कार एरिना, वी आई पी सिटिंग, वी आई पी एंट्रेंस, फोटो फिनिश कैमरा, लाइव स्ट्रीमिंग, एथलीट चेंजिंग रूम, पोस्ट इवेंट कंट्रोल रूम, नाडा एवं वाडा रूम, सैफ सेक्रेटेरिएट रूम, डायरेक्ट्रेट रूम, एवं एक-एक फंक्शनल एरिया पर विचार विमर्श एवं दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रभाकर

कुमार वर्मा कार्यकारी सचिव झारखंड एथलेटिक्स संघ, सुनील कुमार रिटायर्ड फुटबॉल कोच साइ, एम वी राव, बिनोद कुमार, राम प्रसाद, शिव रमन, घनश्याम उपाध्याय, धर्मेंद्र पासवान, उमेश दास, शत्रुध्न कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, जी बाबुदेव, टिंकू कुमार, अनिमा द्विवेदी, अन्ना गौरती मिंज, प्रेम कुमार, नरेश कुजूर, राघवेन्द्र कुमार, कृष्णा कुमार, श्रीजय कुमार, संतोष कुमार, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, विकाश कुमार, श्याम उरांव, तन्नू सांगा आदि उपस्थित थे।

श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ 203वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन

रांची (नव प्रदेश)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 203 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा धाम के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एव भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में खिचड़ी भोग का विधिवत भोग पुजारी बिनोद कुमार तिवारी द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात्य मंदिर परिसर में ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायको ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। तत्पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन कीर्तन में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, निर्मल जालान,नंदकिशोर चौधरी, सुरेश भगत, सुनील पोद्दार, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार,चिरंजीवी लाल खंडेलवाल,विशाल जालान,विधा देवी अग्रवाल, रेखा पोद्दार, आशा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

एक नजर

ब्रह्माकुमारी संस्थान ने दी दादी रतन मोहिनी को श्रद्धांजलि

रांची (नव प्रदेश)। ब्रह्माकुमारी संस्था न की प्रमुख प्रशासनिका दादी रतन मोहिनी की स्मृति में रविवार को ब्रह्माकुमारीज के हरमू रोड स्थित केंद्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित की गई। मौके पर राज्यी सरकार के संयुक्त सचिव अमीय नंदन अग्रहरिने कहा कि दादीजी ने अपना सम्पूर्ण जीवन तपस्या और मानव सेवा को समर्पित कर हम सभी के लिए अध्यात्म का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन केवल संस्था के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता के अनुकरणीय है। मौके पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी की दिव्य उपस्थिति आध्यात्मिक पथ को रौशन करते रहेंगे और लाखों लोगों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। प्रेम सादगी और उच्च दृष्टि और उनका विरासत हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेगी।

शिक्षा न्यायाधिकरण को लागू करे सरकार : अजय

रांची (नव प्रदेश)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य के निजी स्कूलों की ओर से चालू शैक्षणिक सत्र में मनमाने ढंग से की गई फीस वृद्धि, एनुअल चार्ज, री-एडमिशन फीस और विभिन्न शुल्कों की वसूली को गैरकानूनी करार देते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने रविवार को कहा कि लगातार मिल रही अभिभावकों की शिकायतें इस बात का प्रमाण हैं कि स्कूल प्रबंधन ट्यूशन फीस के अतिरिक्त विभिन्न मदों में अवैध रूप से शुल्क वसूल कर छात्र और उनके अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। राय ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 का उल्लंघन है। इसके अंतर्गत बिना सक्षम प्राधिकरण की पूर्व स्वीकृति के कोई भी फीस वृद्धि अवैध मानी जाती है। राय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विधानसभा में चर्चा के बावजूद अब तक किसी भी जिले के उपायुक्त ने इस विषय पर कोई ठोस बैठक नहीं की है, जो राज्य सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

रांची (नव प्रदेश)। रक्तदान है महादान इसी भाव को आदर्श मानते हुए मारवाड़ी युवा मंच, राँची शाखा द्वारा दिनांक 20 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे से भारतीय युवक संघ ,दुर्गा मंदिर, बकरी बाजार के परिसर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में मंच के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 29 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह रक्तदान शिविर नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक एवं उनकी टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे विशेष रूप से उपस्थित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष विशाल पाडिया, मंडलीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय सहायक मंत्री विकास अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया, प्रांतीय रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल एवं रांची शाखा के पूर्व अध्यक्षगण राज कुमार जी अग्रवाल,अमित चौधरी का पुष्प दे कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मंच रक्तदान प्रभारी युवा विष्णु अग्रवाल एवं युवा प्रवीण अग्रवाल के प्रयास एवं मंच के युवा सदस्यों की उपस्थिति और सहयोग से यह शिविर सफल हो पाया।

सोनेट प्रीमियर लीग: चौथा दिन थंडर्स और अवेंजर्स जीते

रांची (नव प्रदेश)। सोनेट प्रीमियर लीग के चौथे दिन आज दो मैच खेलेंगे जिसमें सोनेट थंडर्स और सोनेट अवेंजर्स की टीम ने अपने-अपने मैच जीत के पूरे अंक अर्जित किया पहले मैच में थंडर्स की टीम ने स्ट्राइकर की टीम को 25 रनों से हराया वही अवेंजर्स की टीम ने वॉरियर्स को 60 रनों से पराजित किया। थंडर्स की इस जीत में विशाल के 56 और पंकज के 53 रन उल्लेखनीय रहे अभिषेक को तीन और नवनीत झा को दो विकेट मिले जवाबी पारी में स्ट्राइकर की टीम 136 रन बनाकर आउट हो गई नवनीत ने 38 और नीतीश ने 22 रनों का योगदान किया रितिक आनंद ने 27 रन देकर 4 विकेट लिए दूसरे मैच में अवेंजर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 169 रन बनाएं जिसमें राजीव ने 43 मनीष ने 35 और हिमांशु ने 33 रनों का योगदान किया राज को तीन विकेट मिले वॉरियर्स टीम 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गए जिसमें कमल किशोर ने 23 आशुतोष ने 16 रन बनाए सचिन तिवारी ने 39 रन के तीन आयुष और आदित्य राज को दो-दो विकेट मिले अवेंजर्स के सचिन तिवारी और थंडर के ऋतिक आनंद को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत 20 मई 2025 को झारखंड में आम हड़ताल की घोषणा

रांची (नव प्रदेश)। रांची में आयोजित मजदूरों के राज्य स्तरीय संयुक्त कन्वेंशन में आठ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र फेडरेशनों और यूनियनों की अभूतपूर्व एकजुटता के तहत एक स्वर में यह घोषणा की गई कि देश का मजदूर वर्ग श्रम संहिताओं को उनके प्रस्तावित स्वरूप में लागू नहीं होने देगा और इसके लिए मजदूर वर्ग निर्णायक संघर्ष के उद्देश्य से 20 मई 2025 को देशव्यापी आम हड़ताल के अलावा पूरे देश में कार्यस्थलों से लेकर सड़कों तक अवज्ञा और प्रतिरोध के रूप में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करेगा। कन्वेंशन की अध्यक्षमंडल में संजीव श्रीवास्तव (इंटक), अशोक यादव (एटक), भवन सिंह (सीआईटीयू), जगन्नाथ उरांव (एआईसीसीटीयू), राजीव कुमार तिवारी (एआईयूटीयूसी) शामिल थे। सम्मेलन का उद्घाटन वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कॉ0 रामेंद्र कुमार ने किया ,सम्मेलन की विषय-वस्तु और दृष्टिकोण पर बिश्वजीत देब ने विचार रखे। संजीव सिन्हा (इंटक), अम्बुज ठाकुर (एटक), आर.पी.सिंह (सीटू), शुभेंदु सेन (एआईसीसीटीयू), मोहन चौधरी (एआईयूटीयूसी) एवं रमेश सिंह (एचएमएस) जैसे केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के अलावा विभिन्न कर्मचारी महासंघों की ओर से वाईपी सिंह, एम एल सिंह, बैजनाथ सिंह, महेंद्र सिंह, बीरेंद्र यादव, अंजनी कुमार, सुनील शाह ,एल एल महतो, बेलाल, सरिता किंडो ने, घोषणापत्र का समर्थन करते हुए अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में बैंकिंग, कोयला, इस्पात, राज्य सरकार के कर्मचारी संगठनों के अलावा, सीमेंट, बिजली, सेल्स प्रमोशन के साथ-साथ अनुबंधित, आउटसोर्स तथा अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक जैसे आशा, आंगनवाड़ी, मिड डे मील कर्मी, गिग वर्कर, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक आदि जैसे अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की भारी उपस्थिति देखी गई। किसान नेता सुफल महतो (झारखंड किसान सभा) और बीएन सिंह (एआईकेएमएस) नेताओं ने भी सम्मेलन को संबोधित किया और हड़ताल के समर्थन में 20 मई को ग्रामीण बंद की घोषणा की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि, श्रम संहिताओं लागू होने के पहले से ही स्थायी नौकरी का ठेकाकरण, मौजूदा श्रम कानूनों के बड़े पैमाने पर उल्लंघन, ठेका, आउटसोर्स, अनुबंध तथा अभी तक कानूनी रूप से अपरिभाषित श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा का इनकार करने के अलावा बुनियादी एवं कानूनी ट्रेड यूनियन गतिविधियों को रोकते या प्रतिबंधित करते हुए श्रमिकों के बीच भय का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रेड यूनियन नेताओं और कार्यकताओं का निलंबन, बर्खास्तगी और यहां तक कि झूठे मामलों में गिरफ्तारी आदि के जरिए परेशान किया जा रहा है।श्रम संहिताओं का उद्देश्य इन सभी वर्तमान, कानून उल्लंघनकारी गतिविधियों को कानूनी मंजूरी देना है। इन सबके अतिरिक्त न तो अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठनों की सिफारिशों को लागू किया जा रहा है और न ही 2015 से भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाया जा रहा है। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की 17 सूत्री मांगों को नकारा जा रहा है। इनके अलावा जन कल्याणकारी मदों के लिए बजटीय आवंटन में लगातार कटौती, आम जनता पर कर का बोझ, सार्वजनिक क्षेत्रों का विनाशकारी निजीकरण, मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने और रोजगार सृजन में विफलता, जनविरोधी नीतियों के कारण बढ़ती असमानताएं जनता की पीड़ा को बढ़ाती जा रही हैं। मजदूर वर्ग सहित आम जनता पर इस तरह के विनाशकारी हमलों के सामने एकजुट मजदूर वर्ग आंदोलन मूकदर्शक नहीं रह सकता। वक्ताओं ने याद दिलाया कि सितंबर 2020 में 29 मौजूदा श्रम कानूनों को निरस्त करके श्रम संहिताओं (4 श्रम संहिताओं) को संसद में पारित करने के बावजूद, देशव्यापी एकजुट श्रमिक आंदोलन के कारण ही, केंद्र सरकार चार साल से अधिक समय से 4 श्रम संहिताओं को लागू करने की अधिसूचना जारी नहीं कर पाई है।

थाने में लगी आग, 44 वाहन जलकर खाक

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। मेदिनीनगर शहर थाना परिसर में रविवार को आग लगने से जब्त सामान सहित 44 वाहन जलकर खाक हो गये। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में दमकल की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाया जा सका। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जतायी जा रही है। आग लगने से थाना परिसर में एक घंटे तक अफरा तफरी का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार शहर थाना परिसर में स्थित मंदिर के पीछे बड़ी संख्या में जब्त सामान सहित अन्य वाहन लगाकर रखे गए थे। अचानक इन वाहनों से आग की लपटे उठती दिखी। सूचना मिलते ही तुरंत शहर थाना के जवान और पुलिस पदाधिकारी सक्रिय हो गए। अगलगी में गाड़ियों के टायर, मोबिल, सीट, तेल से आग और भयावह रुप ले लिया। बाद में छानबीन करने पर बताया गया कि 40 मोटरसाइकिल, एक बस, एक ऑटो, एक ई रिक्शा और एक कार जलकर नष्ट हो गई है। जिस जगह घटना हुई उससे सटकर बिजली का खंभा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि बिजली के खंभे से ही आग भड़की और देखते-देखते वाहनों को चपेट में ले लिया।

शहर थाना में लगी आग की लपटे इतनी ऊंची उठ रही थी कि इसका काला धुआं पूरे शहरी क्षेत्र में फैल गया था।

पद्मभूषण कड़िया मुंडा 90 वर्ष के हुए, लोगों ने दी बधाई

नव प्रदेश संवाददाता

खूंटी। खूंटी संसदीय सीट से आठ बार लोकसभा चुनाव जीत कर कीर्तिमान स्थापित करने वाले लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा रविवार को 89 वर्ष की आयु पूरी कर 90 वें वर्ष में प्रवेश कर गए। जन्मदिन पर कड़िया मुंडा को बधाई देने के लिए रविवार को भाजपा के कई कार्यकर्ता उनके अनिगड़ा गांव स्थित पैतृक आवास में जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु होने और पूरी तरह से स्वस्थ रहने की कामना की। बधाई देने वालों में मनोज कुमार, ज्योतिष भगत, कृष्णानंद तिवारी, अनूप साहू, जयप्रकाश भाला, गोवर्धन मानकी, मुनि महादेव मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

पलामू गतका संघ के पांच गतकाबाज खेलेंगे नेशनल एसजीएफआई

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधरी ने नेशनल एसजीएफआई जानें वाले खिलाड़ियों को दही शक्कर खिलाकर उनका हौसला बुलंद किया मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा की आप तमाम गतकाबाज खिलाड़ी पलामू जिला के लिए खेल में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है मुझे उम्मीद है इस बार फिर पलामू गतका टीम झारखंड के लिए पदक ले कर आएगी। एसजीएफआई के लिए चयनित आप पांचों गतकाबाज हमारे पलामू जिला की शान है आपकी मेहनत रंग लाएगी मेरा ढेर सारा आशीर्वाद आपके साथ है । मौके पर जिला सचिव सुमित बर्मन ने कहा की नेशनल एसजीएफआई का आयोजन दिल्ली में 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें पलामू जिला के द कराटे एकेडमी से काजल कुमारी, संत मरियम स्कूल से रौशन कुमार, सन्नी कुमार, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल से चांदनी कुमारी, ब्राइट लैंड स्कूल से जीत तिवारी का चयन झारखंड सरकार ने किया है इन सभी खिलाड़ियों को आने जानें की सारी सुख सुविधा झारखंड सरकार उठा रही है। एसजीएफआई जानें वाले सभी खिलाड़ियों को झारखंड गतका संघ के अध्यक्ष केशव कुमार , सचिव विद्या, कोऑर्डिनेटर पप्पू सिंह ने बधाई दी। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ो की संख्या में कराटे एकेडमी के बच्चें और पलामू कबड्डी संघ के सचिव दीपक तिवारी, द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के प्रशिक्षक अमरेश कुमार, गतका संघ के सहसचिव दिपेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

यीशु मसीह के जी उठने की खुशी में मनाया गया ईस्टर संडे

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू । पलामू जिले में ईस्टर संडे रविवार को पुनरुत्थान पर्व के रूप में मनाया गया। सुबह में डालटनगंज के आबादगंज कब्रिस्तान पर जाकर पूर्वजों की कब्र में मोमबत्ती और फूल माला चढ़ाकर याद किया। यूनियन चर्च में सुबह छह बजे से चर्च आराधना की गई। इसमें यीशु मसीह के जी उठने का संदेश लोगों को दिया गया। मिस्सा अनुष्ठान किया गया। मौके पर पादरी प्रभु रंजन मसीह ने कहा कि गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद ईस्टर संडे मनाया जाता है। इस दिन प्रभु यीशु जीवित हो उठे थे। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने पर खुशी में यह उत्सव मनाया जाता है। जब प्रभु यीशु को को सूली पर चढ़ाया गया तो उनके अनुयायियों में निराशा छा गई थी। लेकिन तीन दिन बाद रविवार के दिन यीशु मसीह जीवित हो उठे, तो उनके अनुयायियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

प्रभु यीशु ने अपने अनुयायियों को ज्ञान का उपदेश दिया। उन्हें धर्म, कर्म, शांति एवं मानवता का पाठ पढ़ाया। यीशु मसीह का जी उठना विश्वासियों को संदेश देता है कि बिगड़ी हुई परिस्थितियों में भी मनुष्य ईश्वर पर भरोसा रखकर जीवित रहा जा सकता है। प्रार्थन सभा में प्रभु यीशु की महिमा का बखान किया गया। मौके पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक स्वागत और प्रार्थना गीत गाए। मौके पर डा. नीलम होरो, डा डोरा, बबली, रिंकी, नीलम, विलसन, अनुराग, अर्पण सहित काफी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे।

इसी तरह स्टेशन रोड स्थित शांति की महारानी गिरिजाघर में सुबह सात बजे ईस्टर की चर्च आराधना हुई। मुख्य अनुष्ठाता फादर संजय गिद्ध के नेतृत्व में चर्च आराधना और अन्य धर्म विधि संपन्न हुई। इसमें उनका सहयोग पल्ली पुरोहित अरविंद मुंडा, अनीस ने किया। पुरोहितों ने कहा कि प्रभु यीशु ख्रीस्त पुनर्जीवित हो उठे, यह हमारे लिए आशा का संदेश है।

सीएनआई चर्च, रेड़मा में सुबह छह बजे से चर्च आराधना शुरू हुई। पादरी संजीत खलखो ने चर्च आराधना संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि जिस तरह क्रूस मृत्यु के बाद प्रभु यीशु का पुनरुत्थान हुआ और वे पुनर्जीवित हो उठे, उसी तरह मृत्यु के बाद मसीही विश्वासियों का भी पुनरुत्थान होगा।

मौके पर मसीद्धान गिद्ध, अलबन खाखा, अनुकरण तिर्की, सुनील तिर्की, हीरामणि तिर्की, सन्नी जान सहित मसीही समाज के कई लोग मौजूद थे।

जिनकी जितनी आबादी उनकी उतनी हिस्सेदारी दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है : बिट्टू पाठक

नव प्रदेश संवाददाता



पलामू । रविवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने कांग्रेस पार्टी का सदस्यता लिया ।मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि जिनकी जितनी आबादी उनकी उतनी हिस्सेदारी दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है आज सैकड़ो की संख्या में युवाओं और महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किये उन्होंने राहुल गांधी के न्याय योजना का प्रस्ताव जिसका उद्देश्य गरीब परिवार को न्यूनतम आय प्रदान करना जिसके साथ ही किसानों के लिए समर्थन बढ़ाने और उनकी आय दुगनी करने के लिए कई योजनाएं का प्रस्ताव उनके पास है महिला सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए हैं जैसे कि महिलाओं के लिए शिक्षा और रोजगार का अवसर बढ़ाना राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया है और कई भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों का समर्थन किया है राहुल गांधी ने किसानों के लिए ऋण माफी की योजना को ले जिन राज्यों में कांग्रेस पार्टी का सरकार बनी वहां पर किसानों का ऋण माफी किया गया यह तमाम कार्यों को देखकर आज बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी का दामन थामे है इनकी आशा और भविष्य कांग्रेस पार्टी दिख रहा है जिसको देखते हुए कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किए हैं कांग्रेस के विचारधारा से प्रभावित होकर राहुल गांधी जी के नेतृत्व मैं आस्था जताते हुए सैकड़ो युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा पलामू जिला में लगातार युवाओं का रुझान कांग्रेस की और प्रत्येक दिन बढ़ रहा है मौके पर प्रखंड पर्यवेक्षक समीम अहमद रायन ओम प्रकाश अमन ईश्वरी प्रसाद सिंह शैलेश चंद्रवंशी अशोक तिवारी मिट्ठू खान देवगं शुक्ला सौरव पांडे अमिताब शर्मा छोटू चंद्रवंशी प्रेमचंद तिवारी चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश चौधरी मंडल अध्यक्ष गयेश सरवर शहाबुद्दीन अंसारी मुखलाल चौधरी सुरेंद्र राम सुनना सिंह सुरेंद्र भुइंया मदन राम मनोज चौधरी पिंटू भैया रामजी राम शिव शंकर राम अनीता देवी सोनी देवी सत्येंद्र उरांव अजामुद्दीन अंसारी नसीम अंसारी सैकड़ो की लोग उपस्थित थे

तेली उत्थान समाज की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

खूंटी। छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की रविवार को हुई बेठक में एक विशेष तेली समाज के हित के संदर्भ में चर्चा की गई। खासकर समाज के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा कों लेकर विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि खूंटी जिलें में नवोदय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय तथा बच्चियों के लिए कस्तूरबा स्कूल में दाखिला कराकर वे बच्चों को शिक्षित करें। उन्होंने कहा कि खूंटी में नॉलेज सिटी कें लिए लगभग 80 फीसदी जमीन सदानों ने दी है। वहां रक्षा यूनिवर्सिटी का निर्माण हो रहा था, लेकिन वह बंद हो गया। नॉलेज सिटी भूमि पर इंजीनियरिंग कॉलेज मेडिकल कॉलेज खोलने का सरकार की तरफ से आश्वासन दिया गया था, पर उक्त योजना को और दूसरे शहर में दे दिया गया। पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि उक्त जमीन पर एकलव्य स्कूल खोला जाएगा। इसका शिलान्यास पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया था और कहा गया था कि 60 फीसदी अनुसूचित जनजाति के बच्चे तथा 20-20 प्रतिशत हरिजन और पिछड़ा वर्ग के लोगों का नामांकन होगा, पर वहा सिर्फ आदिवासी बच्चों को ही लिया जा रहा है। मौके पर धर्मशाला निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई। उक्त भूमि में 30 अप्रैल विधिवत भूमि पूजन कर बाउंड्री का शिलान्यास किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बीआर महतो रहेंगे। जिला अध्यक्ष शिव नारायण गौंझू ने अपील की है। बैठक में जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौंझू, शिक्षक पंचू महतो डॉ बीआर महतो मनमथ राम, महादेव राम सहित अन्य उपस्थित थे।

गरीबों-शोषितों की नि:स्वार्थ भाव से करें सेवा : कमले उरांव

नव प्रदेश संवाददाता

खूंटी। अड़की के बिरबांकी में रविवार को शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। धर्मगुरु धीरजु मुंडा, धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा और सोमा मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंडबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धर्मगुरु बहन कमले उरांव ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंडबोंगा की स्तुति से आत्मा में भक्ति और श्रद्धा बढ़ती है। साथ ही समाज में भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच और अहंकार जैसी बुराईयां दूर होती हैं। इससे जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं। सबको समान कृपा मिलती है। हमें सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम और भाईचारा के साथ रहना चाहिए और गरीबों, शोषितों, पीडितों तथा दीन-दुखियों की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। मौके पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने समृद्ध समाज की कल्पना की थी। उन्होंने हमेशा वंचितों की लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, लुकीन मुंडा, मनीराम पहान, मथुरा कंडीर, बिरसा कंडीर, सुभासिनी पुर्ती, मंगा ओड़ेया सहित अन्य उपस्थित थे।

संत मरियम के सैकड़ों छात्रों ने मोहन सिनेमा में देखी फिल्म 'छावा', उठाया लुफ्त

ऐतिहासिक फिल्म देखने से छात्र अध्ययन को अनुभव के रूप में जोड़ पाएंगे : अविनाश देव

● संत मरियम विद्यालय पलामू का कोहिनूर : अरुणा शंकर

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय के लगभग 400 बच्चों ने रविवार को मोहन सिनेमा हॉल में 'छावा' फिल्म का आनंद लिया। यह सिनेमा हॉल कुछ समय पहले नवनिर्माण के लिए बंद था, किंतु हाल ही में इसका पुनः उद्घाटन हुआ है। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर शुभकामनाएं दीं। इसके अलावे, उन्होंने मोहन सिनेमा को पुनर्जीवित करने के लिए मोहन सिनेमा के प्रोपराइटर ज्ञान शंकर एवं आनंद शंकर को भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि पुराने विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए वे आभारी हैं।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मोहन सिनेमा हॉल को अत्याधुनिक तरीके से नवनिर्मित किया गया है और बच्चों के उत्साह और उमंग को देखकर लगता है कि यह हॉल फिर से अपनी पुरानी पहचान बना लेगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव बधाई के पात्र हैं, क्योंकि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और समय-समय पर बच्चों की पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों द्वारा बच्चों का मनोरंजन करवाते हैं। उसी कड़ी में आज उन्होंने अपने विद्यालय के बच्चों को ऐतिहासिक फिल्म दिखाकर उनके अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का कार्य किया है। उन्होंने संत मरियम विद्यालय को पलामू का कोहिनूर बताया। इस अवसर पर बच्चों ने फिल्म का भरपूर आनंद लिया और सिनेमा हॉल में उत्साह और उमंग का माहौल था। अविनाश देव और अरुणा शंकर ने बच्चों के साथ बैठकर फिल्म का आनंद लिया और उनके चेहरों पर खुशी देखी जा सकती थी। मोहन सिनेमा हॉल के पुनः उद्घाटन से मेदिनीनगर के लोगों को एक बार फिर से सिनेमा का आनंद लेने का अवसर मिला है। इस मौके पर हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एस. बी. साहा, रौशन सर, डब्लू सर, डॉ. स्वाधीन सर समेत दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं व सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

एक नजर

सेवा करने वाले हाथ सदा प्रेरणादायी होते हैं : मिशन समृद्धि

पलामू (नवप्रदेश)। मिशन समृद्धि संस्था की पूरी टीम की निःस्वार्थ सेवा अनोखी है, अनोखी इसलिए कि यह टीम जरूरतमंदों की पहचान है, पलामू में वंचित वर्गों के बच्चों की शिक्षा के लिए अग्रसर है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के क्षेत्र में प्रयत्नशील है। इस सेवा का कोई शुल्क नहीं, सिर्फ मानवता की सेवा क लिए समाज के लिए काम करने का जज्बा है। शनि मंदिर में रोटी सब्जी का वितरण किया गया जो निरंतर चलता ही रहता है। सचिव दीप्ति शरण ने कहा कि मिशन समृद्धि संस्था की पूरी टीम के जज्बा को सलाम है। इनकी मानवीयता को भी सलाम है।रोटी देने वाले परिवारों का अभिनंदन है। शेखर संजीव कुमार संध्या शेखर बैजन्ती गुप्ता वीणा राज ममता शिल्पी गोस्वामी बेबी पाण्डेय अन्य सबों का सरहनीय योगदान रहता है।

भोले भाले हिंदुओं के सहारे देश के संवैधानिक लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर हमला : कमाल खान

पलामू (नवप्रदेश) । देश की 140 करोड़ भोली भाली जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत सारी उम्मीदें सजा कर एक होनहार 'प्राइम मिनिस्टर'

दुनिया के सबसे बड़े अर्थशास्त्र स्वर्गीय ₹मनमोहन सिंह₹ से सत्ता छीन कर भारतीय जनता पार्टी के हाथों में देने का काम किया इस उम्मीद से कि हमारे बच्चे भारतीय जनता पार्टी के स्वच्छ भारत में सांस लेंगे जहां ₹इलेक्टरल बॉन्ड₹ पीएम केयर फंड इत्यादि देश को मजबूती देने के लिए जो भी फंड देश के हित में मिलेंगे वह प्रदर्शित होंगे, देश के 140 करोड़ जनता के हित की रक्षा के लिए उनके फायदे में जो भी कानून बनेंगे बगैर उनके मशवरे के या उनके सहमति के नहीं बनेंगे , हमारे देश के बच्चे स्मार्ट गांव स्मार्ट शहर स्मार्ट स्कूल में उन्नत शिक्षा प्राप्त करेंगे, देश के अंदर कोई भी बड़ा से बड़ा गुनहगार मजबूत कानूनी प्रक्रिया को पार करते हुए देश के सामने सजा दिलाने का काम किया जाएगा इतना मजबूत कानून व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी के सरकार में रहेगा के अगर भारतीय जनता पार्टी का ही कार्यकर्ता क्यों ना हो अगर गुनहगार होगा तो उसे सजा मिलेगा, हमारे देश की सरहद इतनी मजबूत होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता रोहिंग्या और बांग्लादेश के घुसने का तो सवाल ही नहीं, लेकिन अफसोस देश के 140 करोड लोगों को गुमराह कर सत्ता हासिल करने वाली सरकार बेमानी निकली इनके यहां बलात्कारी भ्रष्टाचारी क्रिमिनल सभी तरह के लोगों का भरमार है जो कभी भी सच्चाई के रास्ते पर चल नहीं सकते इनका मकसद ही सिर्फ सत्ता हासिल करना है वह किसी भी हद तक जा सकते हैं क्यों न अपने भाई को अपने भाई की हत्या करनी पड़े, उनके शासन में राष्ट्रपति हाथ जोड़कर खड़ी हुई मिलेंगी इनके हक में फैसला होगा तो पूरे देश में हल्ला करेंगे कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला जब इनके हक के खिलाफ बात होगी तो इनके छोटभैया नेता भी उंगली उठाते हुए नजर आएंगे आज देश का एक-एक नागरिक त्राहि त्राहि कर रहा है, मैं उन तमाम ईमानदार धार्मिक लोगों से गुजारिश करना चाहता हूं के इन के बुराई का विरोध कर देश को बचाने का काम करें।

एके सिंह कॉलेज के एकाउंटेंट सड़क दुर्घटना में घायल



हुसैनाबाद पलामू (नवप्रदेश) । हुसैनाबाद के नहर मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में ए. के. सिंह कॉलेज, जपला के अकाउंटेंट हुए घायल, घायल अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह उर्फ झुन्ना को अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में किया गया भर्ती, जहाँ से प्रारंभिक इलाज के बाद एमएमसीएच, मेदिनीनगर किया गया रेफर, हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की है घटना।

पंचकुडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

खूंटी (नवप्रदेश) । कर्रा प्रखंड के महतो टोली गांव में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन रविवार को हो गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शांति कुंज, हरिद्वार से आये परिव्राजक चंदन मोदी ने वैदिक मंत्रों के सस्वर गान और देव पूजन, सर्वतोभद्र पूजन आदि विधियों के साथ कराई। यज्ञ की पवित्र अग्नि में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति और जनकल्याण की कामना की। यज्ञ के दौरान युगगायक अमित किरण की ओर से प्रस्तुत होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से, जल्दी प्रसन्न होते हैं। भगवान यज्ञ से जैसे प्रेरणादायक गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। चंदन मोदी ने यज्ञ की जीवन में महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक घर में नित्य बलिवैश्य आहुति देने के बाद भोजन को प्रसाद रूप में ग्रहण करना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में कर्रा के स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ खूंटी से आए गायत्री परिवार के कार्यकताओं का भी योगदान रहा।

संस्कृति जागरण महोत्सव में भाग लेंगे सरना धर्मावलंबी

खूंटी (नवप्रदेश) । अमर शहीद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू का पवित्र जल और शहीद भूमि डोम्बारी बुरू की माटी एवं सरना झंडा सिंगबोगा(सूर्य ध्वज) लेकर खूंटी जिले कें 50 सरना धर्मावलंबी पांच मई को दिल्ली कें भारत मंडपम जायेंगे। साथ ही खूंटी का पवित्र जल और मिट्टी सौंपेंगे। सभी सरना धर्मावलंबी पांच मई को भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित संस्कृति जागरण महोत्सव में भाग लेंगे। संस्कृति जागरण महोत्सव विश्व जन जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु जी महाराज के जन्मदिन पर आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जनजातियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है। सरना धर्मावलंबियों का यह दल अखिल भारतीय सरना समाज के बुद्धिजीवी और भूतपूर्व शिक्षक लेपा मुंडा और छोटराय मुंडा के नेतृत्व में दिल्ली जाएगा। अखिल भारतीय सरना समाज 1957 का एक संगठन है, जो आदिवासी जनजाति समाज के सनातन संस्कृति और समाजिक संरक्षण पर भगवान बिरसा के बताये मार्ग पर कार्य करता है। अखिल भारतीय सरना समाज से जुड़े लोग सरना पंथ के अनुसार सरना स्थलों पर प्रकृति पूजन और संस्कृतिक परम्पराओ, रूढ़ि प्रथा जैसे जन्म संस्कार, कानबेधी, नामकरण, जन्म मरण संस्कार का अनुसरण करते हैं।

प्रखंड में मनाया गया पुनरुत्थान पर्व ईस्टर

नव प्रदेश संवाददाता

महुआडांड़ । प्रखंड भर मे मसीह विश्वासीओ ने रविवार को ईस्टर(पास्का) का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर संत जोसेफ बड़े गिरजाघर समेत महुआडांड़ के अन्य पल्लीयो में विशेष मिस्सा पूजा, बाइबल पाठ और अनुष्ठान की गई। संत जोसेफ बड़े गिरिजाघर में मुख्य अनुष्ठानकर्ता पतरस तिर्की लकड़ा थे। इस मौके पर फादर ने कहा कि ईस्टर(पास्का) पर्व हमारे लिए आस्था और विश्वास का पर्व है। इस दिन प्रभु यीशु ने पाप, दुख और तकलीफ से पार पाया। प्रभु यीशु ने अपने बहुमूल्य जीवन को लोगो की भलाई और खुशी के लिए कुर्बान कर दी और मृत्यु के तीसरे दिन पुनः जी उठे। ईस्टर के मौके पर गिरजाघरो मे फादर रौशन, फादर सुरेश, फादर कमिल समेत मसीह विश्वासी उपस्थित रहे।

ईस्टर अंधकार से प्रकाश में आना : फा.सुरेश

ईस्टर रविवार मिस्सा के दौरान अपने संदेश में मुख्य फादर सुरेश ने कहा कि प्रभु यीशु पुण्य शुक्रवार क्रूस पर अपना बलिदान देकर समस्त मानव जाति को उसके पापों से उद्धार किया।उनका यह बलिदान ईश्वर के प्रति सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है।रविवार की रात वह जी उठे । इसी याद में ईस्टर मनाया जाता है।यह ज्योति का पर्व है।मृत्यु के बाद जीवन है। क्योकि प्रभु यीशु प्रकाश की तरह पुनः जी उठे थे।हम रात्रि जागरण मिस्सा के माध्यम से ज्योति (मोमबर्त्ती) जलाकर ज्योति की गुनगान करते हैं। ईस्टर का शाब्दिक अर्थ है गुलामी से आजाद होना, अंधकार से प्रकाश में आना।

समाज से जुड़कर करें सेवा

इस मौके पर फादर बार्थो ने विश्वासीयो के बीच अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार ईश्वर ने प्रभु यीशु के क्रूस पर बलिदान से मनुष्यों को अपने से जोड़ने का काम किया।प्रभु यीशु काफी दुख तकलीफ सहे.क्रूस मृत्यु से उन्होंने समस्त मानव जाति के पापों का उद्धार किया। आज हमें प्रभु की उपासना के साथ यह संकल्प लेने की आवश्यकता है ,कि हम आपस के झगड़े- झंझट, ईष्या-द्वेष आदि कुरीतियों को भूलकर समाज सेवा का कार्य करें। कोयल दल का संचालन होली क्रॉस के सिस्टरगण किये।युवा युवती सहित महिला-पुरुष भाग लिए। मिस्सा का संचालन हेड प्रचार आनंद व सिस्टर स्वाति का योगदान सराहनीय रहा।

लातेहार में हाथी का बच्चा कुएं में गिरा, 5 घंटे बाद निकाला गया

जेसीबी से खोद कर बनाया गया 50 मीटर लंबा रास्ता

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार। जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मारंगलोइया गांव में झुंड से भटक कर एक हाथी का बच्चा शनिवार की रात कुएं में गिर गया। लगभग पांच घंटे तक कड़ी मेहनत के बाद हाथी के बच्चे को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला जा सका। इस संबंध में लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल ने रविवार को बताया कि रात में सूचना मिली कि हाथी का एक बच्चा ग्रामीणों के खेत में बनाए गए एक कुएं में गिर गया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जेसीबी के माध्यम से कुएं के एक भाग के बगल में गड्ढा कर रास्ता बनाया। लगभग पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद हाथी के बच्चे को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला गया। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से हाथियों का झुंड गांव के आसपास जमा हुआ है । शनिवार की देर रात अचानक एक हाथी का बच्चा कुएं में जा गिरा। ग्रामीणों ने अपने स्तर से हाथी को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास किया ।परंतु जब ग्रामीण सफल नहीं हुई तो वन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के जरिये गांव के आसपास पिछले कई दिनों से तबाही मचाई गई है। शनिवार की सुबह हाथियों ने एक महिला को घायल कर दिया था। इलाज के लिए रांची जाने के दौरान महिला की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग किया कि हाथियों को गांव से दूर भगाया जाए।

बरवाडीह में भाकपा माले का कार्यकर्ता सम्मेलन

बरवाडीह। प्रखंड के बहेराटांड़ के पुराना पंचायत भवन मे भाकपा माले की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता किसान सह माले नेता दुर्गा सिंह ने की, संचालन आइसा के केंद्रीय छात्र नेता नागेंद्र राम ने किया। माले जिला सचिव बिरजू राम ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि कर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि जिला में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। विकास के लिए संघर्ष करने की जरूरत है। बोकारो में 22 अप्रैल से माले का सातवां राज्य सम्मेलन को सफल बनाने की बात की गयी। मौके पर गोपाल प्रसाद, उत्तम राम, दुर्गा सिंह, संतोष सिंह, सुरेश उरांव, मुनेश्वर सिंह, धनेश्वर सिंह, बंधन सिंह, अयोध्या यादव, कमलेश सिंह, कृष्णा सिंह, राजेंद्र सिंह, मंजू देवी, सुषमा देवी, सुनीता मेहरा व बेंजामिन मिंज समेत अन्य मौजूद थे।

तापमान बढ़ने से लातेहार बाजार में पसरा सन्नाटा, लोग चिलचिलाती गर्मी से परेशान

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार । प्रखंड के विभिन्न इलाकों में भीषण गर्मी व लू का कहर जारी है। जिससे लोगों को जीना दूभर बना हुआ है। यह हालत दो तीन दिनों से तापमान में वृद्धि के कारण हो रहा है। जिसके कारण वातावरण में तपीश बढ़ गई है और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को परेशान कर रखा है। शादी विवाह व लग्न लेकर रविवार को आवश्यक खरीददारी करने के लिए निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। हालत यह है कि दिन के नौ बजे के बाद से ही अत्यंत तेज धूप हो गयी और स्थिति यह रही कि देखते-देखते तापमान तेजी से बढ़ता चला गया। जिस कारण लातेहार बाजार वासियों के अलावा प्रखंड के गांव के लोग भी अपने घरों में दुबके रहना ही बेहतर समझा। आये दिन लातेहार चंदवा बालूमाथ राजमार्ग में लोगों की भीड़ बनी रहती थी, लेकिन लू व गर्मी से सड़क मार्ग में दोपहर में सन्नाटा पसरा रहा। वही गर्मी को देखते हुए बाजारों में तरबूज ककड़ी खीरा नींबू की मांगे तेज होने लगी है। जगह-जगह पर सत्तू शरबत गन्ना शरबत बिक रही है। अब देखना यह है की अप्रैल के अंतिम सप्ताह में और मैं के पहले चरण में गर्मी अपनी कितनी दबिश दे पाती है। गर्मी के वजह से लातेहार जिला चंदवा के आसपास के नदी नाला तालाब चापाकल की पानी सूखने लगे हैं। इस बढ़ती गर्मी को देखकर लोग परेशान है।

एक नजर

घासी समाज के प्रदेश सदस्यता सह प्रभारी रामप्रवेश बनाए गए, लोगों ने दी बधाई

बालूमाथ (नवप्रदेश) । झारखंड राज्य घासी समाज संघ की बैठक रांची स्थित मोराबादी मैदान में शुक्रवार को केंद्रीय अध्यक्ष डॉक्टर रिझु नायक के अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में प्रदेश में होने वाले सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस सदस्यता अभियान का सफल संचालन के लिए सदस्यता सह प्रभारी के रूप में रामप्रवेश नायक का चयन किया गया। रामप्रवेश नायक झारखंड राज्य के घासी समाज संघ का युवा प्रदेश संयोजक रहे हैं। रामप्रवेश नायक लातेहार जिला के बालूमाथ का रहने वाले हैं। श्री नायक ने प्रदेश नेतृत्व को इस अतिरिक्त प्रभार के लिए धन्यवाद कहा है।वहीं रामप्रवेश नायक को प्रदेश सह सदस्यता प्रभारी बनाए जाने पर लातेहार जिला के घासी समाज के लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालों में से लातेहार जिला प्रधान सचिव डॉक्टर इंद्रजीत राम नायक, कुलदीप नायक ,अमित नायक, आनंद नायक, जितेंद्र नायक, अरविंद नायक, प्रेम नायक, रितेश नायक सहित सैकड़ो लोगों के नाम शामिल है। लोगों ने कहा कि रामप्रवेश नायक को प्रदेश सदस्यता सह प्रभारी बनाए जाने पर सदस्यता अभियान में काफी मजबूती मिलेगी।

ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत से दो बाइक सवार घायल, रेफर

लातेहार (नवप्रदेश) । बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत केडू खपिया गांव में ट्रैक्टर के टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गए। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सिकीत लवागढ़ा निवास मुंशी सिंह उम्र 24 वर्ष एवं नितेश कुमार उम्र 18 वर्ष दोनों एक बाइक पर सवार होकर कुछ आवश्यक कार्य निपटाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। कि इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया जिससे बाइक में सवार दोनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सक सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई वहीं स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए दोनों घायल को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया कि घायलों के सर पैर सहित शरीर के कई अंग में चोट आई है।

तपकारा पेरिश में मनाया गया ईस्टर पर्व

खूंटी (नवप्रदेश)। पुनरुत्थान पर्व ईस्टर के अवसर पर रविवार को संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में यीशु मसीह के पुनरुत्थान ईस्टर पर विशेष आराधना अनुष्ठान संपन्न किया गया। पुनरुत्थान पर्व की विशेष आराधना तपकारा पेरिश केंद्र के पेरिश पुरोहित रेव्ह मनु महेश हांसदा की अगुवाई में प्रारंभ किया गया। पुनरुत्थान पर्व के अवसर पर अतिथि सह मुख्य उपदेशक डोरंडा रांची के पेरिश रेव्ह रवि हेमंत हंस ने वचनों को बताते हुए कहा कि यीशु ने उससे कहा, पुनरुत्थान और जीवन मैं ही हूं। जो कोई मुझ पर विश्वास करता है, वह यदि मर भी जाए, तब भी जीएगा। जब तुम मसीह के साथ-साथ जिलाए गए, तो स्वर्गीय वस्तुओं की खोज में रहो, जहां मसीह वर्तमान है और परमेश्वर के दाहिनी ओर बैठा है। पृथ्वी पर की नहीं, स्वर्गीय वस्तुओं पर ध्यान लगे। उन्होंने कहा कि यीशु का पुनरुत्थान हमें यह विश्वास दिलाता है कि सबसे अंधकारमय जो कोई जीवित है और मुझ पर विश?वास करता है, वह अनंतकाल तक नहीं मरेगा। रेव्ह रवि हेमंत हंस ने आत्मिक उन्नति के लिए अमूल्य जीवित वचनों पर प्रकाश डाला। पवित्र बलिदान आराधना अनुष्ठान में आस्थापूर्ण तपकारा पेरिश अंतर्गत सभी नौ प्रचारकों ने योगदान दिया। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने मसीही विश्वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर इस पुनरुत्थान पर्व पर सभी माता-पिता, भाई-बहन, छोटे बच्चों और समस्त वरिष्ठ जनों को सुख-समृद्धि एवं आत्मिक जीवन उन्नति दें।

जेल लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

खूंटी (नवप्रदेश)। जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकारा खूंटी में जेल लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर और मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साव ने डालसा के कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि डालसा वैसे परिवारों की मदद करता है, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बंदियों को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जो बंदी अपने निजी अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है उन्हें डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराया जाता है, जो काराधीन बंदियों के मामले की पूरी देखरेख करते हैं और जरूरत पड़ने पर बंदियों की समस्याओं को डालसा तक पहुंचाने में उनकी मदद करते हैं। डालसा सचिव ने कहा कि प्रत्येक काराधीन बंदी को अपनी वाद संख्या, अपने अधिवक्ता का नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी रखने का अधिकार है। मौके पर चिकित्सा विभाग की टीम की ओर से उपकारा खूंटी में चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जहां काराधीन बदियों की स्वास्थ्य जांच की गई और दवा दी गई। कार्यक्रम में डालसा के एलएडीसी डेप्युटी चीफ नम्रता कुमारी, प्रभारी कारा अधीक्षक अनुराधा कुमारी, उपकारा के बड़ा बाबू शहजादा खान, डालसा पीएलवी तेलेस्फोर सांगा, सुदर्शन महतो समेत उपकारा के कर्मी उपस्थित थे। यह जानकारी जानकारी डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

मेट्रो थीम्स से युक्त अजटेका बार एंड लाउंज का द वेडिंग बेल्स में हुआ उद्घाटन

धनबाद (नवप्रदेश)। शनिवार को अशर्फी हॉस्पिटल बारामुड़ी स्थित द वेडिंग बेल्स रिसोर्ट में अजटेका बार एंड लाउंज का उद्घाटन वेडिंग बेल्स के पार्टनर्स ओनर राम मोहन सिंह,सुरेश सिंह, हरीश सिंह, अमित प्रधान मुकेश सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। ऑनर हरीश सिंह ने बताया कि धनबाद में वेडिंग बेल्स परिसर में ही अजटेका बार एंड लाउंज क्लबिंग का बिल्कुल नया थीम लेकर वह आए हैं जो मनोरंजन के दृष्टिकोण से धनबाद में सबसे पहली बार सबसे अलग हटकर मेट्रो थीम विभिन्न सुविधाओं से युक्त इस बार लॉन्च को धनबादवासियों के आनंद के लिए खोला गया है। नवीनतम खूबसूरत इंटीरियर, आकर्षक लाइटिंग, एलईडी स्क्रीन व म्यूजिक सिस्टम और सबसे खास बात बेहतरीन सर्विस से युक्त इस नवीनतम अजटेका जैसा धनबाद में दूसरा कोई और शानदार और खूबसूरत क्लबिंग नहीं है,मैं धनबाद में सबसे पहले नवीनतम थीम वाले होटल एवं क्लब लाता रहा हूं, हाल के दिनों में ही मैने बार्बीक जैसे शानदार थीम का होटल धनबाद में लेकर आया जो पारिवारिक दृष्टि से बहुत ही सफल साबित हो रहा है। और इस अजटेका में भी धनबादवासियों का काफी मनोरंजन होगा। इस अजटीका बार और लाउंज के बाहर भी लाइटिंग म्यूजिक और आर्टिफिशियल झरना से युक्तफोटोजेनिक गार्डन सीटिंग्स में पार्टी का अनुभवी शेफ द्वारा बने खाने और पीने का बहुत इत्मीनान से इंजॉय करेंगे। यहां पर बताएं पलों की फीलिंग कुछ अलग हटकर होगी।आगे हरीश सिंह ने बताया कि विभिन्न मौके पर बाहर के जाने माने म्यूजिक बैंड, सेलिब्रिटीज का आगमन एवं विभिन्न रोचक कार्यक्रम होते रहेंगे। बताया कि एक सीमित समय के लिए डिस्काउंट दिया गया है।

वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर संगोष्ठी

सांसद ढूलू महतो बोले, देश के 140 करोड़ की जनता की है मांग

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद । वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर धनबाद के न्यू टाउन हॉल में फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में सांसद ढूलू महतो ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन की मांग देश के 140 करोड़ जनता की मांग है. इस मामले को वे संसद में भी उठाएंगे।

इस मांग के पूरा होने से देश आर्थिक तौर से मजबूत होगा।समय की बचत होगी।देश विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा.वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर विपक्ष के विरोध के सवाल पर सांसद ने कहा कि विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं है कोई वीजन नहीं है कोई लक्ष्य नहीं है।प्रधानमंत्री के द्वारा उठाये गए हरेक अच्छे कामों का विरोध करना ही विपक्ष का काम रह गया है। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित यह संगोष्ठी कार्यक्रम काफी सफल रहा।सभी ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय दी और बिल्कुल ही देश में यह लागू भी होना चाहिए।इस संगोष्ठी में चिकित्सक,,व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षाविद,कई एनजी ओ के प्रतिनिधि कई सामाजिक राजनीतिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा लिया।सभी ने एक देश एक चुनाव को देश में लागू कराने पर जोर दिया। जिला चेम्बर के महासचिव अजय नारायण लाल ने बताया कि यह संगोष्ठी पूरी तरफ सफल रहा और अब लोग पोस्टकार्ड के जरिये भी अपनी बात को राष्ट्रपति तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झरिया विधायक रागिनी सिंह, चेम्बर अध्यक्ष चेतन गोयका, श्वेता सिंह , जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, आईआईटी आईएसएम के डिप्टी डायरेक्टर प्रो. धीरज कुमार उपस्थित हुए।

शपथ ग्रहण | मारवाड़ी युवा मंच सरायढेला शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

अभिषेक अग्रवाल बने अध्यक्ष

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद । रविवार को धनबाद क्लब में मारवाड़ी युवा मंच, सरायढेला शाखा का शपथ ग्रहण समारोह धनबाद क्लब में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने समाज सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि सनत अनवर (डीडीसी, धनबाद) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और मंच की सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सामारोह में विशिष्ट अतिथिगण ललित अग्रवाल अध्यक्ष,धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, आदित्य अग्रवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष, झारखंड, मारवाड़ी युवा मंच,विवेक लिल्हा एवं बजरंग अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष, प्रवीण काजरियाल, पूर्व अध्यक्ष प्रियंका चौधरी, निर्वाचन पदाधिकारी, नीरज अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। सत्र 2025 -26 के लिएनव-निर्वाचित पदाधिकारीगण में अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाला, सचिव विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शंभु अग्रवाल, उपाध्यक्ष विशाल सावरिया, कार्यकारिणी सदस्य, डॉ. उर्मी, खुशबू भाभी, नेहा अग्रवाला, सुमन अग्रवाला, नेहा केजरीवाल, प्रियंका चौधरी, निशा अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाला, पायल, मोनिका, रिशु, शिल्पा, आयुषी, एकता, नेहा, गुंजन, प्रिया, स्वाति, मेघा गोयल, पूजा सिंघल बने।सामाजिक सेवाएं और आगामी योजनाएं के लिए मारवाड़ी युवा मंच ने समाज के उत्थान हेतु कई प्रमुख कार्यक्रमों की घोषणा की, जो डी सी डी ए के सहयोग से पूरे वर्ष संचालित किए जाएंगे।महिलाओं के लिए गर्भाशय ग्रीवा वैक्सीन, एकल डोज स्वास्थ्य शिविर जिसमें दंत चिकित्सा, नेत्र जांच और सामान्य जांच शामिल हैं। गरीब विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति योजना जिसमें किताबें, यूनिफॉर्म एवं फीस शामिल,अमृत धारा, रक्तदान शिविर, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भागीदारी,समारोह का समापन मंच के सदस्यों द्वारा एकजुटता, समर्पण और समाज सेवा की शपथ के साथ हुआ।

निगम प्रशासन ने निजी बस पड़ाव में चलाया सफाई अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम प्रशासन शहरी क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन के निर्देश के आलोक में सफाई को लेकर विशेष अभियान चल रहा है। नोडल प्रभारी नगर प्रबंधक मोहम्मद शाहिद हसन की देखरेख में शहर में सफाई कार्य किया जा रहा है। रविवार को शहर के निजी बस पड़ाव में विशेष सफाई अभियान चला। इस दौरान परिसर व यात्री प्रतीक्षालय में पसरी गंदगी की सफाई की गयी। परिसर में कई जगहों पर कूड़े कचरे का ढेर लगा था। सफाई करने के बाद निगम कर्मियों ने यात्री प्रतीक्षालय की पानी से धुलाई भी करायी। नगर प्रबंधक मोहम्मद शाहिद हसन ने बस कर्मचारियों व यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इधर उधर कचरा नहीं फेंकने का सुझाव दिया गया। बस पड़ाव के भीतर दुकानदारों को अपनी दुकान के पास डस्टबिन रखने की सलाह दी गयी। नगर प्रबंधक ने दुकानदारों को बताया कि डस्टबिन में ही कूड़ा कचरा जमा करें और इसके लिए ग्राहकों को भी प्रेरित करें। स्वच्छता के प्रति लोगों को अपनी सोच में बदलाव लाना चाहिए। इस अभियान को सफल बनाने में निगम के सफाई जमादार इश्तियाक शाह, संतोष कुमार, सेरान खान सहित कई कर्मी सक्रिय रहे।

50 हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

मधुपुर। नगर परिषद कार्यालय सभागार में रविवार को हज पर जाने वाले हाजियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह टीकाकरण का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि इस वर्ष देवघर से 22, दुमका से 13 एवं जामताड़ा से 15 हज यात्री हज पर जायेंगे। जिसमें 17 महिला हज यात्री शामिल हैं। जबकि झारखंड से कुल 1301 आजमीनों की रवानगी होगी। उन्होंने कहा कि हज पर वही जाते हैं जिन्हें अल्लाह का बुलावा होता है। हज पर जाने के समय दिखावा और फिजूल खर्ची से बचें। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार के तरफ से झारखंड के हाजियों के लिए चार डाक्टरों की टीम भी साथ जायेगी। ताकि हज के दौरान जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधा आसानी से मिल सके। इसके लिए चिकित्सक तैनात रहेंगे। इसके साथ 12 लोगों को हाजियों की सेवा के लिए सरकार की तरफ से भेजी जायेगी। मंत्री ने कहा कि सभी अपने गांव शहर प्रदेश देश और पूरी दुनिया में अमन चैन, खुशहाली की दुआ करें।

कांग्रेस की बैठक में संगठन सृजन को लेकर की गई चर्चा, राजेश कुमार गुप्ता ने कहा

संगठन के कार्य में रुचि नहीं रखने वाले लोगों को हटाकर नए लोगों को दायित्व दिया जाएगा

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के अध्यक्षता में आहूत की गई है। इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक डॉक्टर राजेश कुमार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस बैठक में संगठन सृजन 2025 को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया गया। बैठक में विशेष कर सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं प्रखंडों के नव नियुक्त पर्यवेक्षकों के अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी उपस्थित थे। जिला पर्यवेक्षक डॉक्टर राजेश कुमार गुप्ता ने उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी इस वर्ष को संगठन सृजन के लिए रखा है, संगठन सृजन के माध्यम से बूथ लेवल पंचायत कमेटी, मंडल कमेटी, प्रखंड कमेटी एवं जिला कमेटी का गठन करना है। यह कार्य लगातार तीन महीना तक जारी रहेगा संगठन में वैसे सक्रिय लोगों को जगह देना है जो कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत और कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति अपनी आस्था रखते हो, प्रत्येक कमेटी में कुल 12 पदाधिकारी होंगे। कमेटी में पूर्व के पदाधिकारी सक्रिय होकर कार्य करना चाहते हैं उन्हें यथावत रखा जाएगा। जबकि वैसे लोग जो सिर्फ संगठन में पद लेकर बैठे हैं और संगठन के कार्य में रुचि नहीं रखते वैसे लोगों को हटाकर नए लोगों को दायित्व सौंपा जाएगा। इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। संगठन के प्रत्येक स्तर पर सोशल मीडिया और मीडिया सेल का गठन किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड के पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि जो लोग पार्टी में रहकर पार्टी को कमजोर करने की साजिश करते हैं वैसे लोगों को भी चिन्हित करना है। और वैसे लोगों को पार्टी में कोई भी स्थान नहीं देना है इसके लिए चाहे वह छोटा कार्यकर्ता हो या बड़ा नेता जो अपना बूथ नहीं जीता पाते हैं वैसे लोगों को भी पार्टी में कोई जिम्मेवारी नहीं देना है। संगठन सृजन का कार्य अभी लगातार तीन माह तक चलता रहेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सेवा दल के महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा, संदीप गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, जुगल भगत, अनीस अहमद, युनुस अंसारी, सत्यदेव भगत, विनोद सिंहखैरवार, प्रखंड पर्यवेक्षक निश्चित जायसवाल विशाल डुंगडुंग, राजू उंराव, ऐनूल अंसारी, श्यामुल अंसारी, डोमना उरांव, प्रकाश उरांव, मुजाहिर अंसारी, रेहान अख्तर, रूपनारायण भगत, कबीर अंसारी, जफरुल अंसारी, विजय भगत, वीरेंद्र उरांव समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

कांग्रेस में मजदूरों का सर्वमान्य नेता बनने की लगी होड़

पहले इंटक के बारे में जान लें उसके बाद दें बयान : हातिम अंसारी

इंटक जिला अध्यक्ष पर कंसा तंज, कहा- जिन्हें खुद कांग्रेस से किया गया था निष्कासित, वह क्या बताएंगे कांग्रेस का इतिहास

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन को लेकर विरोधियों के बयानों की बौछारों के बीच हेसल डंपिंग यार्ड के इंटक सचिव हातिम अंसारी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि उलूल-जुलूल बयान देने वाले नेताओं को यह मालूम होना चाहिए कि उन्हें खुद ही कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किया गया था प्रदेश कार्यालय में आज भी उनके खिलाफ एक शिकायत दर्ज है। जिसमें उन्होंने विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के खिलाफ काम किया था। जिसे लेकर शिकायत की गई थी। इनका शुरू से ही चरित्र पार्टी विरोधी कार्य कर रहा है। यह जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं। यह मौकापरस्त इंसान हैं। इन्हें तो जनता को बताना चाहिए कि यह किसी नेता के सेवक हैं, या फिर जनता के। अभी हाल में ही पार्टी विरोधी कार्य को लेकर इनको शोकाज नोटिस भेजा गया था। इन्हें पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। अगर यह कांग्रेस पार्टी के इतने हितैशी हैं, तो यह कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में क्या करने गए थे। भाजपा के बी टीम की तरह इन्होनें काम किया। आगामी वार्षिक अधिवेशन में सारी वस्तुस्थिति स्पष्ट हो जाएगी। ऐसे छुटभैया नेताओं के बहकावे में मजदूर अब नहीं आने वाले हैं। मजदूर उन्हें साथ हैं और वह मजदूरों के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। जो लोग अदालत के फैसले की बात कह रहे हैं, उन्हें अदालत के वर्तमान प्रक्रिया की जानकारी भी नहीं है। पहले वे अदालत से इसकी जानकारी ले लें और उसके बाद कोई बयान दें तो उनकी स्थिति हास्यास्पद नहीं होगी। रही बात कांग्रेस नेतृत्व से शिकायत करने की तो कांग्रेस आलाकमान को अच्छी तरह से पता है कि किसने कांग्रेस को पूरी जिंदगी दी है और कौन चुनाव में रंग बदलता रहा है। मेरी सलाह है कि विरोधी जितना कम बोलें, उतनी ही उनकी फजीहत कम होगी।

सरहुल प्रकृति के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों को याद करने की देती है प्रेरणा : सांसद सुखदेव भगत

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। प्रकृति का पर्व सरहुल प्रखण्ड क्षेत्र के गितिलगढ़ में शनिवार को हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। मौके पर पहान पुजार महतो के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात ढोल मांदर, नगड़ा आदि पारंपरिक गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए लोग शोभायात्रा में शामिल होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए गंतब्य स्थान तक पहुंची। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद सुखदेव भगत व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए सभा स्थल तक ले गए जहां पर आयोजन समिति के द्वारा माला पहनाकर, पता का मुकुट पहनाकर व सरना गमछा ओढाकर किया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने खोड़हा में शामिल होकर मांदर बजाकर लोगो का उत्साह बढ़ाया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि हम सभी सरना धर्मावलम्बी प्रकृति के पुजारी हैं। सरहुल पर्व का अपना एक अलग महत्व है यह त्योहार हमारी सभ्यता संस्कृति की पहचान है, हमसभी को अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। सरहुल प्रकृति के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों को याद करने की देती है प्रेरणा। समाज के लोगो को नशापान व अन्य कुरीतियों को छोड़ते हुए शिक्षा पर जोर देना होगा जब तक हमारा समाज शिक्षित नहीं होगा सर्वांगीण विकास संभव नही है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव, प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव, लछु उराँव, मंगदेव उराँव, सीताराम उराँव, फूलदेव उराँव, रामजीत भगत, प्रकाश उराँव, पहान सोमा उराँव, बालकिशुन मुंडा, बसन्त उराँव, कामेश्वर उराँव आदि उपस्थित थे।

लोहरदगा मंडल कारा में जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन

बंदियों की हुई स्वास्थ्य जांच और दी गई विधिक जानकारी

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा, रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवार को लोहरदगा मंडल कारा में जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ नारायण साहू, जेलर सुबोध कुमार तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत विधिक जागरूकता शिविर से हुई, जिसमें बंदियों को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इसके पश्चात कुल 14 बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 5 महिला एवं 9 पुरुष बंदी शामिल थे। सभी बंदियों को मौके पर ही आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। मेडिकल कैंप का नेतृत्व दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार ने किया, जिनके साथ मंडल कारा के चिकित्सक डॉ. सुभाष कुमार और अन्य नर्सिंग स्टाफ भी मौजूद रहे। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि झालसा रांची के निर्देशानुसार जेल के भीतर और बाहर विभिन्न प्रकार के विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विशेष रूप से उन बंदियों की देखरेख पर जोर दिया जा रहा है जो 60 वर्ष से अधिक आयु के हैं या गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब प्रत्येक जेल अदालत, जो हर महीने के तीसरे रविवार को आयोजित होती है, के साथ-साथ मेडिकल कैंप का आयोजन भी अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसके लिए चिकित्सकों की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इस अवसर पर डिप्टी चीफ नारायण साहू ने स्पष्ट रूप से कहा, बिना वकील के प्रतिनिधित्व का कोई भी अभियुक्त जेल में नहीं रहेगा। सभी अभियुक्तों का प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है। साथ ही, यह भी जरूरी है कि बंदियों को अपने-अपने मामलों की जानकारी हो ताकि वे उचित न्याय प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान जेलर सुबोध कुमार ने कहा, बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। ऐसे कार्यक्रमों से न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। जेल प्रशासन हमेशा यह प्रयास करता है कि बंदियों को बेहतर वातावरण एवं जरूरी सुविधाएं मिलें। इस पहल के माध्यम से न केवल बंदियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया गया, बल्कि उन्हें उनके विधिक अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया।

प्रभु यीशु मसीह ने मृत्यु को हराकर हम सबको जीवन दिया : रेभ. रिझरेन कुजूर

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिले में ईस्टर संडे के मौके पर सभी चर्चों में आराधना की गई। एनडब्ल्यूजीईएल चर्च ने लूथरन कब्रिस्तान में ईस्टर पर्व की आराधना की। मौके पर रेभ. रिझरेन कुजूर के द्वारा प्रवचन देते हुए कहा गया कि यह ईस्टर पर्व यीशु मसीह के मृत्यु पर विजय प्राप्त करने की याद में मनाया गया। पुनरुत्थान का पर्व हम सब को अवसर देता है कि हम सब मिलकर पुनर्जीवित यीशु मसीह की आराधना और स्तुति कर पाते है। परमेश्वर का महान कार्य पूरा हुआ। हम मानवजाति की पापों से मुक्ति के लिए कलवरी के कठिन दुख को सहा और मृत्यु पर विजय पाकर जी उठा। इस अवसर पर आराधना सुकिरता टोप्पो द्वारा किया गया। मौके पर जय झंडा लकड़ा, विजय लकड़ा, अनीता कुजूर, डाक्टर जपवंत लकड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

एक नजर

देवी मंडप कुजरा में भव्य अखंड हरि कीर्तन संपन्न

लोहरदगा (नव प्रदेश)। सदर प्रखंड के कुजरा देवी मंडप में भव्य रूप से पूजन के उपरान्त भव्य अखंड हरी कीर्तन का आयोजन और भंडारा का आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन समिति के लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव एवं सोहन साहू ने बताया कि कुजरा स्थित देवी मंडप में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिन भर भव्य रूप से पूजन के उपरांत संध्या 7:00 बजे से 12 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। तथा भव्य रूप से भंडारा का आयोजन किया गया। श्री शाहदेव ने बताया कि आसपास के गांव के सभी क्षेत्रों से देवी मंडप पर आस्था रखने वाले हजारों ग्रामीणों ने पूजा करके प्रसाद ग्रहण कर इस क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया। तथा इस क्षेत्र के सैकड़ो महिलाओं ने देवी मंडप पर आस्था रखते हुए पूजन एवं अखंड हरी कीर्तन में दिन एवं रात में भाग लिय और हजारों भक्तों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में आयोजन समिति के लाल रवि नाथ शाहदेव, लाल गोपाल नाथ शाहदेव, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव, सोहन साहू, मनोज साहू, द्वारका साहू, शिव शंकर साहू, प्रकाश साहू, कृष्णा साहू, उमेश साहू ,कोल्हा रविदास, बैजनाथ उरांव, महरु उरांव, परमेश्वर उरांव , महिला समिति के शीला देवी, प्रियंका देवी, गीता देवी, सोनी देवी, ममता देवी समेत सैकड़ों भक्त पूजन एवं अखंड हरी कीर्तन में सम्मिलित हुए।

स्वच्छ भारत मिशन को लेकर स्वच्छता अभियान जारी : सचिन कुमार

लोहरदगा (नव प्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा स्वच्छता को लेकर साफ सफाई अभियान रियाडा, स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर प्रांगण में की गई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करना है बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर एक जिम्मेदार समाज की नीव रखना भी है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है और भाजपा कार्यकर्ता इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता नीरज कुमार उर्फ बिट्टू ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि या हर नागरिक का एक कर्तव्य है।और यह सफाई अभियान विशेष रूप से जारी रहेगा। नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा नया संदेश देने का प्रयास किया है कि जब समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे तभी सच्चे अर्थ में स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है। मौके पर खुशबू कुमारी, मानसी कुमारी, विद्या कुमारी, आरती कुमारी, राखी कुमारी, मनोज कुमार, कुणाल कुमार, सत्यदेव सिंह, संतोष साहू, कृष्णा साहू, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वास्थ्य जांच शिविर में 39 लोगों की हुई जांच

लोहरदगा (नव प्रदेश)। सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 149 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल एवं सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 39 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। मौके पर डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की गर्मी के मौसम पर कड़े धूप से बचें एवं फ्रिज के पानी का सेवन ना करें, स्वस्थ शरीर के लिए सही खानपान बहुत महत्व रखता है सलाद का सेवन करें। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, सह सचिव संजय चौधरी व गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं। यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं।

वक्फ कानून के विरोध में अंजुमन इस्लामिया ने आयोजित किया देही अंजुमन और उलमाएकराम का संयुक्त इजलास

मुसलमानों की जमीन छीनने का प्रयास : अब्दुल रउफ अंसारी

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। वक्फ कानून 2025 के विरोध में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वावधान में तथा सदर अब्दुल रउफ अंसारी की सदारत में रविवार को खाद गढ़ा मैरेज हॉल में सभी देही अंजुमन सदर व सेक्रेटरी, जिले के सभी मस्जिद के इमामों और उलमाएकराम की संयुक्त इजलास हुई। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने मजलिस के सामने एजेंडा रखा जिसमें वक्फ कानून 2025 के विरोध में आंदोलन, समाज में फैल रहे जुआ, शराब और नशाखोरी से मुस्लिम नौजवानों को बचाना, मुस्लिम लड़कियों और औरतों को गैरों से बचाना आदि शामिल थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार वक्फ कानून के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने और मुस्लिमों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का संगठित और कुत्सित प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया के बैठकों में लिए गए निर्णय के मुताबिक आगामी 25 अप्रैल को बाद नमाज जुम्मा जामा मस्जिद से पावरगंज मस्जिद तक मानव श्रृंखला बना कर वक्फ कानून 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 30 अप्रैल की रात नौ से रात 10 बजे तक ब्लैक आउट किया जाएगा। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू व नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी ने संयुक्त रूप से इजलाश में आए मेहमानों का स्वागत किया, जबकि पूर्व सदर हाजी शउद आलम, नाइब सदर हाजी नईम खान, सहचिव अनवर अंसारी, कोषाध्यक्ष सैयद फिरोज शाह, फारूक कुरैशी, इरशाद आलम, आदि ने मेहमानों के लिए ताम की व्यवस्था संभाली। मंच संचालन नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, धन्यवाद ज्ञापन सहसचिव अल्ताफ कुरैशी ने किया। इजलास को संबोधित करने वालों में मुफ्ती सद्दाम हुसैन, मुफ्ती उमर फारूक (काजी ए शरीयत दारूल कजा लोहरदगा), जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रिजवी, मोती मस्जिद के इमाम मौलाना मिन्हाज कासमी, मौलाना जाकिर हुसैन, मस्जिद ए बलाल के इमाम मौलाना अब्दुल हमीद, बंगले वाली मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल रउफ, अंजुमन इस्लामिया रांची के सेक्रेटरी तारीक अनवर, झारखंड के संयोजक जुनैद अहमद, अंजुमन इस्लामिया मजलिस ए अम्मा के नाजिम हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी, झामुमो के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर हाजी शकील अहमद, पूर्व सचिव हाजी सज्जाद खान, भंडरा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर आफताब आलम, कैरो प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सचिव समीद अंसारी, सेन्हा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर इमरान आजाद, कुडू के मौलाना यासीन अहमद, किस्को प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के मोहिबुल्ला अंसारी आदि शामिल थे।

तैयारी | किस्को मिडिल स्कूल मैदान में 30 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम स्थल का विधायक प्रतिनिधि व अन्य कार्यकर्ताओं ने लिया जायजा

छोटानागपुर बाक्साईट एंड कोल वर्कर्स यूनियन का वार्षिक अधिवेशन होगा ऐतिहासिक

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिला अंतर्गत किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आगामी 30 अप्रैल को छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा जिला का वार्षिक अधिवेशन आयोजित होने वाली है। इसकी तैयारियों को लेकर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डूंगडूंग, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, कुडू प्रखंड उप प्रमुख सह कांग्रेसी नेता ऐनुल अंसारी, कांग्रेसी नेता रौनक इकबाल, जोरी मुखिया राजू उरांव, युवा नेता असलम अंसारी, एकरामुल अंसारी, रेयाज अंसारी, प्रकाश उरांव, जफर इमाम, नेजाम अंसारी, हदीस अंसारी समेत अन्य कार्यकताओं ने स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस बीच विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन का वार्षिक अधिवेशन ऐतिहासिक और भव्य होगा। उन्होंने कहा कि हमारे मार्गदर्शक गरीबों और शोषित पीड़ित मजदूरों के मसीहा यूनियन के महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा वासियों के लिए आदर्श पुरुष हैं। निशीथ जायसवाल ने कहा कि धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा जिला और जिलेवासियों के लिए हमेशा अपनी दरियादिली दिखाते आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोग्राम में राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े हस्तियां शामिल होंगे। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन लोगों के लिए प्रेरणा देने का कार्य कर दिखाएंगी। निशीथ जायसवाल ने बताया कि प्रोग्राम की सफलता हेतु लोहरदगा जिला समेत पूरे झारखंड प्रदेश और देश स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मालूम हो कि छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा जिला द्वारा आयोजित अधिवेशन प्रोग्राम में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े नेता शामिल होंगे। साथ ही अधिवेशन कार्यक्रम में झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी कलाकारों के द्वारा झारखंड की संस्कृति और यूनियन की उन्नति से संबंधित एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देंगे। यहां पर कार्यक्रम में झारखंड के दिग्गज कलाकार नितेश कच्छप, पवन रॉय, चिंता देवी, सुमन गुप्ता और मांदर वादक हुलास महतो अपनी प्रस्तुति देंगे। इधर कार्यक्रम की सफलता को लेकर विशाल डूंगडूंग ने बताया कि छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन का वार्षिक अधिवेशन जो किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आयोजित होने वाली है एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिखाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में मजदूर, ट्रक आनर्स, सभी माइंस, तथा बाक्साईट साइडिंग के श्रमिकों सहित सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी ने बताया की कार्यक्रम को बेहतर और भव्य आयोजन कराए जाने हेतु पूरे क्षेत्र में प्रचार वाहन से व्यापक तरीके से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मौके पर बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

गर्मी की दस्तक ने खोली हकीकत : कुओं पर ताले, हैंडपंप बेदम!

◆ चमत्कार के इंतजार में जिला प्रशासन

प्रमोद उपाध्याय



हजारीबाग (नव प्रदेश)। गर्मी अभी आई ही है, लेकिन असर ऐसा कि आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। महज दो दिनों की तीखी धूप और चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को पसीने-पसीने कर दिया है। हालत यह हो गई है कि पानी के लिए हाहाकार मच गया है, गांव से लेकर शहर तक हर जगह बूंद-बूंद को तरसने की नौबत आ गई है। हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड अंतर्गत तिलरा गांव की स्थिति भयावह हो चली है। पानी की भारी किल्लत के कारण अब ग्रामीणों ने अपने प्राइवेट कुओं में ताले लगाना शुरू कर दिया है। हर घर में पानी की चिंता अब रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। कुओं और चापाकलों के आसपास लंबी लाइनें दिखाई देने लगी हैं, लेकिन उम्मीद टूटती नजर आ रही है। इधर शहर की हालत भी कुछ खास अलग नहीं है। जगह-जगह लगे हैंडपंपों ने दम तोड़ दिया है। सैकड़ों हैंडपंप पानी देना बंद कर चुके हैं, जिससे शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों के सामने भी पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। नगर निगम की ओर से अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

तिलरा गांव की निवासी बबिता कुमारी बताती हैं कि कुएं से पानी भरने के लिए अब अनुमति लेनी पड़ती है। पहले सभी के लिए खुले रहते थे, लेकिन अब ताले लटक रहे हैं। हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। वहीं, शहर के वार्ड नंबर 13 के रहने वाले संजय कुमार कहते हैं, हैंडपंप कब से खराब पड़ा है, किसी ने सुध तक नहीं ली। पीने का पानी खरीदना अब मजबूरी बन गया है। सवाल यह है कि अगर दो दिन की गर्मी में ही सिस्टम दम तोड़ दे, तो मई-जून की प्रचंड लू में क्या हाल होगा? प्रशासन अभी भी नींद में है या किसी चमत्कार का इंतजार कर रहा है? आने वाले दिनों में अगर तत्काल समाधान नहीं निकाला गया, तो पानी को लेकर हालात और भी विकराल हो सकते हैं। गांव हो या शहर, हर जगह पानी अब सोने से भी कीमती होता जा रहा है। जहां जिंदगी की रफ्तार पानी से तय होती है, वहां प्यास एक त्रासदी बनती जा रही है।

तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आई ज़िंदगी, रास्ते पर छा गया मातम

कोल वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग। केरेडारी में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एनटीपीसी केडी परियोजना से कोयला ढुलाई कर रही ओएसएल कंपनी के तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को कुचल डाला। मृतक विकास कुमार (40), निवासी अबेड़कर मोहल्ला, पांडू, बीजीआर कंपनी में काम करता था और ड्यूटी से लौट रहा था। हाइवा (जेएच 02 बीएस 0113) की टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे उसकी कमर और पेट फट गया। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन समेत भाग निकला, लेकिन एनटीपीसी के गेट पर बैरियर तोड़ते हुए वाहन में आग लग गई और हाइवा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पुलिस पिकेट से महज 1500 मीटर की दूरी पर आग बुझाने के कोई प्रयास नहीं किए गए।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने ट्रांसपोर्टिंग कंपनी ओएसएल पर सुरक्षा व्यवस्था में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 2:30 बजे से सड़क जाम कर दिया। उन्होंने मुआवजा, नौकरी और कंपनी के वाहनों पर प्रतिबंध की मांग की।

मृतक विकास अपने पीछे पत्नी कविता देवी, दो बेटे और एक बेटी समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा और क्षेत्र में बेहतर सड़क सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

उल्लेखनीय हो कि बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड कोयला खनन के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां एनटीपीसी की कई कंपनियां खनन कार्य कर रही हैं। यह घटना एक बार फिर खनन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

दनुआ घाटी में लगातार हो रहे सड़क हादसों पर बरही विधायक ने जताई चिंता

◆ केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री को किया ट्वीट

नव प्रदेश संवाददाता



चौपारण। चौपारण थाना क्षेत्र स्थित दनुआ घाटी में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने गंभीर रूप ले लिया है। इन दुर्घटनाओं में लगातार लोगों की जान जा रही है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। इन घटनाओं को लेकर बरही विधायक मनोज यादव ने सड़क सुरक्षा की अनदेखी और लापरवाही पर चिंता जताते हुए इस मुद्दे को उच्च स्तर पर उठाया है। विधायक मनोज यादव ने इस गंभीर समस्या को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और हजारीबाग डीसी को ट्वीट कर मामले में तत्काल हस्तक्षेप और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा है कि दनुआ घाटी में हो रहे लगातार सड़क हादसों में आमजन की जान जा रही है और यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विधायक ने कहा कि दनुआ घाटी का क्षेत्र बेहद खतरनाक हो गया है, जहां सड़क की स्थिति और सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी हो रही है। प्रतिदिन एक नया हादसा सामने आ रहा है, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस क्षेत्र में अब किसी ठोस समाधान की जरूरत है, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके और सड़क को सुरक्षित बनाया जा सके। विधायक ने यह भी बताया कि कई बार स्थानीय प्रशासन को भी इस विषय में सूचित किया गया है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और सरकार से मांग की है कि दनुआ घाटी को लेकर एनएचएआई को विचार करने की जरूरत है।

स्कूटी सवार दो युवतियों के साथ बाइक सवार ने की छेड़खानी

नव प्रदेश संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर स्कूटी पर सवार दो युवतियों के साथ बाइक पर सवार युवक ने छेड़खानी की।युवतियों की स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी । गनीमत रही कि पीछे से कोई बड़ा वाहन नहीं आया। इससे दोनों युवतियों की जान बच गयी। युवक के छेड़खानी से स्कूटी पर सवार दोनों युवतियों की जान भी जा सकती थी।

कुजू ओपी क्षेत्र के रतवे गांव निवासी राधा महतो अपनी सहेली बीआईटी मिश्रा, रांची निवासी अंजली महतो के साथ यूट्यूब वीडियो शूट के लिए लोकेशन देखने निकली थी। शनिवार को वे लोग हजारीबाग तक गए थे। लौटने के क्रम में मांडू से ही बाइक पर सवार युवक ने उसका पीछा करना शुरू किया। रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार ओवर ब्रिज तक युवक अपनी बाइक से पीछा करते पहुंचा। इस दौरान वह लड़कियों के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। साथ ही अश्लील टिप्पणियां भी कर रहा था। इस दौरान लड़कियों ने उस युवक का वीडियो भी बना लिया। कोठार ओवर ब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर उसने लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और छेड़खानी की। जिससे उनका स्कूटी असंतुलित हुआ और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दोनों लड़कियों को चोटे भी आई।

इस मामले में पीड़ित राधा महतो और अंजली महतो ने रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। लड़कियों की शिकायत के बाद रामगढ़ पुलिस भी हरकत में आई। पुलिस ने उस बाइक सवार की पहचान करनी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाले जा रहा है। यहां तक कि लाइन होटल में लगाए हुए सीसीटीवी कैमरे को भी पुलिस देख रही है।

नाबालिग ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

नव प्रदेश संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम। परसुडीह थाना क्षेत्र के सरजामदा गुरुद्वारा रोड में 11 वर्षीय एक स्कूली छात्र प्रेम मुंडा ने रविवार को दोपहर फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। वह सरकारी विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। सूचना मिलते ही मोहल्ले के लोगों ने उसे तुरंत खासमहल सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रेम की मां लक्ष्मी मुंडा टाटा मोटर्स में ठेका मजदूर के रूप में काम करती हैं और हर दिन की तरह रविवार को भी वह काम पर गई हुई थीं। घर पर प्रेम और उसकी छोटी बहन अकेले थे। बताया जा रहा है कि खेल-खेल में दोनों भाई-बहन के बीच किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। इसी दौरान प्रेम मुंडा कमरे में गया, दरवाजा बंद किया और दुपट्टे से लटक कर खुदकुशी कर ली। बहन के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर बच्चे को नीचे उतारा। तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही प्रेम की मां लक्ष्मी मुंडा अस्पताल पहुंची, जहां बेटे की मौत की खबर सुनकर वह बदहवास हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की चीख-पुकार से अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक के पिता का कुछ वर्षों पहले ही निधन हो गया था। मां लक्ष्मी मुंडा अपने दो बच्चों का पालन-पोषण अकेले कर रही थीं।

बाइक चोर धराया, लोगों ने पिटाई कर पुलिस को सौंपा

सरायकेला (नव प्रदेश)। आदित्यपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक चोर उस समय पकड़ा गया जब वह ईएसआई डिस्पेंसरी से बाइक चोरी कर फरार होने की कोशिश कर रहा था। स्थानीय लोगों की सतर्कता और सूझबूझ से आरोपित को गम्हरिया के ऊषा मोड़ पर धर दबोचा गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। चांडिल निवासी रूदिया गांव के दुर्योधन गोप रविवार को अपने साले मुकेश प्रधान की मोटरसाइकिल लेकर आदित्यपुर स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी गए थे। जब वह डिस्पेंसरी से बाहर निकले तो देखा कि एक अजनबी उनकी बाइक लेकर तेजी से भाग रहा है। उन्होंने शोर मचाया और तुरंत अपने कुछ परिचितों के साथ चोर का पीछा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चोर कुछ दूरी पर बाइक एक अन्य व्यक्ति को सौंपकर खुद भाग गया। बावजूद इसके, दुर्योधन और उनके साथियों ने पीछा जारी रखा और गम्हरिया क्षेत्र के ऊषा मोड़ के पास चोर को पकड़ने में सफल हुए।

डैम में डूबने से युवक की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखारी डैम में मछली पकड़ने गए 22 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान देवघर गांव निवासी बहादुर सिंह के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। देवघर गांव निवासी बहादुर सिंह अपने कुछ दोस्तों के साथ मछली पकड़ने के लिए पोखारी डैम गया था। मछली पकड़ने के दौरान जब वह जाल बिछा रहा था, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। साथ गए दोस्तों ने उसे बचाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन बहादुर पानी में डूब गया।

घटना की सूचना मिलते ही एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद बहादूर को पानी से बाहर निकाला गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई राजू सिंह ने बताया कि बहादूर चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। वह दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

नव प्रदेश संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिला स्थित धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-18 पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शनिवार देर रात धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र स्थित एनएच-18 पर बने रेलवे ओवर ब्रिज पर एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 24 वर्षीय गोबरा मुर्मू की मौत हो गई, जबकि उसके भाई रंजीत मुर्मू और एक अन्य साथी सुरेन गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक गोबरा घाटशिला अनुमंडल के चंदनपुर पंचायत के पिताझुड़ी गांव का निवासी था।

जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर देवशोल गांव में अपने परिचित के घर जा रहे थे। इसी दौरान ओवर ब्रिज पर किसी तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक हादसे के बाद वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को एंबुलेंस की सहायता से घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां गोबरा की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में ही गोबरा ने दम तोड़ दिया। वहीं रंजीत और सुरेन का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

गोबरा मुर्मू पेशे से ठेका मजदूर था और विवाहित था। उसकी एक छोटी संतान भी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां मातम का माहौल था। मृतक की पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। धालभूमगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामला दर्ज कर लिया गया है। अज्ञात वाहन चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

एक नजर

चौपारण में सड़क दुर्घटना लगातार जारी, तीन घायल

चौपारण (नव प्रदेश)। प्रखण्ड में सड़क दुर्घटना का दौर लगातार जारी है, पर थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश की अगुवाई में चौपारण पुलिस के त्तपरता से घायलो को तुरंत अस्पताल पहुंचाने से मौत के आंकड़े में कमी देखने को मिल रही है। लगातार तीसरे दिन भी प्रखण्ड में चार सड़क दुर्घटना हुई। पहली घटना में चौपारण बाजार में एक ट्रेलर एक दुकान में अनियंत्रित होकर जा घुसा। मिली जानकरी के अनुसार ट्रेलर केवलिया से महराजगंज जा रहा था इसी क्रम जीटी रोड में चौपारण चट्टी के लोहार पट्टी के समीप अनियंत्रित हो कर एक पूजा दुकान में घुस गया। गनीमत यह रहा की इस घटना में कोई हातहत नहीं हुआ। वहीं घटना के बाद लोगो को कहते सुना गया की रोड पर अतिक्रमण और नियम को ताख पर रख सड़क पर गाडी लगाना मुख्य कारण है। वहीं दूसरी घटना बसरिया के ककरौला के पास घटी जहां घुमावदार सड़क में तेज रफ्तार बाइक का नियंत्रण खोने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। सूचना पर चौपारण पुलिस ने सभी घायलों को आपदा मित्र के एम्बुलेंस से सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया और इलाज करवाया। घायलो का पहचान नाम वीरेंद्र कुमार पिता बबली कुमार,संजू कुमार, राहुल कुमार ग्राम नगंवा इटखोरी के रूप में हुई। तीसरी घटना दुनवा घाटी में शराब के नशे में धुत टेम्पू चालक का नियंत्रण खोने से हुआ। नियंत्रण खोने से टेम्पू पलट गया। जिसे स्थानीय लोगों ने टेम्पू उठाकर चालक को अस्पताल भेजवाया। नशे में धुत चालक ने अपना नाम मो जहांगीर शाह पिता मो रियाज शाह थाना आंती ,गया बिहार बताया। चौथी घटना सिंघरावा में घटी जहां एक ट्रेलर पलट गया।

सड़क दुर्घटना में घायल राहुल राणा की रांची अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत



हजारीबाग (नव प्रदेश)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम आरहरा टीपी निवासी राहुल कुमार राणा उम्र 26 वर्ष के दुर्घटना होने से रविवार को मृत्यु हो गया। मोटरसाइकिल से 16 अप्रैल को बड़कागांव आईडीबीआईडी बैंक के पास दो मोटरसाइकिल के भिड़ंत होने से घायल था। जिसकी इलाज रांची अस्पताल में ईलाज चल रहा था पर काफी गंभीर चोट तथा ज्यादा खून के बहाव के चलते डॉक्टर नहीं बचा सकें। बचपन में इनके पिता स्व. शिवनाथ राणा के मृत्यु हो गया था। राहुल एनटीपीसी के अंतर्गत शिवा शक्ति कन्वेयर बेल्ट में काम करता था, जिससे परिवार का घर गृहस्ती चल रहा था। 2023 में चमेली कुमारी से विवाह हुआ जो 16 माह का एक बच्चा है। अब घर पर 75 वर्ष के बुद्ध दादी के अलावे मां तथा एक छोटा भाई सूरज राणा है। घटना सुनकर पंसस व सह सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम धैर्य देने के लिए इनके घर पहुंचा। वहीं घर वाले का रो-रोकर हाल खराब है। वहीं लोगों ने कहा कि अगर हेलमेट लगाये रहता तो शायद राहुल की जान बच सकती थी। इसलिए सभी लोगों को कहा कि हेलमेट अति आवश्यक है तथा यातायात के सभी नियमों का पालन करना चाहिए।

डॉ ललन बाबू कस्तूरबा स्कूल के बच्चों ने जल संरक्षण का लिया संकल्प

चौपारण (नव प्रदेश)। प्रखंड के सिंहपुर में कस्तूरबा जन जागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सह आइडियल पब्लिक स्कूल सिंहपुर में जल संरक्षण पखवाड़ा 2025 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। और जल संरक्षण को लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट को प्रेजेंट किया। मौके पर बच्चों ने जल के महत्व को भी समझा और जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रचार्या ममता कुमारी ने छात्रों को जल जनित बीमारियों, स्वच्छ पेयजल और जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य पानी के महत्व से अवगत कराना और उसे बचाने के लिए प्रेरित करना है। वरिष्ठ शिक्षक सुग्रीव राम रजक ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोलानाथ दांगी, मुकेश सिंह, कृष्णा राणा, पप्पू गुप्ता, सुधीर पांडेय, मो सयुम अंसारी, अखिलेश दांगी, अनिता कुमारी, मौलाना कौसर रब्बानी, गणेश कुमार, बहादुर शाह जफर, मो मतीन, सुप्रिया मिस, राजेश कुमार, ललीता मिस सहित अन्य का योगदान रहा।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने कुंज बिहारी साहू

बड़कागांव (नव प्रदेश)। तेली साहू समाज संघर्ष समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू को आभार व्यक्त किया है। श्री साहू ने कहा कि मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है मैं उनका दिल से धन्यवाद करता हूं। इस पद पर मैं पूरी ईमानदारी के साथ काम करते हुए समाज के साथ खड़ा रहूंगा प्रत्येक गांव में रोजगार के साथ-साथ बहुसंख्यक तेली साहू गांव में एक-एक तेली साहू भवन निर्माण करवाने में सहयोग करूंगा। साथी साथ युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम करूंगा। हमारे समाज किसी विशेष पार्टी का बंधुआ वोटर होकर के समाज पिछड़ना जा रहा है। समाज के कुछ लोगों ने अंधेर नगरी में धकेलने का काम किया है। इसलिए तेली साहू समाज संघर्ष समिति का का स्थापना हुआ है और हमारा लक्ष्य है कि राजनीतिक भागीदारी ज्यादा से ज्यादा तेली साहू समाज को मिले जिससे समाज का अधिक से अधिक विकास हो। कुंज बिहारी साहू को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर साहू समाज के मुख्य रूप से बधाई देने वालों में रामविलास साहू,अयोध्या साहू, अर्जुन साव, मुखिया महेश साव, पूर्व मुखिया तपेश्वर साव, गणेश प्रसाद गुप्ता, लखन प्रसाद, पूर्व मुखिया चंद्रिका साव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि चंदर साव, मुखिया दिनेश साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष नंदलाल साव, जिला संयोजक रणधीर साहू, एवं अन्य सैकड़ो साहू समाज के लोगों ने बधाई दी है।

आज उपायुक्त को सम्मानित करेंगे प्रधानमंत्री

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। सिविल सर्विस डे के मौके पर विज्ञान भवन,नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को सिविल सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पीएम एक्सीलेंस फॉर एक्सीलेंस अवार्ड देकर 21 अप्रैल को सम्मानित करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल सिविल सर्विस डे पर सिविल सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पीएम एक्सीलेंस फॉर एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा जाता है। एक बार फिर गुमला जिला इस अवार्ड को लेकर चर्चा में है। इसके साथ ही गुमला जिला लगातार दुसरी बार यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले जिलों की सूची में शामिल होगा। इसके पूर्व गुमला के तत्कालीन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी 2022 में यह पुरस्कार प्राप्त कर चुकें हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस पुरस्कार के लिए जिला टीम की कड़ी मेहनत को दिया है।

गुमला में डीसी के नेतृत्व में तेजी से हो रहा विकास कार्य

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। गुमला में उपायुक्त के नेतृत्व में तेजी से विकास के कार्य हो रहे है। यही वजह है कि जिले को लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री अवॉर्ड दिया जा रहा है। वर्ष 2023 में यह सम्मान पूर्व उपायुक्त सुशांत गौरव को मिला था। इस बार उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को जिले के समग्र विकास के लिए यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड दिया जा रहा है। गुमला एक आदिवासी बहुल जिला है, जहां 162 पीवीटीजी ग्रामों में (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) 17000 से अधिक पीवीटीजी समुदाय (मुख्यतः आदिम जनजाति के असुर, कोरबा, ब्रिजिया, बिरहोर समुदाय)की बड़ी आबादी निवास करती है। ऐसे में, इनकी बेहतरी के लिए प्रशासन की ओर से किया गया प्रयास काफी सफल रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने न

केवल इन गांवों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की, बल्कि खुद गांवों का दौरा कर यह सुनिश्चित किया कि कोई भी लाभ से वंचित न रह जाए। उनकी पहल पर सभी पीवीटीजी परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 11 महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिला। हर ग्रामीण का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और व्यापक स्तर पर सिकल सेल एनीमिया जांच करायी गई। प्रशासन ने इन समुदायों को केवल पिछड़ा वर्ग मानकर नहीं देखा, बल्कि इन्हें अति संवेदनशील समुदाय के रूप में पहचान दी और उनकी जरूरतों को प्राथमिकता दी।

बंगाल हिंसा के खिलाफ विहिप, बजरंग दल और मातृ शक्ति का आक्रोश प्रदर्शन

ममता सरकार को बर्खास्त कर लागू हो राष्ट्रपति शासन

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के विरोध की आड़ में एक समुदाय विशेष की ओर से हिंदुओं पर बर्बर हमले, हिंदुओं के पलायन और वहां की राज्य सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किये जाने के खिलाफ विहिप, बजरंग दल एवं मातृ शक्ति ने रविवार को आक्रोश प्रदर्शन किया। इस मौके पर टावर चौक पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला भी फूंका गया। इसके पूर्व श्री हनुमान मंदिर बड़ाइक मुहल्ला से एक आक्रोश रैली निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता बंगाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। इसके बाद रैली टावर चौक पहुंची जहां लोगों ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन करते हुए आक्रोश का प्रदर्शन किया।

इस मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के विरोध की आड़ में हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जिहादियों ने हिंदुओं के घर को निशाना बनाकर सुनियोजित तरीके से हमला और पत्थरबाजी की। महिलाओं से दुष्कर्म किया। लेकिन बंगा सरकार खामोश होकर तमाशा देख रही है। दंगाई खुलेआम हमले कर रहे है। हिंदुओ का जीना दुभर हो गया है। मगर सरकार या प्रशासन के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। विवश होकर कई स्थानों के हिंदू पलायन करने पर मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बंगाल को बांग्लादेश और पाकिस्तान बनाने में तुली हुई है।

मौके पर विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि जेहादी भीड़ बोलती है कि इस्लाम धर्म अपना लो तो तुमलोगों का घर और परिवार बच जाएगा। छह महीने के बच्चे को उनकी मां के गोद से छीन कर आग में जेहादी भीड़ ने फेंक दिया। ऐसी बहुत सी घटनाएं हुई है जो भयानक और दर्दनाक है। ये सारी घटना सिर्फ हिंदुओं के साथ ही क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति बंगाल में बनी रही तो विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल हिंदुओं का कुंभ बुलाएगा।

प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार ने कहा ये सारी घटनाएं दशार्ती हैं कि बंगाल की सरकार अपने राज्य में पूरी तरह फेल है, पुलिस और प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से विफल है। इसलिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल केंद्र सरकार और राष्ट्रपति से आग्रह करता है कि बंगाल में ममता सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू हो। मौके पर केशव चंद्र साय, अजय सिंह राणा, पूनम सिंह, शैल सिंह, अमन राणा,भिकेश्वर नागमणि, बृज गोप, अरविंद लोहारा,लक्ष्मी बड़ाइक, दीपक सोनी,बबलू वर्मा, अमन कुमार, नितेश सिंह, रोहित राम, आशीष कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, अरुण पांडा, अशोक कुमार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

आधार कार्ड के लिए विशेष शिविर का आयोजन आज से

आधार पंजीकरण में सुधार व नया आधार कार्ड बनाएं

नव प्रदेश संवाददाता

बेरमो। सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने हेतु आधार कार्ड लाभुकों के पास होना अनिवार्य है। बिना आधार कार्ड के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ लाभुकों तक पहुंचाना सुलभ नहीं है। उन्हें ऐसे में ससमय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता हैं। ई-केवाईसी नहीं हो पाता है। ऐसे में बोकारो उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार 21 अप्रैल से 01 मई तक आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। ताकि वैसे लाभुक जिनके आधार कार्ड में कोई त्रुटि हैं अथवा जिनके पास आधार नहीं है, त्रुटि में सुधार अथवा नये आधार कार्ड आसानी से बना सके।

इस कार्य के लिए बोकारो जिले के विभिन्न बैंकों,पोस्ट ऑफिस, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में संचालित आधार पंजीकरण, सुधार केंद्रों में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस संदर्भ में बोकारो डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया है। कहा है कि वे अपने-अपने प्रखंडों में वैसे लाभुकों को सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया है। कहा है कि वे अपने-अपने प्रखंडों में वैसे लाभुकों को जिनके आधार में त्रुटि है या जिनके पास आधार नहीं है, उन्हें शिविर के माध्यम से शत-प्रतिशत आधार पंजीकरण अथवा अपडेट कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, शिविर का व्यापक प्रचार- प्रसार भी करेंगे।

मंत्री योगेंद्र ने कथारा में प्रस्तावित विद्युत ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप के स्थल का किया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

गोमिया। राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कथारा में बनने जा रहे ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप(टी आर डब्ल्यू) के लिए चिन्हित बिजली विभाग की जमीन का निरीक्षण किया। यहां अधिकारियों ने उन्हें ड्राइंग डिजाइन के जरिए निर्माण होने वाले वर्कशॉप, स्क्रैप स्टोर आदि की स्थल का अवलोकन कराया। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने पत्रकारों को बताया की गोमिया,बेरमो और नावाडीह प्रखंड के लोगों को निर्माण होने वाले इस टी आर डब्ल्यू वर्कशॉप से बहुत सहूलियत मिलेगी। दूरी घटेगी और समय की बचत होगी,वहीं क्षेत्र के विकास को भी बल मिलेगा,एक आधारभूत संरचना का निर्माण होगा। यहां विद्युत आपूर्ति क्षेत्र

धनबाद के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता अशोक कुमार सिंन्हा, विद्युत अधीक्षण अभियंता डीके सिंह, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा, विद्युत कार्यपालक अभियंता तेनुघाट प्रभाकर कुमार, सहायक विद्युत अभियंता गोमिया कथारा राजेश बिरूवा, गोमिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो, अंचल अधिकारी आफताब आलम, विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बोकारो मीडिया क्लब व डाक विभाग की टीम के बीच हुआ मैत्री क्रिकेट मैच

नव प्रदेश संवाददाता

बोकारो। बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 ई स्थित खालसा मैदान में बोकारो मीडिया क्लब व डाक विभाग की टीम के बीच मैत्री क्रिकेट मैच हुआ। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बोकारो मीडिया क्लब ने निर्धारित 12 ओवर में 86 रन का स्कोर खड़ा किया। मनीष कुमार ने अपनी टीम के सर्वाधिक 36, लक्ष्मी ने 18, रामेश ने आठ रन बनाए। राममूर्ति प्रसाद, चुमन कुमार, हिमांशु वर्मा, अभय, राजेश कुमार व धर्मनाथ कुमार ने भी सराहनीय प्रदर्शन किए। जवाबी पारी खेलते हुए डाक विभाग की टीम निर्धारित 12 ओवर में 80 रन ही बना सकी। डाक विभाग के गुलशन ने अपनी टीम के लिए 25 व विशाल ने 15 रन बनाए। देवेंद्र कुमार, विशाल शर्मा, अभिजीत, विक्की, विक्रम, आलोक व प्रसेनजीत ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर बोकारो मीडिया क्लब के मनीष कुमार को प्लेयर आफ दी मैच घोषित किया गया। मौके पर मृत्युंज मिश्रा, राजेश राज, सुरेंद्र सांवत, हिमांशु, रवि रंजन, जितेंद्र नारायण, सुनील कुमार, दिलीप, आर्यन सहित अन्य उपस्थित रहे।

न्याय | तेनुघाट जेल में कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन, न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय ने कहा

अगर आप पर मुकदमा है, तो मुफ्त में मिलेगी कानूनी सलाह

नव प्रदेश संवाददाता

तेनुघाट। सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज बोकारो के निर्देश पर तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय के संयुक्त नेतृत्व में रविवार को आयोजित किया गया। साथ ही जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कानूनी जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए एसीजेएम मनोज प्रजापति ने बताया कि अगर कहीं कोई मारपीट होता है तो पीड़ित का

मेडिकल कराया जाता है। जिसका मेडिकल रिपोर्ट डॉक्टर द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। उसी के आधार पर न्याय में आपको सहायता मिलती है। बंदियों को कानूनी जानकारियां देते हुए बताया कि अगर आपके खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया जाता है और आपको थाना से नोटिस जारी किया जाता है, तो आप थाना में जाकर अपनी बात रख सकते हैं। बताया कि प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। वहीं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय ने बताया कि न्यायालय में अगर आपका मुकदमा है, तो आपको मुफ्त अधिवक्ता, कानूनी सलाह दिया जाता है। कहा कि वैसे बंदी जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। डॉ शंभू कुमार ने बताया कि हम आजाद देश के नागरिक हैं। हम सभी को आजादी से जीने की आजादी है। हमें कानून का भी पालन करना चाहिए।

शिविर में पैनल अधिवक्ता प्रशांत पाल ने दहेज अधिनियम के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनो अपराध है। इसलिए हमें अपराध से बचने की जरूरत है। स्वागत भाषण करते हुए जेल अधीक्षक अरुणाभ ने बताया कि हमें यहां से अपने आप को सुधार कर आगे बढ़ना चाहिए। हम जेल से निकलकर दूसरे को भी अपराध से दूर रहने की जानकारी दे सकते हैं, ताकि वे भी अपराध न करें। मंच संचालन करते हुए अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने बताया कि हमें हमेशा कानून के दायरे में चलना चाहिए, जिससे हमें कभी भी किसी भी तरह के परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। धन्यवाद ज्ञापन जेलर नीरज कुमार ने किया।मौके पर श्रीनिवास कुमार, विजय ठाकुर, मनोज प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।

एक नजर

कामडारा के सीएनआई चर्च में ईस्टर का जश्न, पास्का जागरण में उमड़े लोग

कामडारा (नव प्रदेश)। कामडारा के सीएनआई चर्च में ईस्टर पर्व धूमधाम से मनाया गया। पास्टर रेव भुइया ने विशेष प्रार्थना में बताया कि प्रभु यीशु मसीह तीसरे दिन जीवित हुए थे। कामडारा सीएनआई चर्च में ईसाई समुदाय ने शनिवार की रात पास्का जागरण और ईस्टर पर्व धूमधाम से मनाया। ईस्टर येसु मसीह के पुनर्जीवन का पर्व है।पर्व की शुरूआत में एक नई अग्नि प्रज्वलित की गई। यह अग्नि मसीह में अनंत जीवन का प्रतीक है। मोमबत्ती पर क्रूस के चिह्न में पांच धूप के दाने रखे गए। ये येसु मसीह के शरीर पर बने पांच घावों का प्रतीक हैं। मोमबत्ती पर 'अल्फा और ओमेगा' भी अंकित किया गया।लोगों ने जलती मोमबत्तियों के साथ गिरजा में प्रवेश किया। पवित्र जल से आशीर्वाद दिया गया। फादर रेव भुइया ने पूजन विधि का नेतृत्व किया। उन्होंने विश्व कल्याण और भारत की उन्नति के लिए विशेष प्रार्थना की। रात्रि जागरण के बाद सभी के लिए चाय और ईस्टर एग का प्रबंध किया गया। कार्यक्रम की सफलता में ,अमित, जिदन, अनिप , उज्जवल कुंडलना सिस्टर्स, टीचर्स और युवा संघ का विशेष योगदान रहा। कई महिलाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

राजयोग मेडिटेशन के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन

तेनुघाट (नव प्रदेश)। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्था बोकारो के द्वारा तेनुघाट एफ टाइप दुर्गा मंडप के प्रांगण में राजयोग मेडिटेशन के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगो को बताया गया कि राजयोग मेडिटेशन से सभी समस्याओं का समाधान होता है। राजयोग मेडिटेशन से मन शांत और केंद्रित होता है। तनाव और चिंता से राहत मिलती है, तथा बीमारियों दूर होती है। नींद की गुणवता में सुधार होता है। याददाश्त और एकाग्रता में वृद्धि होती है। कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। इस शिविर में सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच कर ब्रह्मकुमारी ज्ञान का लाभ लिया। शिविर में ब्रह्मकुमारी कमला दीदी, प्रभा, रीति, अनीता, कंचन, सावित्री, रेशमी, रजनी, मनोज, भगत, प्रल्हाद, कमल एवं विवेक सहित तेनुघाट पंचायत मुखिया नीलम श्रीवास्तव, बलदेव मिश्रा, राजेश वर्णवाल, देवनन्दन प्रसाद, अरुण महतो, प्रशांत पाल, सुजाता प्रसाद, ममता देवी, मदन कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

मारवाड़ी पंचायत कार्यकारिणी के चुनाव के लिए कुल 29 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

चास (नव प्रदेश)। मारवाड़ी पंचायत कार्यकारिणी सत्र 2025- 27 के चुनाव के लिए कुल 29 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस नहीं लिया गया। अतः कुल 29 प्रत्याशी की सूची चुनाव समिति द्वारा जारी की जा रही है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 2, सचिव पद के लिए 2, कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए 23 उम्मीदवार है। उक्त जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी श्यामसुंदर जैन एवं चुनाव पदाधिकारी संजय अग्रवाल और अनुप सुद्रानिया ने संयुक्त रूप से दी।

जेईई मेन के टॉपर ऋषव रंजन को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने दी बधाई

बोकारो (नव प्रदेश)। बिहार कॉलोनी चास निवासी रवि रंजन कुमार, रूबी देवी के सुपुत्र ऋषव रंजन को जेईई मेन 2025 का जिला बोकारो टॉपर (99.90) होने पर आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने घर जाकर बधाई शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य टिंकू तापड़िया ने कहा कि ऋषव रंजन ने न सिर्फ अपने माता पिता, गुरुजनों का अपितु मारवाड़ी पंचायत द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। सबों ने ऋषव कोजेईई एडवांस के सफलता के लिए भी अग्रिम बधाई दी।

मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में अग्निशामालय द्वारा मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

चास (नव प्रदेश)। अग्निशमन सुरक्षा जागकता सप्ताह के अंतर्गत मुस्कान हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर चास में अग्निशामालय द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम में चास अग्निशमन के मो० जुनैद एवं दिनेश उरांव द्वारा हॉस्पीटल के चिकित्सक, कर्मचारियों एवं मरीज के परिजनों के बीच विभिन प्रकार के आग से होनेवाले दुर्घट्नाओ एवं आग बुझाने का यंत्र अग्निशामक यंत्रों के व्यवहार बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव, डॉ अवनीश श्रीवास्तव,डॉ इरफान अन्सारी ,डॉ शाहनवाज अख्तर उपस्थित थे। साथ ही हॉस्पिटल के अनीता असलम, नरेश जुल्फी, अखतर शिश्वेन्द्र, रॉबिन, जब्बार, प्रमाणिक आदि उपस्थित थे। इसकी जानकारी मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के जनसंपर्क पदाधिकारी फाल्गुनी भट्टाचार्य ने दी।

पारा शिक्षकों का वजूद व अस्मिता खतरे में : सुखदेव

नव प्रदेश संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड के 62 हजार सहायक अध्यापकों की जिंदगी में हमेशा दुर्गतियों और मुसीबतों के पहाड़ की सौगातें मिलती रही है लेकिन इनका जीवन 22 वर्षों तक लगातार बेहतर सेवा के निष्ठा पूर्वक समर्पण के बावजूद भी नहीं संवर पाई। यही है दुर्भाग्यपूर्ण और अभाग्यशाली शैक्षाणिक विरासत की इमारतें सजाने और संवारने वालों की जुबानी जिन्हें हमेशा ही इन गरीबी की थपेड़ों से त्रस्त हो कर प्रतिभा की किरणें समाज और राष्ट्र को शिक्षा के क्षेत्र में अनमोल रौशनी बिखेरने का काम करने वाले गरीब का बेटा पारा शिक्षक के रूप में अवतरित हुआ। जिन्हें हमेशा नियुक्ति की प्रक्रिया को नियमानुकूल नहीं बताने एवं आरक्षण रोस्टर का अनुपालन नहीं किए जाने जैसी अनेक तकनीकी अड़चनें लगाते हुए वेतनमान जैसी सुविधाओं का गला घोंटा जाना सभी सरकारों की फितरत बन गई है जो बिल्कुल असंवैधानिक मूल्यों का परिचायक है। ये परिस्थितियां कैसे आई इसे गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। अंगूर गुच्छों में देखने में बहुत लाजबाव लगता है और वही अंगूर बिखर जाने पर उसका अहमियत कम हो जाता है दिखावे में भी सुंदरता में कमी हो जाती है। मधुमक्खियों की गोलबंदी किसी को भी नुकसान पहुंचा सकती है और केवल एक मधुमक्खी किसी को भी कुछ नहीं बिगाड़ सकती है।पारा शिक्षक 2002 से ही निरंकुश बादशाहियत के शोषण का शिकार हो रहे हैं इससे शोषण मुक्त समाज की ओर अग्रसर होना चाहिए लेकिन यहां शोषण युक्त समाज को बढ़ावा देने में महारत हासिल कर रही है जो बिल्कुल न्यायसंगत नहीं है। एक तरफ सरकार मईया सम्मान योजना जैसी अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से झारखंड वासियों की तरक्की , शोहरत और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं झारखंड में 62 सहायक अध्यापकों के द्वारा पूरे झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं अति सुदूरवर्ती इलाकों के नौनिहालों के भाग्य संवारने में अपनी सारी जिंदगी की आहूति दे दी है बावजूद इन मेहनतकश मजदूरों का बेटा और बेटियों का जो अभाग्यशाली का ताज पहन कर मामूली सी हैसियत वाली पारा शिक्षकों की नौकरी पाकर अपने आप को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं लेकिन सरकार उनके उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है इसके लिए उनकी तनिक चिंता नहीं है। विगत 22 वर्षों से पारा शिक्षक अपने हक और अधिकार के लिए सड़क से सदन तक लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप आंदोलन का आगाज करते हुए कानून की लाठियों और तानाशाही मिजाज वाले अधिकारियों का तुगलकी फरमान सहित अन्य कानूनी शिकंजों का शिकार हुए, होटवार जेल का दर्शन हुआ,283से साथियों पर मुकदमे दर्ज किए गए,27 साथियों ने अपनी शहादत दी अनेकों बार उच्च स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकें भी हुई इंप्लिमेंटेशन भी हुई कुछ खास बिंदुओं पर विचार होना बाकी है।

झारखंड के पारा शिक्षकों के हितैषी दिवंगत शिक्षा मंत्री स्व टाइगर जगरनाथ महतों के हाथों से वेतनमान की सौगातों पर मुहर लगना बाकी रह गया यही सबसे बड़ा तोहफा हमारी जिंदगी को स्वर्ग बना देती परंतु दुर्भाग्य है उनका इस धरती से विदा होना हम सभी अनाथ हो चुके हैं। तत्कालीन शिक्षा मंत्री श्री बंधु तिर्की ने 2008 में सीमित परीक्षा का वरदान मिला था उसे ठुकरा देना सबसे बड़ा बबार्दी का मंजर बना राजधानी में जयपाल सिंह स्टेडियम आंदोलन का मुख्य केंद्र बना था वहां की दहाड़ से पूरी राजधानी हिल गई थी सरकार बेदम हो चुकी थी लेकिन कुछ नापाक इरादों से सुसज्जित नेताओं ने मुख्यमंत्री और सरकार की दलाली करने वालों ने इस आंदोलन को गिरवी रख दिया पारा शिक्षकों की अस्मिता को खतरे में डाल दिया।

डबल इंजन की तानाशाही मिजाज वाली सरकार ने भी हमारे उज्जवल भविष्य के आंदोलन को कुचल डाली है और हमारे भविष्य को रौंदने का कार्य किया है जो बिल्कुल घटिया मानसिकता को दशार्ता है।

विगत 22 वर्षों से सेवारत पारा शिक्षकों ने पढ़ाई और लड़ाई के तर्ज पर अपने मौलिक अधिकारों को प्राप्त करने की हर कोशिशों एवं प्रयासों के बाद अपने ही आबा धरती के मिटी की सरकार बनाने में सहायक अध्यापकों का अहम योगदान रहा। लेकिन इस लोकतांत्रिक सरकार ने हमारे आंदोलन को हमारी एकजुटता की ताकत को बेनकाब कर दिया सिर्फ आश्वासनों की झड़ी लगा कर हमारी प्रतिभाशाली मुरादों को कैद कर कूड़ेदान में डाल दिया है जो बिल्कुल नाइंसाफी है। हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली महागठबंधन की कमान संभालने वाली सरकार ने हमारे बीच वादा की थी कि हमारी सरकार बनते ही तीन माह के भीतर सभी गरीब के बेटों को वेतनमान की सौगातों से अच्छादित कर स्थायीकरण के झंझटों से निपटारा कर देंगे लेकिन हमें वादा खिलाफी का दंश झेलना पड़ रहा है जो काफी शर्मनाक है इस वायदे को हर हाल में हेमंत सरकार को चुकानी चाहिए। सरकार हमें इन सौगातों से नहीं नवाजी है लेकिन फुट डालो शासन करो की नीतियां अपनाकर हमारी एकता और सांगठनिक ताकतों को भस्मासुर की तरह मेरे सर पर हाथ रख कर हमारी अनमोल रत्न को जला दिया। समान काम का समान वेतन हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है हमारे संवैधानिक हक और लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक अनमोल हिस्सा है। इसे हम लेकर ही दम लेंगे परंतु पारा शिक्षकों से अपील है कि बिखरा हुआ समाज और बिखरी हुई ताकत कभी भी इस मुल्क का बादशाह नहीं बन सकता। हमारी एकता और सांगठनिक ताकतों को भस्मासुर से भी खतरनाक जल्लादों के मानसिक सहयोगात्मक पृथकतावादी ताकतों से हम सभी को अलगाववादी विचारधारा और नफरत की मंजिलों पर खड़ा कर दिया। कुकुरमुत्ते की तरह अलग अलग संगठन का सृजन कर नए नए नेताओं उदय होना, गोलबंदी ताकतों को तोड़ मरोड़ कर अपनी सस्ती लोकप्रियता को स्थापित करना, सरकार की नजरों में विफलता का मुहिम चला कर अपने आप को कमजोर बनाना, अलग अलग बैठकों का सिलसिला, अलग अलग मांगों का मांग पत्र सौंपना, टेट पास सबसे बड़ा मालिक बन कर उभरना, नन टेट वाले को कमजोर बनाना, आकलन पास पारा शिक्षकों को उनके आकलन का हक क्या उनके आकलन पास का सर्टिफिकेट भी देने में कोताही बरतना, तय समझौते के अनुरूप किसी भी बिंदु पर पहल करने में दिलचस्पी दिखाना ये सारे कारनामे सरकार और उनके अधिकारी सहित पारा शिक्षकों के नेतृत्वकारी साथियों का दोष है। तमाम सहायक अध्यापकों से अपील है कि तमाम सवालों और असंवेदनशील विचारों को त्याग कर समस्त 62 हजार सहायक अध्यापकों का जनसैलाब रांची के सड़कों पर इंकलाब का नारा गुंजायमान करने की ओर पहल अविलंब किया जाए वरना सारी जिंदगी चौपट हो जाएगी। है नहीं परवाह मुझे कि आज जमाना खराब है रास्ता चलूंगा वही जो बिल्कुल सीधा साफ है।

हेमंत सोरेन व अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन का भाजपा ने फूंका पुतला

नवप्रदेश संवाददाता

जमुआ। जमुआ में भाजपा जमुआ के और से हफीजुल हसन के द्वारा दिए गए विवादित बयान दिल में सरिया और हाथों में संविधान के आक्रोश में तमाम भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने हफीजुल हसन का पुतला फूंका एवं हेमंत सोरेन का पुतला फूंकते हुए विरोध प्रदर्शन किया भाजपा जमुआ प्रखंड संयोजक सुमन सिन्हा ने कहा की सबसे पहले संविधान है देश संविधान से चलता है वही भाजपा नेता विनय पांडेय ने कहा हफिजूल हसन जैसे नेता लोग सरिया मानने वाले लोग सीरिया चले जाएं भाजपा नेता वीरेंद्र राम ने कहा की झारखंड में ऐसे नेताओं की जरूरत नहीं है इन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए हमारा झारखंड ही नहीं पूरा देश संविधान से चलता है और एक देश एक विधान एक संविधान से देश चलेगा सोशल मीडिया प्रभारी दशरथ यादव ने कहा राज्य में ऐसे नेताओं को मंत्री बनाया गया जिस संविधान और नियम के बारे में जानकारी ही नहीं है राज्य का बेड़ा गर्ग होना तय है इस विरोध प्रदर्शन में प्रखंड संयोजक सुमन सिन्हा, दशरथ कुमार यादव सोशल मीडिया प्रभारी के अलावा राजेंद्र राय,प्रकाश यादव, वीरेंद्र राम गुप्ता, अनंत साव, विनय पांडेय, अनिल महथा, दशरथ यादव, पियारी राणा, पिंटू साव, सूरज साव, अजीत वर्मा, भूदेव सिंह, पुरूषोतम सिन्हा, कपिल देव पांडे, पप्पू वर्मा के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

कैंपस में चारपहिया अज्ञात गाड़ी को खड़ा कर छोड़ देने का मामला आया सामने

गिरिडीह (नव प्रदेश)। नगर थाना क्षेत्र के अरघा घाट नया पुल के समीप एक कैंपस में चारपहिया अज्ञात गाड़ी को खड़ा कर छोड़ देने का मामला सामने आया है। यह कैंपस अरघा घाट निवासी प्रदीप गोप का है। दो दिन पूर्व रात के वक्त किसी ने उक्त वाहन को उस कैंपस की झाड़ियों के पास खड़ा कर दिया था,दो दिनों से कैंपस के मालिक प्रदीप गोप किसी पड़ोसी द्वारा वाहन खड़ा करने की सोच रखे थे, लेकिन जब रविवार को छुट्टी वाले दिन मुहल्ले वासियों से अज्ञात गाड़ी खड़ा करने के बारे में पूछताछ की तो किसी ने भी गाड़ी करने खड़ा करने की बात से इनकार किया तब उन्होंने वहां के बारे में जांच पड़ताल शुरू किया इसके बावजूद भी उसे गाड़ी के मालिक की जानकारी नहीं मिल पाई तब उन्होंने इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी। नगर थाना पुलिस फिलहाल मौके पर पहुंचकर अज्ञात वाहन के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है वही कैंपस मलिक प्रदीप गोप ने बताया कि उनके कैंपस में गेट नहीं लगा हुआ था और उसे कैंपस में आसपास के लोग अपनी दो पहिया और चार पहिया वाहन पार्किंग करते हैं ऐसे में उसे अज्ञात गाड़ी के बारे में उन्होंने जब जानकारी इकट्ठा की तो उसका मालिक का पता नहीं चल पाया इसलिए उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी है।

मसीही समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ मनाया ईस्टर सण्डे

सैंकड़ों की संख्या में मसीही धर्मावलंबियों ने गिरजाघरों में की प्रार्थना

नव प्रदेश संवाददाता

गिरिडीह। ईस्टर के अवसर पर पचम्बा सीएनआई चर्च में मसीही समुदाय के धर्मावलंबियों ने प्रार्थना की और एक दूसरे को यीशु मसीह के मरणोपरांत तीसरे दिन जिवित होने को लेकर बधाई दी। इस बाबत बताते चलें कि आज से 2 दिन पूर्व गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह को क्रूस पर चढ़ा दिया गया था और वहां उन्होंने अपना प्राण त्याग दिए थे, और बाइबल के अनुसार तीसरे दिन यीशु मरकर भी जी उठे और मृत्यु पर विजय जय पायी। इसी खुशी में मसीही समुदाय ईस्टर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। इस अवसर पर आज की चर्च आराधना रेव्ह सन्नी दास द्वारा लिया गया। उन्होंने बाइबल के माध्यम से संदेश देते हुए कहा कि यीशु मसीह आज भी जीवित है और युगानुयुग जीवित रहने वाले हैं। वह फिर आएंगे और जब तक उनका द्वितीय आगमन नहीं हो जाता तब तक हम सभी को तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि बाइबल कहती है कि ना हम उस घड़ी को जानते हैं ना उस दिन को युवा कब आएंगे लेकिन यह निश्चित है कि वह आएंगे और अपने चाहने वालों को अपने मानने वालों को स्वर्ग राज्य में अपने साथ लेकर जाएंगे। इस मौके पर चर्च आराधना के बाद सभी सभी श्रद्धालुओं को सामुहिक नास्ता मनोज लाल के परिवार वालों द्वारा करवाया गया। चर्च आराधना के बाद सभी श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को हेप्पी ईस्टर की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कि इसी क्रम में अहले सुबह मसीही समुदाय के कब्रिस्तान में चर्च आराधना किया गया और अपने अपने परिजनों के कब्रों पर फुल और मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना की। इस दौरान चर्च आराधना में संजीव किडर, जोय केशप ओरबेन सहाय, विलियम जेकब, रंजना जेकब, संचिता मरांडी, झरना दीपाली, केपी मरांडी, सिलास मंडल, सतीश केशप, जिब्राइल मुर्मू, निहार सोरेन, डॉ संजीव कुमार, प्रतुल चौधरी समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने महेश मारवाह, सचिव अमितेश प्रकाश

नव प्रदेश संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ शहर के बिजुलिया स्थित लॉ मैरिटल होटल के सभागार में रविवार को रामगढ़ प्रेस क्लब की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद के लिए महेश मारवाह को ध्वनि मत के साथ निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश वर्मा, सचिव पद के लिए अमितेश प्रकाश, सहसचिव पद के लिए अनुज कुमार, कोषाध्यक्ष पद लिए के लिए मोहम्मद खालिद अनवर, संगठन सचिव के लिए करमजीत सिंह जग्गी, मुख्य संरक्षक पद के लिए नंदकिशोर अग्रवाल, संरक्षक के लिए महावीर अग्रवाल, राजेश राय और रामशंकर प्रसाद मुन्ना को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। मौके पर रामगढ़ प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश मारवाह ने कहा कि रामगढ़ प्रेस क्लब के जो सदस्य हैं उनके हितों के लिए पिछले छह वर्षों से लगातार प्रयासरत रहे और आगे भी तीन साल के लिए यह जो टर्म बना है, इसके लिए भी पत्रकारों के हितों के लिए जो भी संभव हो पायेगा। वह हर संभव पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से जो भी सुविधाएं पत्रकारों को नहीं मिल पा रही है। वह सुविधाएं भी लेने का प्रयास किया जाएगा। वहीं आए दिन पत्रकारों के ऊपर जो हमले होते हैं, इस दिशा में भी हमलोग सरकार से वार्ता करेंगे। रामगढ़ प्रेस क्लब के लिए अपना भवन नहीं, इसके लिए क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही झारखंड सरकार से मिलकर भवन आवंटित करने की मांग की जाएगी। बैठक के माध्यम से मारवाह ने यह भी कहा कि धनबाद और हजारीबाग में पत्रकारों के ऊपर जो हमले हुए हैं, वह काफी निंदनीय है, इसकी भर्त्सना की जाती है। इसके लिए भी क्लब का प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार से मिलकर दोषियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई के लिए मांग करेंगे। रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से महेश मारवाह के निर्वाचित होने पर क्लब के नवनिर्वाचित मुख्य संरक्षक नंदकिशोर अग्रवाल, संरक्षक महावीर अग्रवाल, संरक्षक राजेश राय, उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, संगठन सचिव करमजीत सिंह जग्गी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद खालिद अनवर, सदस्य विरेन्द्र कुमार राणा, धर्मेंद्र राठौर, आकाश शर्मा, रामदेव, प्रकाश पटवारी, आशीष मुखर्जी, इन्द्रजीत कुमार आदि सदस्यों ने बुके देकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

कोल वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, 10 घंटे सड़क जाम

नव प्रदेश संवाददाता

चतरा। सिमरिया थाना क्षेत्र के बाबा पेट्रोल पंप के समीप? खपिया पगार गांव निवासी 28 वर्षीय सुनिल राम की मौत कोल वाहन की चपेट में आने से हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया की घर में सुनिल के चचेरे भाई की शादी थी। वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। वह डीजल लेने के लिए घर से निकला और बाबा पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। सिमरिया पुलिस न रविवार को शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और कोल वाहन परिचालन को बंद करवाकर उचित कार्यवाही की मांग कर रहे थे। मौके पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी मामले को गम्भीरता को देखते हुए जाम स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझने बुझाने का प्रयास किया। परंतु ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर अडे रहे। अधिकारी थौर जनप्रतिनिधियों ने कोल ट्रांसपोर्टर से संपर्क कर मुआवजा दिलवाने का प्रयास किया। दस घंटे बाद मुआवजे की आश्वासन के बाद जाम हटा। मौके पर झामुमो नेता मनोज चंद्रा, जिप सदस्य देवनंदन साहू, पंचायत समिति सदस्य परमेशवर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर

अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी, बाल-बाल बचे लोग

गांडेय/गिरिडीह (नव प्रदेश)। गिरिडीह टुंडी मुख्यमार्ग के ना वा टांड़ के पास रविवार को अहले सुबह करीब आठ बजे तेज रफ्तार से आ रही कार जे एच 24 जे 2530 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि दुर्घटना से वाहन में सवार किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं लगी ग्रामीणों ने कार में सवार व्यक्तियों सुरक्षित बाहर निकाला गया मिली जानकारी के अनुसार रविवार अहले सुबह कार वाहन संख्या जे एच 24 जे 2530 धनबाद के तरफ से आ रहे थे इसी बीच गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के टुंडी गिरिडीह मुख्यमार्ग के नावाटांड़ के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना ताराटांड़ पुलिस को दी सूचना पाकर ताराटांड़ पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

गिरिडीह (नव प्रदेश)। अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा पश्चिम बंगाल में हो रहे हिंदुओ पर अत्याचार के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर हिन्दू हेल्पलाइन के जिला मंत्री बसन्त सिंह ने बताया कि जिस प्रकार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर जिहादियो द्वारा अत्याचार किया गया है उससे सारे देश के हिन्दू आहत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ऐसे जिहादियो पर करवाई के बजाए सरंक्षण देती है जिससे उनकी हिम्मत बढ़ जाती है उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार अविलम्ब इसपर करवाई करे। मौके पे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद विभाग अध्यक्ष रविशंकर पांडे जी जिला अध्यक्ष रितेश पांडे राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष गौरव कुमार अंशु उपाध्यक्ष सुजीत सिंह मंत्री कुंदन केसरी कार्यकारिणी सदस्य शुभम झा हिंदू हेल्पलाइन अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष श्याम राणा नगर महामंत्री उदय चंद्रवंशी राष्ट्र बजरंग दल नगर अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी उपाध्यक्ष अमन चंद्रवंशी सदर प्रखंड से राष्ट्र बजरंग दल उपाध्यक्ष विशाल विश्वकर्मा उपाध्यक्ष अनूप राय इंडिया हेल्थ लाइन अध्यक्ष चुरामन हिंदू सक्रिय कार्यकर्ता अनिल राय, अंशु यादव, छोटू यादव, सोनू यादव एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी तिलकधारी प्रसाद सिंह की तबीयत जानने नर्सिंग होम पहुंचे

गिरिडीह (नव प्रदेश)। कोडरमा लोकसभा के पूर्व सांसद तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माननीय तिलकधारी प्रसाद सिंह कयी दिनों से तबीयत खराब है जहां वे नव जीवन नर्सिंग होम (आई.सी.यू.) में भर्ती हैं। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी तथा नगर विकास मंत्री सुदिवय सोनू नवजीवन नर्सिंग होम पहूचे। इस मौके पर मंत्री गण वहां के डाक्टर माधुरी से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की इस दौरान उन्होंने उनके पुत्र किशोर कुमार सिंह और कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह से भी श्री तिलकधारी सिंह का हालचाल जाना और श्री सिंह के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गौरतला भारती मंत्री स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी गिरिडीह सदर अस्पताल ब्लड कंपोनेंट का उद्घाटन करने आए थे इसी कड़ी में उन्होंने कार्यक्रम के उपरांत विशेष रूप से नर्सिंग होम जाकर श्री तिलकधारी सिंह का कुशलक्षेम जाना।

दफन बच्चे का निकाला गया शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

तिसरी/गिरिडीह (नव प्रदेश)। जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह में गत दिन बरवाडीह गांव निवासी स्वर्गीय दरबारी यादव के 12 वर्षीय पुत्र साजन कुमार का शव विद्यालय के समीप कुएं से ग्रामीणों ने निकाला था, जिसके बाद शव को ग्रामीणों ने दाह संस्कार के लिए मिट्टी में दफन कर दिया। अब इस मामले में गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिसरी पुलिस ने शव को मिट्टी से बाहर निकाल कर जांच शुरू कर दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने विद्यालय में अन्य सहपाठियों के साथ आम खा रहा था। इस दौरान उसे शौच लगा जिसके बाद वह पानी लेने के लिए विद्यालय के समीप कुएं में बने सीढ़ी के सहारे उतरा, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। कुछ समय इंतजार के बाद अपने सहपाठी मृतक छात्र को वापस न आता देख अन्य बच्चे कुएं के समीप गए, जहां उन्हें मृतक पानी में डूबता नजर आया। इसके बाद मामले की जानकारी बच्चों ने गांव के बड़े लोगों को दी, जिसके बाद ग्रामीण उक्त कुएं के पास पहुंचे और मृतक को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने बच्चे के शव को लेकर मृतक के घर गए और उसकी मां के सहमति के बाद बच्चे के अंतिम संस्कार के लिए उसे मिट्टी में दफन कर दिए। उपरोक्त मामले की जानकारी जब दिल्ली में रहने वाले मृतक के बड़े भाई को मिली तो उसने इसकी सूचना गिरिडीह पुलिस अधीक्षक को दी। जिसके बाद गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, बीडीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी रंजय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक नन्द जी राय समेत कई पुलिस के जवान पहुंचे और मजिस्ट्रेट के समक्ष मृतक के शव को मिट्टी से बाहर निकाला। इसके साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। इस संबंध में मृतक की मां ने कहा कि उसके घर दो बच्चे बुलाने आए थे, जिसके बाद उनका बेटा साजन उनके साथ चला गया। बाद में उन्हें पता चला कि उनके बेटे की कुएं में डूबने से मौत हो गई। उन्होंने किसी पर भी किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया। इधर मामले को लेकर जब खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बच्चे की कुएं में शव मिलने के बाद ग्रामीणों द्वारा इसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। लेकिन चूंकि मामला मौत का है इसलिए इसकी जानकारी पुलिस को होनी चाहिए थी। वर्तमान में पूरे मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच किया जा रहा है।

मूर्ति अनावरण समारोहः मूर्ति अनावरण समारोह में पूर्वजों के रास्ते चलने का संकल्प

ऐसा समाज का निर्माण करें, जहां कोई भेदभाव न हो, सिर्फ विकास ही विकास हो : डॉ नीरा यादव

स्व. बैजनाथ पासवान उर्फ पहलवान बाबा को याद कर भावुक हुए परिजन

नवप्रदेश (विनय शंकर वैध)

सतगावां। प्रखंड के भखरा स्थित पहलवान आश्रम में राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के रजत जयंती वर्ष की पूर्ण होने की उपलक्ष्य पर भूमिदाता के अभिभावक स्व. बैजनाथ पासवान के प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम का आयोजन दिन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव सम्मिलित हुई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सतगावां नीतू कुमारी, कोडरमा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रविन्द्र शांडिल्य, प्रमुख प्रतिनिधि रामोतार चौधरी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, कटाया पंचायत के मुखिया सुशीला देवी, बसोडीह पंचायत मुखिया अनीता देवी, माधोपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह, बीजेपी मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मूर्ति आवरण कार्यक्रम की शुरूवात कोठियार पंचायत के छात्राओं के द्वारा स्वागत गान से की गई। साथ ही मुख्य व विशिष्ट अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार डॉ नीरा यादव के द्वारा मूर्ति का अनावरण गया। इस मौके पर सभी उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। तथा मंच पर सभी मुख्य व विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प की माला से सम्मानित किया गया। इस मौके पर भूमिदाता सातों भाइयों को अतिथियों के द्वारा पगड़ी, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत कर सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य व विशिष्ट अतिथियों के साथ मनोज भगत, अनिल यादव एवं गणमान्य लोग उपस्थित होकर संस्था के 25वां वर्षगांठ को उपलब्ध में भुमि दाता के वंशज को बधाई दी। कार्यक्रम में कोठीयार पंचायत की छोटी छोटी बच्चियों ने मनमोहक नृत्य सभी लोग खुब झूमे मौके पर उपस्थित कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा कि आज प्रतिमा का अनावरण किया गया। संस्था को भूमि दाता करने वाले के सात भाइयों को बधाई देते हुए कहा कि आज इस भूमि दान करने वाले दाता के चलते एक संस्था खड़ा हुई है। जो गरीब परिवारों को पढ़ा लिखाकर नौकरी तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा है कि संस्था द्वारा विक्षिप्त लोगों को जो घर से भटक चुके हैं, ऐसे लोगों को संस्था ने पढ़ाने ओर रोजगार देने का काम किया। उन्होंने कहा कि शोषित, पीड़ित, असहाय को सहारा दिया है। थोड़ी सी जमीन के लिए लोग अपनों से लड़ झगड़ जातें हैं। पर यह परिवार की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।उन्होंने यह भी कहा है कि कोडरमा से सतगावां आने के समय सड़क किनारे हरी भरी झाड़ियां रहती थी. लेकिन आज महुआ चुनने के बहाने लोग जंगल में आग लगा देते हैं। जंगल मैदान बन गया है। आग से छोटे-छोटे पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो रहे हैं। आज जंगल से भटक कर हाथियों का झुंड तिलैया आ गया है. यही कारण है कि जंगल में खाने पीने रहने की सारी सामग्री जल चुकी हैं। उन्होंने अंत में यह भी कहा कि ऐसा समाज का निर्माण करें जहां कोई भेदभाव ना हो सिर्फ विकास ही विकास हो, उन्होंने संस्था के भूमि दाता के परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संस्था के सभी कार्यकर्ता को इस कार्यक्रम को सफल बनाने व उनके कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी है। कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, रविंद्र शांडिल्य, मान सिंह पासवान आदि ने भी संबोधित कर संस्था के सचिव व कार्यकताओं को बधाई दिए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दांगी ने किया। मौके पर मनोज कुमार निराला, राम अवतार चौधरी, टेक नारायण यादव,

विपिन सिंह, सुनील सिंह, सुशीला देवी, ब्यूटी कुमारी, अनीता देवी, राजेंद्र पंडित, अशोक प्रसाद, सदानंद सिंह, मनोज कुमार चौधरी, मनोज भगत, विजय दांगी, शिवदानी यादव, मानसिंह पासवान, मुनेश्वर यादव, सुखदेव प्रसाद यादव, गजाला परवीन, संगीता देवी, ललीता देवी, मंजू देवी, जोसवीन एक्का, गीता देवी, रेखा देवी, प्रतिमा देवी, रूक्मिणी देवी यदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कोडरमा के छात्रों की जेईई मेन में शानदार सफलता 10 छात्रों ने लहराया परचम

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से शिक्षा क्षेत्र में एक नई सफलता प्राप्त हुई है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा संचालित संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को बेहतरीन मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए गए, जिसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण छात्रों को मुख्यधारा की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाना है। जेईई -मेन ने दस छात्रों ने लहराया परचम जेईई-मेन में जिले के सरकारी विद्यालय के छात्र आदित्य प्रकाश (रर+2 हाई स्कूल, बसोडीह) ने 99.15 पर्सेंटाइल, राहुल राणा (फ्टटट +2 हाई स्कूल, चंदवारा) ने 94.56 पर्सेंटाइल, ओम प्रकाश वर्मा (फ्टटट +2 हाई स्कूल, चंदवारा) ने 93.2 पर्सेंटाइल, प्रितम पॉल (मॉडल स्कूल कोडरमा) ने 90.04 पर्सेंटाइल, अनमोल कुमार (एच एस मसमोहना) ने 87.49 पर्सेंटाइल, अभिषेक कुमार मोदी (RMMM +2 हाई स्कूल, चंदवारा) ने 86.36 पर्सेंटाइल, अंकित कुमार (प्रोजेक्ट +2 हाई स्कूल, देवीपुर) ने 81.65 पर्सेंटाइल, कुमकुम कुमारी (सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया) ने 81.56 पर्सेंटाइल, जयदीप दास (मॉडल स्कूल कोडरमा) ने 75.04 पर्सेंटाइल और बिटू कुमार (RMMM +2 हाई स्कूल, चंदवारा) ने 73.92 पर्सेंटाइल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी कर्मी और विद्यालय के शिक्षकों तथा बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करा रहे संस्था

Filo का योगदान सराहनीय रहा। संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के अंतर्गत फिलो संस्था के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की निरंतर तैयारी कराया गया। समय समय पर हर बिंदुओं पर गाइडलाइंस किया जाता रहा। जिसका परिणाम है कि दस बच्चों ने जेईई-मेन पास किया।

जिले के लिए गर्व का क्षण : उपायुक्त

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इस अवसर पर छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, ह्लयह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 10 छात्रों ने यह साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएँ भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षकों और जिला प्रशासन द्वारा किए गए सतत प्रयासों की भी पुष्टि करती है। हम आगे भी इसी तरह छात्रों के समग्र सहयोग हेतु प्रयासरत रहेंगे।ह्व साथ ही कहा कि यह उपलब्धि यह भी दशार्ती है कि मेहनत, सही दिशा और संसाधनों के माध्यम से कोई भी विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। यह सफलता सिद्ध करती है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। बता दें कि विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएं चलाई गईं और वन-ऑन-वन मार्गदर्शन दिया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपनी तैयारी में सुधार करने में मदद मिली। यह पहल जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगी। उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्र निरंतर आगे बढ़ते रहे और अपने बेहतरीन भविष्य सांवरे। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय के बच्चों को बेहतर प्लेटफार्म मिलने वो बेहतर कर सकते हैं, इन्होंने जेईई- मेन पास कर साबित किया है। सभी को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

क्या है संपूर्ण शिक्षा कवच

उपायुक्त कोडरमा की पहल से शुरू की गई संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को डिजिटल माध्यम से अध्ययन करने की सुविधा दी गई। गणित, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान और अंग्रेजी विषयों में विशेष ध्यान दिया गया, ताकि छात्रों को परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने में सहायता मिले। यह कार्यक्रम उनकी जरूरतों के अनुसार अनुकूलित किया गया और लगातार उनकी प्रगति पर नजर रखी गई। साथ ही, विद्यार्थियों को 24x7 शिक्षक उपलब्धता प्रदान की गई, जिससे वे किसी भी समय मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें और अपनी पढ़ाई को सुचारू रूप से जारी रख सकें। कोडरमा जिला प्रशासन इस सफलता को ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में देखता है और भविष्य में भी इसी प्रकार छात्राओं को सहयोग प्रदान करने के लिए संकल्पित है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सभी शिक्षकों, प्रशिक्षकों, और छात्राओं को पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया ईस्टर

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। पिछले चालीस दिनों तक प्रार्थना, उपवास एवं त्याग द्वारा अपने आप को तैयार करते आ रहे ख्रीस्त विश्वासियों के लिए आज पास्का पर्व अर्थात ईस्टर रहा। इस अवसर पर महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने राधा रानी लेप्रोसी सेंटर में कुष्ठ रोग से ग्रसित लोगों के साथ ईस्टर पर्व मनाया।

राँची लोयोला ग्राउंड में पिछले गुरुवार से ही ईस्टर की धर्मविधि सम्पन्न होती रही है। शुक्रवार को गुड फ्राइडे की धर्म विधि सम्पन्न की गई तत्पश्चात क्रूस रास्ता की भी धर्मविधि पूरी गई। शनिवार को प्रभु येसु ख्रीस्त के मृतकों में से जी उठने का स्मरण करते हुए रात्रि जागरण कर पास्का अर्थात ईस्टर की धर्मविधि सम्पन्न हुई। इस विशेष धर्मविधि में अल्लेलूया की आवाज से संपूर्ण लोयोला ग्राउंड गुंज उठा साथ ही मोमबत्ती की प्रकाश भी चमकती रही। इन धर्मविधियों की अगुवाई रांची कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने किया। और आज रविवार को ईस्टर मनाने के लिए वे राधा रानी लेप्रोसी सेंटर पहुंचे जहां उन्होंने कुष्ठ रोगियों के साथ पास्का पर्व मनाया। महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने मिस्सा बलिदान की अगुवाई की। उन्होंने अपने धर्मोपदेश में प्रभु के प्रेम और शांति को लोगों तक लेने का आह्वान किया। और सभी को ईस्टर पर्व की बधाईयां एवं शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात उन्होंने सभी में भोजन का वितरण भी किया। इस अवसर पर महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद, फाङ्ग अभिनव प्रकाश, फाङ्ग असीम मिंज, फाङ्ग वाल्टर किस्पोट्टा फाङ्ग अंजलूस एक्का, फाङ्ग सुशील बेक, चैरिटी धर्मसंघ की धर्मबहनें एवं राधा रानी लेप्रोसी सेंटर में ईलाजरत भाई एवं बहनें शामिल हुए।

भाजपा अब देश के सर्वोच्च न्यायालय का भी बना रही मजाक : डॉ इरफान

नवप्रदेश/रांची। निशिकांत दुबे के बयान पर कांग्रेस पार्टी में भारी उबाल देखा जा रहा है. रविवार को कांग्रेस विधायक सह झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जामताड़ा स्थित अपने आवासीय कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन कर सांसद निशिकांत दुबे के बयान की कड़ी निंदा की. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा अब देश के सर्वोच्च न्यायालय का भी मजाक बना रही है. उन्होंने कहा कि एक तरफ जात धर्म के नाम पर देश में लड़ाई करवाने का प्रयास कर रहे हैं. तो वहीं दूसरी तरफ न्याय व्यवस्था पर टिप्पणी कर सर्वोच्च न्यायालय पर उंगली उठा रहे हैं.उन्होंने कहा कि भाजपा अब कानून व्यवस्था को हाईजैक करने का प्रयास कर रही है, जिससे यहीं स्पष्ट होता है कि इनके बड़बोले सांसद खुद को सर्वोच्च न्यायालय से भी ऊपर समझने लगे हैं. डॉ इरफान ने कहा कि इससे पूर्व लोकसभा के डिप्टी स्पीकर ने भी न्यायालय को आंख दिखाने का काम किया है. जिस न्यायालय को आस्था का मंदिर माना जाता है, जहां लोग हर जगह निराश होने के बाद न्याय के लिए पहुंचते हैं, उसके लिए इन लोगों की टिप्पणी काफी गंभीर मुद्दा है. उन्होंने कहा कि हम देश के महामहीम राष्ट्रपति और लोकसभा स्पीकर से मांग करते हैं कि निशिकांत दुबे की संसद सदस्यता अविलंब समाप्त की जाए. उन्होंने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप अपने सांसदों को नियंत्रण में रखें, इन्हें नियम कानून से ऊपर ना जाने दें. कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के कारण पूरे देश की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है. सांसदों के ऐसी टिप्पणी से पूरी दुनिया में देश की जगहंसाई हो रही है.

एक नजर

छात्रा ने की आत्महत्या

नवप्रदेश/कोडरमा। झारखंड के कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के मास्टर मोहल्ले (वार्ड नंबर 24, गांधी स्कूल रोड) में रविवार, 20 अप्रैल 2025 को एक दुखद घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। 14 वर्षीय छात्रा ने अपने घर के शौचालय की छत पर लगे लोहे के हुक में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की औरंगाबाद, बिहार से है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन आत्महत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। खुशी कुमारी अपने मामा के घर पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। रविवार सुबह उसका व्यवहार सामान्य था, और उसने परिवार के साथ बातचीत भी की थी। दोपहर में जब वह शौचालय गई और काफी देर तक बाहर नहीं आई, तो उसकी मामी को चिंता हुई। सिम्मी ने बताया कि उन्होंने खुशी को कई बार आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वेंटिलेटर से झांककर देखा तो खुशी दुपट्टे के फंदे से लटकी हुई थी। परिवार ने तुरंत दरवाजा तोड़ा और उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामा ने बताया कि उन्हें काम के दौरान फोन पर इस दुखद घटना की सूचना मिली। जब तक वह घर पहुंचे तब मृत्यु हो चुकी थी। उन्होंने कहा, मेरी भांजी बहुत हंसमुख और मिलनसार थी। उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। सुबह भी उसने सामान्य रूप से बात की थी। हमें समझ नहीं आ रहा कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया।

AFFIDAVIT

Before: Sri.Executive Magistrate, KodermaAFFIDAVIT1. Baishnavi Mehta W/o Rohit Kumar Mehta, aged about 27 years, by faith Hindu, Nationality-Indian, resident of Village-Shiv Sagar Camp, P.O. & P.S.-Domchanch. District- Koderma (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:-1. That I am resident of the aforesaid address.2. That my Aadhar Card No. is 9063 9165 2988 my name mentioned as Baishnavi Mehta and my Bank Pasbook, Bank of India, Branch Domchanch bearing A/c No. 498010110001694 my name mentioned as Vaishnavi Mehta.3. That Baishnavi Mehta a Vaishnavi Mehta is my name and known by both name in my locality.4. That above both names belongs to one and same person.5. That above said in Bank Pasbook my name mention Vaishnavi Mehta be deleted and on its place of my name Baishnavi Mehta be inserted.6. That all the contents made in this affidavit are true and correct to best of my knowledge.7. That if any error is found in the future then all responsibility will be mineVERIFICATIONBaishnavi Mehta1, Baishnavi Mehta do hereby declare that the statements made above are true and correct to the best of my knowledge, information and belief.Verified and signed on this the 04th day of April, 2025.

समस्या | **सरकार को करोड़ों का राजस्व देने वाले कोडरमा निबंधन कार्यालय में शौचालय की व्यवस्था नहीं, लोग होते हैं परेशान**

सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व होता है प्राप्त, मूलभूत सुविधाओं से है वंचित

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। जिला मुख्यालय परिसर स्थित जिला निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री ऑफिस) परिसर में शौचालय ओर शेड नहीं होने के कारण लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जमीन रजिस्ट्री करवाने के लिए आने वाले लोगों को इधर-उधर शौच के लिए भटकना पड़ता हैं। करोड़ों रुपए का राजस्व देने वाला कोडरमा अवर निबंधन कार्यालय में पहुंचने वाले जनता परेशान हैं। जिला मुख्यालय स्थित निबंधन कार्यालय में सारी सुविधाएं उपलब्ध है। वहीं जिनके माध्यम से

सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। वे ही मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। खासकर महिलाओं के लिए तो ओर भी समस्या उत्पन्न होती है। बता दे कि कोडरमा निबंधन कार्यालय रजिस्ट्री ऑफिस में जमीन संबंधित कार्य के लिए जिले भर से प्रतिदिन हजारों की भीड़ इकट्ठा होती है। और महिलाओं को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है. शौचालय न होने से उन्हें परेशानी होती है और सार्वजनिक स्थानों पर ओर किसी ओर कार्यालय या सुलभ शौचालय में शौच करने पर मजबूर होना पड़ता है. इसके अलावा, इससे स्वच्छता की समस्या भी खड़ी होती है, क्योंकि शौचालय के अभाव में ऑफिस परिसर में गंदगी फैल रही है। रजिस्ट्री ऑफिस में जमीन खरीदने, बेचने या अन्य दस्तावेजों के लिए पुरुष और महिलाओं की बड़ी संख्या होती है। घंटों इंतजार करने के बाद भी शौचालय न होने से उन्हें काफी परेशानी होती है. शौचालय न होने से रजिस्ट्री ऑफिस में लगातार गंदगी फैल रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो रही हैं. रजिस्ट्री ऑफिस में दस्तावेजों की प्रक्रिया में समय लगता है। शौचालय न होने से लोगों को और भी अधिक समय तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ती है. सार्वजनिक स्थानों पर शौच करने के लिए महिलाओं को मजबूर होना पड़ता है, जो सामाजिक रूप से भी असुविधाजनक होता है. वहीं जिला निबंधन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि रजिस्ट्री ऑफिस में शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि लोगों को सुविधा हो और स्वच्छता भी बनी रहे। सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराकर सरकार इन समस्याओं का समाधान कर सकती है। निबंधन कार्यालय में अक्सर भूमि संबंधित दस्तावेजों, संपत्ति निबंधन, और अन्य कानूनी कार्यों के लिए कार्य अवधि के दौरान लोगों की भारी भीड़ होती है।

बेतिया पुलिस लाइन में हुआ खूनी खेल, मामूली सी कहासुनी पर सर्वजीत ने अपने ही

साथी जवान को ताबड़तोड़ 11 गोलियों से भूना, मौके पर मौत

नवप्रदेश प्रतिनिधि भास्कर जी

बेतिया। जिले की पुलिस लाइन में एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे पुलिस महकमे को हिलाकर रख दिया, जब एक सिपाही परमजीत ने अपने ही साथी जवान सोनू कुमार पर ताबड़तोड़ 11 गोलियां बरसा दीं। इंसास राइफल से की गई इस फायरिंग में सोनू की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद पुलिस लाइन में हड़कंप मच गया। चश्मदीदों के अनुसार, जैसे ही गोलियों की आवाज गूंजी, पूरा परिसर दहल उठा और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आरोपी सिपाही परमजीत घटना को अंजाम देने के बाद राइफल लेकर छत पर चढ़ गया, जहां से उसे काबू करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार उसे गिरफ्तार कर मुफस्सिल थाना लाया गया, जहां एसडीपीओ विवेक दीप उससे पूछताछ कर रहे हैं।

डीआईजी पहुंचे मौके पर, में हुए चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि, ₹प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों सिपाहियों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर तनाव था, जो इस खूनी टकराव का कारण बना।₹बताया जा रहा है कि दोनों सिपाही हाल ही में सिकटा थाने से स्थानांतरित होकर बेतिया पुलिस लाइन आए थे और एक ही यूनिट में तैनात थे। सोनू कुमार का शव फिलहाल पुलिस बैरक में ही पड़ा है और फॉरेंसिक टीम द्वारा जांच की जा रही है।

वारदात के पीछे क्या था विवाद?

फिलहाल इस दुखद घटना के पीछे का मूल कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन शुरूआती पूछताछ से यह बात सामने आ रही है कि सोनू और परमजीत के बीच किसी बात को लेकर आपसी झगड़ा चल रहा था। पुलिस मामले की सभी कोणों से जांच कर रही है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक सोनू भभुआ का रहने वाला है।

सोने की चिड़िया नहीं, दहाड़ मारने वाला सोने का शेर बनेगा देशः राज्यपाल

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना

राज्यपाल ने कहा कि लोगों को सोने की चिड़िया की परिकल्पना छोड़ देनी चाहिए. अब हमारा देश सोने का शेर बनने वाला है. हमारा देश ऐसा शेर बनेगा कि इसके सामने सब नतमस्तक हो जाएंगे. इस तरह देश को विश्व गुरु बनाने का सपना पूरा हो जाएगा.बिहार के समस्तीपुर जिले में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि भारत को लोग सोने की चिड़िया कहते थे, लेकिन इसे लोग लूटने के लिए आते थे. इतिहास में हम पढ़ते थे कि भारत सोने की चिड़िया थी. मुझे सोने की चिड़िया पसंद नहीं है. अमृतकाल के दौरान आने वाले 25 वर्षों में हमारा देश सोने का शेर बनेगा और पूरे विश्व में दहाड़ मारेगा. राज्यपाल रोसड़ा अनुमंडल के बटहा स्थित सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के रजत जयंती समारोह में बोल रहे थे.राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश

के लोगों को सोने की चिड़िया की परिकल्पना छोड़ देनी चाहिए. अब हमारा देश सोने का शेर बनने वाला है. हमारा देश ऐसा शेर बनेगा कि इसके सामने सब नतमस्तक हो जाएंगे. इस तरह देश को विश्व गुरु बनाने का सपना पूरा हो जाएगा.

डॉ. रामस्वरूप महतो की प्रतिमा का अनवारण किया

इस कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने डॉ. रामस्वरूप महतो की प्रतिमा का अनवारण और बाल वाटिका भवन का उदघाटन भी किया. राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लेकर हमने कुलपतियों, शिक्षाविदों और बिहार सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक कर एक रोड मैप तैयार किया है. जल्द ही नई शिक्षा नीति को लागू करने की दिशा में कदम उठाएंगे.

बच्चों ने देशभक्ति पर शानदार प्रस्तुति कर मन मोह लिया

रजत जयंती समारोह में राज्यपाल की मौजूदगी में छात्राओं ने देशभक्ति पर शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया. छात्राओं सेना के शौर्य को दशार्ते हुए प्रस्तुति दी थी. इस पर राज्यपाल ने भी जमकर तालियां बजाईं.

06 नाबालिगों को बाल मजदूरी कराने ले जा रहे 02 बाल तस्कर चढ़े आरपीएफ के हत्थे

नवप्रदेश प्रतिनिधि

डेहरी। वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेरी ऑन सोन के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार,आरक्षी शाहजहा खान, सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन एवं सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी रेसुब/अङ्गआङ्गशाखा गया व सीपीडीएस टीम गया के उप निरीक्षक जावेद इकवाल, प्रधान आरक्षी अमरेंद्र कुमार, आरक्षी अमित कुमार,आरक्षी बब्लेश मीणा, आरक्षी सुनील कुमार एवम साथ में श्रीमती चंदा गुप्ता सहायक परियोजना अधिकारी बचपन बचाओ आंदोलन टीम बिहार कोऑर्डिनेटर की संयुक्त टीम के द्वारा 02 व्यक्तियं 1)रवि कुमार उम्र 23 वर्ष, पिता सुरेश भारती, ग्राम हरनी, थाना मैग्रा, जिला गया बिहार एवं (2) देवनारायण उरांव, उम्र 35 वर्ष, पिता कृष्णा उरांव, ग्राम

रणाडीह, थाना रोहतास, जिला रोहतास को 06 नाबालिग बच्चों को पाइप लाइन बिछाने का कराने के लिए चेन्नई ले जाने के क्रम में डेहरी आंन सोन रेलवे स्टेशन पर पकड़ा। उन्होंने बताया कि जहाँ 10 से 12 घंटे काम करवाकर प्रतिमाह ? 15000/- दिया जाएगा । मामला बाल तस्करी का पाकर मौके पर ही वीडियोग्राफी करते हुए उहउ के चेयर पर्सन संतोष उपाध्याय को इस संबंध में सूचित किया गया एवं रवि कुमार एवम देवनारायण उराव को निरुद्ध करते हुए सभी नाबालिक बच्चों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन पर लाया गया। मामला बाल तस्करी/मजदूरी का पाकर सभी नाबालिग बच्चों तथा दोनो ट्रैफिकर को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु मय कागजात सहित राजकीय रेल थाना-डेहरी-ऑन-सोन को सुपुर्द किए जहां राजकीय रेल थाना डेहरी ऑन सोन में संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया'

एक कमरा... 21 दिन और अंदर मिली दूसरी लाश

निरंकार भास्कर-

पटना। बिहटा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। पत्नी फरहाना की मौत के 21 दिन बाद ही पति मो. जावेद आलम ने भी उसी कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जहाँ फरहाना ने की थी। पारिवारिक कलह से परेशान होकर दोनों ने यह कदम उठाया।

पटनाः बीवी की मौत के 21 दिन के अंदर ही शौहर ने भी अपनी जान दे दी। फरहाना की माटी मंजिल के अभी इक्कीस दिन पूरे भी नहीं हुए थे कि उसके शौहर ने भी फांसी के फंदे से झूल कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सबसे बड़ी बात तो यह कि शौहर मो. जावेद आलम भी उसी कमरे में फांसी के फंदे से झूल गया जिस कमरे में उसकी बीवी फरहाना ने फांसी लगाई थी।

बीवी की मौत के बाद शौहर की खुदकुशी

मामला ग्रेटर पटना के बिहटा थाना इलाके के राघवपुर गांव का है। पारिवारिक कलह से परेशान जावेद की पत्नी फरहाना ने 21 दिन पहले फांसी लगा कर अपनी जान दे दी थी। अब जावेद ने भी वही काम किया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पहुंच जांच में जुट गई। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी बुला लिया। घटना के बाद घर में फिर से मातम पसर गया।

जिस कमरे में बीवी ने दी जान, शौहर ने वहीं लगाई फांसी

30 मार्च की रात मृतक की पत्नी

फरहाना ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसी कमरे में उसका पति जावेद भी रविवार को फांसी के फंदे से झूलता मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बिहटा प्रखंड के सदीसोपुर की रहने वाली फरहाना की शादी करीब चार साल पहले मो. जावेद आलम से हुई थी। कई महीनों से किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। बात मारपीट तक पहुंच जाती थी।

मामूली कलह में मिया-बीवी ने दे दी जान

इस बाबत पूछने पर थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया कि राघवपुर गांव में एक युवक बंद कमरे में फांसी पर झूलता हुआ पुलिस को मिला। थानाध्यक्ष के अनुसार 30 मार्च को युवक की पत्नी ने भी उसी कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बकौल थानाध्यक्ष, घटना के पीछे का कारण पति-पत्नी के बीच चल रही घरेलु कलह थी। फिलहाल पुलिस मामले की तह में जाने का प्रयास कर रही है।

पार्क में सपरिवार घूमने के साथ अब उत्तरवारी पोखरा में लें नौका बिहार का आनंदः गरिमा

बोलीं महापौर - नगर निगम क्षेत्र के ऐतिहासिक पोखर और तालाबों की उत्तम साफ सफाई से बढ़ेगी पर्यावरण संरक्षा,

सागर पोखरा में नौकायन की सुविधा का आकर्षण बढ़ने के बाद उत्तरवारी पोखरा में भी शुरू हुआ नौका बिहार,

नवप्रदेश/बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि अब नगर निगम क्षेत्र के सम्मानित नागरिकगण उत्तरवारी पोखरा में भी अपने पूरे परिवार के साथ 'नौका बिहार' का आनंद आज से ही उठा सकेंगे। नगर के ऐतिहासिक सागर पोखरा में नौकायन की सुविधा का आकर्षण बढ़ने के बाद उनके प्रस्ताव को नगर निगम बोर्ड से स्वीकृति मिलने पर आज से मैं नगर के धरोहर उत्तरवारी पोखरा में भी नौकायन का

शुभारंभ कर दिया है। महापौर श्रीमती सिकारिया कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक दोनों पोखरों में नौका बिहार की सुविधा शुरू के दी गई है। महापौर ने बताया कि नौकायन शुरू करने से पूर्व दोनों पोखरों की उत्तम साफ सफाई बाद नौकायन शुरू करने के साथ ही सघन शहरी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षा भी की जा सकेगी।

पंचायत जनप्रतिनिधियों ने खोला मोर्चाः पटना में लगाए पोस्टर

नवप्रदेश/पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपने अधिकारों की मांग को लेकर पटना में राजनीतिक दलों के पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर विरोध दर्ज कराया है। पोस्टर के जरिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से सवाल पूछा गया है, 'बिहार में सबसे नीचे पंचायती राज क्यों है? कब मिलेगा हमारा अधिकार?' ये पोस्टर्स मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय और पंच-सरपंच संघ के अध्यक्ष अमोद कुमार निराला की ओर से लगाया गया है। पोस्टर में इस बात का भी जिक्र है कि पंचायत जनप्रतिनिधि जब अपने अधिकार की बात करते हैं तो उन्हें केवल आश्वासन मिलता है। या चुप करा दिया जाता है। ग्राम कचहरी और पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। जबकि संविधान ने इन्हें मजबूत करने की बात कही है।

श्रेष्ठ माता -पिता अपने बच्चों को भरपूर समय देते हैंः पं-भरत उपाध्याय

नवप्रदेश प्रतिनिधि बगहा

पिता एक ऐसे इंसान हैं जिनके दिमाग में दुनिया भर की टेंशन रहती है और दिल में अपने बच्चों की फिक्र रहती है। जिस परिवार में पिता का सम्मान होता है, वहां बेटियां भी पति का सम्मान करना सीखती हैं। संस्कारों की नींव घर से ही पड़ती है, और मां के आचरण से बेटियां यह समझतीं हैं कि रिश्तों में सम्मान और सहयोग कितना जरूरी है। अगर मायके में पिता को आदर मिलता है, तो वही सुख ससुराल में पति के प्रति व्यवहार में झलकती है। इसलिए, परिवारों को चाहिए कि वे अपने घर में आपसी सम्मान और संस्कारों का वातावरण बनाए रखें, ताकि आने वाली पीढ़ी मजबूत मूल्यों के साथ आगे बढ़े और हर रिश्ते में प्रेम व आदर बना रहे। इसीलिए कहा गया कि मायका सिखाये, ससुराल में निभाए। सदा

स्मरण रहे कि हमारा अंतिम समय कैसे व्यतीत होगा इसका निर्णय हमारी धन संपत्ति नहीं, बल्कि हमारे किये गये जीवन के व्यवहार और हमारे द्वारा दिए गए संस्कार तय करेंगे।

बुद्धिमत्ता स्कूलों में नहीं सिखाई जाती, यह जीवन के अनुभवों से प्राप्त होती है। माता-पिता ही सबसे अच्छे शिक्षक होते हैं। अपने बच्चों को मार्गदर्शन दें, अपने अनुभव साझा करें ताकि वे गलतियों से सीखने की बजाय समझदारी से आगे बढ़ें।

सामाजिक कौशल जीवन रिश्तों का खेल है। बच्चों को आत्म-संयम, भाईचारे, विपरीत लिंग से व्यवहार, सही संगति चुनना, मित्रता बनाना और निभाना, संवाद करना आदि सिखाएं। ये कौशल उन्हें जीवनभर काम आएंगे।

अगर आप अपने बच्चों के मन में शादी या परिवार के प्रति नकारात्मक सोच भरते हैं, तो उनका भविष्य प्रभावित हो सकता है। चाहे आप एक जोड़ा हों या अकेले माता-पिता, बच्चों को परिवार के महत्व की समझ दें।

बचपन की यादें या तो जीवन को संबल देती हैं या कष्ट देती हैं। अपने बच्चों को ऐसा बचपन दें जिसे याद करके उन्हें खुशी मिले। उन्हें यह अनुभव कराएं कि इस दुनिया में अच्छे लोग हैं – जैसे उनके माता-पिता।

बच्चों को भावनात्मक चोट, गाली, उपेक्षा, तुलना और तिरस्कार से दूर रखें। उन्हें प्यार, सम्मान और सुरक्षा दें ताकि वे मानसिक रूप से स्वस्थ हों।

ऐसी प्रतिष्ठा बनाएं जिस पर आपके बच्चे गर्व करें। वे गर्व से आपका नाम लें और अगली पीढ़ी को भी उसी नाम से जोड़ें।

बच्चों को उनके वंश, पूर्वजों और पारिवारिक इतिहास के बारे में बताएं। उन्हें यह समझ दें कि वे किस परंपरा और विरासत से जुड़े हैं।

बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए धन की आवश्यकता होगी। उन्हें संपत्ति, धन, शेयर या पारिवारिक व्यवसाय दें, साथ ही उन्हें धन प्रबंधन भी सिखाएं।

बच्चों को ईश्वर के बारे में बताएं, उनके साथ प्रार्थना करें ताकि वे जीवन के कठिन समय में आत्मिक संबल पा सकें। उन्हें यह भी समझाएं कि माता-पिता सीमित हैं लेकिन ईश्वर असीम हैं।

हर्ष फायरिंग | **हल्दी मेंहदी के प्रोग्राम के दौरान डांस प्रोग्राम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक महिला डांसर की मौत**

डांस फ्लोर से सीधा शमशान, हर्ष फायरिंग ने छीनी जान

निरंकार भास्कर

दरभंगा : जोगियारा गांव में हल्दी मेंहदी के प्रोग्राम के दौरान मंच के पास मौजूद लोगों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी. हर्ष फायरिंग के दौरान डांस कर रही डांसर को गोली लग गई. इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई.दरभंगा, सूरजः जिले के जाले थाना क्षेत्र के जोगियारा गांव में राम विनय सिंह के घर शादी में आजोजित हल्दी मेंहदी के प्रोग्राम के दौरान डांस प्रोग्राम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक महिला डांसर की मौत हो गई. मृतक डांसर की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के मिठनपुरा थाना क्षेत्र रहने वाली शानू खान के रुप मे हुई है. घटना की सूचना मिलते ही जाले थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उसने डांसर के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया.

हर्ष फायरिंग के दौरान चली गोली ने ली जान

घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते शनिवार की रात जोगियारा गांव में राम विनय सिंह के घर मेहंदी का कार्यक्रम था. जिसमे मुजफ्फरपुर से चार डांसर को बुलाया गया था. देर रात डांस के दौरान हर्ष फायरिंग किया जाने लगा. हर्ष फायरिंग दौरान गोली डांसर शानू खान के पेट में जा लगी. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

मना करने बाद भी फायरिंग कर रहे थे लोग : साथी डांसर

वहीं, साथ मे डांस करने आई डांसर रानी ने बताया की वह अपने टीम के साथ 11 बजे मंच पर गई, तभी से लगातार फायरिंग की जा रही थी. लगातार मना करने बाद भी लोग मंच पर और नीचे से फायरिंग कर रहे थे. इस दौरान एक गोली डांसर शानू खान के पेट में जाकर लगीं और वह मंच पर ही गिर गई. उसके बाद पंडाल मौजूद सभी लोग फरार हो गए.

बेटी को पहले से मिल रही थी जान से मारने की धमकी : मृतका की मां

वहीं, मृतक डांसर शानू खान की मां नजमा खातून ने बताया की प्रभात सिंह नाम के व्यक्ति ने डांस में जाने के लिए बुकिंग कराया था. हालांकि बाद में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. जिसके बाद प्रभात सिंह ने शानू को जान से मारने की धमकी भी दी थी. मृतका की मां ने बताया की शानू का एक छह महीने का बेटा है.

घटना से जुड़े लोगों की तलाश की जा रही : पुलिस

इस सम्बंध में डीएसपी सदर 2 ज्योति कुमारी ने बताया की जोगियारा गांव में हल्दी प्रोग्राम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक डांसर के मौत का मामला सामने आया है. फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. मामले की जांच की जा रही है. घटना से जुड़े लोगों की तलाश की जा रही है. इस मामले में उचित कार्यवाई की जाएगी.

एक नजर

पटना-हावड़ा वंदे भारत में यात्री के नाश्ते में मिला कीड़ा

नवप्रदेश/पटना। पटना-हावड़ा वंदे भारत में यात्री के नाश्ते में मिला कीड़ा मिलने से कोच में मौजूद अन्य यात्रियों में भी नाराजगी, खाने से किया मना, रेल मंत्रालय से शिकायत की, पटना से हावड़ा जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस (22348) के कोच नंबर C-12 में सीट नंबर 65 के यात्री अमित जायसवाल के नाश्ते में कीड़ा मिला है। कीड़ा मिलने पर रेल मंत्रालय से इसकी शिकायत की गई है। यात्री अमित जायसवाल ने बताया कि टिकट बुकिंग के दौरान ही नॉन वेज के ऑप्शन पर मार्क किया था। हावड़ा जाते समय बख्तियारपुर के पास कोच के अंदर नाश्ता सर्व किया गया। पैकेट पूरी तरह से पैक था। इसमें ऑमलेट, स्वीट कॉर्न, मटर मिक्स था। इसी के अंदर एक कीड़ा भी मरा था। खाने के दौरान ही कीड़े पर नजर पड़ी।

कैमूर पहाड़ी की तलहटी में शिक्षा की अलखः निशुल्क पाठशाला चला रहे हैं सत्यानंद कुमार

नवप्रदेश/तिलौथू। एक समय था जब तिलौथू प्रखंड के दूर-दराज के गांव अलगाववाद और डर के साये में जीते थे। जहां अधिकारी जाने से कतराते थे, वहां अब बच्चों की किलकारियां और कागज-कलम की सरगर्मी गूंज रही है। इस बदलाव के पीछे हैं समाजसेवी सत्यानंद कुमार, जो शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के अपने मिशन में जुटे हैं। सत्यानंद कुमार तिलौथू प्रखंड में 12 निःशुल्क पाठशालाएं चला रहे हैं, जिनमें एक है सैना (भदोखरा) गांव की पाठशाला। कैमूर पहाड़ियों की तलहटी में बसे इस गांव की गिनती प्रखंड के सबसे पिछड़े और अशिक्षित गांवों में होती है। प्रखंड कार्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर इस गांव में वाहन से पहुंचने में करीब 30 मिनट लगते हैं, और यहां साल में एक बार भी बीडीओ या सीओ का आना नहीं होता। फिर भी, यहां शिक्षा का दीपक जल रहा है। सत्यानंद कुमार अपने मित्रों के सहयोग से इस गांव में 30 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। बच्चों को हर महीने किताबें, कॉपी, कपड़े, बिस्कुट, चॉकलेट और खेल सामग्री भी दी जाती है।

विधिक जागरूकता शिविर में वाणिज्यिक लेन देन में निपटारे के बारे में बताया गया

नवप्रदेश/सूर्यपुरा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश के आलोक में रविवार को विधिक जागरूकता शिविर लगाया.अनुमंडल विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय के बड़ा तालाब के पास विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया. अधिकार मित्र रवि कुमार ने बताया कि अनुमंडल के पैनल अधिवक्ता मोहम्मद अली खान ने आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित आम जनों को मुख्य रूप से वाणिज्यिक न्यायालय में वाणिज्य की विवाद का व्यापारिक लेनदेन का निपटारा.जिसके लिए विशेष रूप से स्थापित न्यायालय अधिनियम 2015 के अनुसार वाणिज्यिक विवादों की लंबितता को कम करने एवं व्यवसाय के लिए एक अनुकूल कानूनी माहौल बनाने का काम करता है. वही पैनल अधिवक्ता के द्वारा बताया गया कि आगामी 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा .जहां अपने वादों का सुलह समझौता के आधार पर निपटारा करवाया जा सकता है.

घनी आबादी के क्षेत्र में न हो बालू का खननः घनश्याम राय

नवप्रदेश प्रतिनिधि/सहार(भोजपुर)। जनसुराज पार्टी के प्रदेश नेता घनश्याम राय ने सड़क जाम के दौरान जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुशवाह से मोबाइल पर बात कर कहा कि सहार प्रखंड क्षेत्र में सोन के तटीय इलाके मे बालू का खनन नहीं किया जाए क्योंकि तटीय इलाके में घनी आबादी वाले क्षेत्र के नागरिको को खनन से स्नान व घरेलु कार्यो मे डुबने की आशंका बनी रहती है । उन्होने सहार प्रखंड क्षेत्र के नागरिकों के आक्रोश से अवगत कराते हुए कहा कि यदि खनन की वाध्यता हो तो सोन के तटीय इलाके से लगभग एक किलोमीटर के दायरे मे खनन प्रतिबंधित किया जाए। जिसपर जिला खनन पदाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक विचार कर यथाशीघ्र निर्णय जारी करने का आश्वासन दिया।

डबल इंजन सरकार से जनता चाहती है मुक्ति, बिहार में बदलाव समय की मांग

नवप्रदेश/बिक्रमगंज। भाकपा-माले की राज्य कमिटी की विक्रमगंज स्थित प्रमिला मंडप मैरिज हॉल में सम्पन्न दो दिवसीय बैठक के उपरांत प्रेस को संबोधित करते हुए माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि बिहार की तथाकथित डबल इंजन की सरकार डबल बुलडोजर सरकार साबित हुई है। जनता उकताई हुई है और इससे मुक्ति चाहती है। हम इस सरकार के खिलाफ राजनीतिक और स्तर पर व्यापक अभियान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर महागठबंधन की समन्वय समिति का गठन हो चुका है और आने वाले दिनों में जिला व प्रखंड स्तर पर भी ऐसी ही कमिटी का गठन हो जाएगा। बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति, संगठनात्मक मजबूती, जन आंदोलन की दिशा और भाजपा-जदयू सरकार के खिलाफ विपक्षी एकजुटता पर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि बैठक में राज्य की राजनीतिक परिस्थिति पर गहन विचार विमर्श हुआ और कई कार्यक्रम घोषित लिए गए हैं। 3 मई को वक्फ संशोधन कानून वापसी की मांग पर इंसाफ मंच और पार्टी की ओर से राज्यव्यापी प्रदर्शन किया जाएगा।

युवा पत्रकार का मनाया गया अवतरण दिवस, सांसद ने दिया फोन पर बधाई

नवप्रदेश/खगड़िया। बेलदौर जिला प्रेस क्लब पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुमलेश कुमार यादव का अवतरण दिवस उनके मित्रों के द्वारा बेलदौर प्रखंड अंतर्गत कैजरी पंचायत के वार्ड नंबर आठ उनके निज आवास पर मनाया गया। वही खगड़िया सांसद राजेश वर्मा एवं जिला परिषद अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव ने फोन कर उन्हें अवतरण दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। उक्त मौके पर समाजसेवी सह संभावित जिला परिषद प्रत्याशी राजेश यादव शिक्षक सह पीरनगरा मुखिया प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार पंचायत समिति प्रतिनिधि ब्रजेश यादव युवा सम्राट संगम कुमार समाजसेवी नीतीश कुमार सिंघानिया, नीतीश कुमार, समाजसेवी उदय कुमार मंडल,जयकरण शर्मा,एमबी पब्लिक स्कूल डायरेक्टर सुनील कुमार,दीपक सर,मगन तमंग सर,शुशांत सर,प्रिंस कुमार राजद नेता कृष्णा कुमार यादव प्रभात खबर के पत्रकार अमित कुमार सिंह जदयू नेता संजय गुप्ता,द्रवेश यादव,मनखुश कुमार,अनमोल कुमार, विभूति कुमार शहित दर्जनो शुभचिंतकों के द्वारा गिफ्ट एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई।

जनता दरबार एक मामला का निपटारा

नवप्रदेश/बगहाः प्रखण्ड बगहा एक के चौतरवा थाना परिसर में शनिवार को एसआई विनय कृष्ण के नेतृत्व में जानता दरबार का आयोजन हुआ विनय कृष्ण द्वारा जानता दरबार के दौरान भूमि विवाद से जुड़े विभिन्न मामलो की सुनवाई किया गया जिसमें 6 वादों की सुनवाई हुई जिनमें 1 मामलो का निष्पादन आपसी सहमति से किया गया। एसआई ने बताया कि भूमि विवाद से संबंधित आधा दर्जन मामलो की सुनवाई हुई जिसमें 1 मामलों को आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है अन्य मामलो की सुनवाई अगले जानता दरबार के दौरान की जायेगी। वही जानता दरबार में उपस्थित रहे राजस्व कर्मचारी फिरोज अंसारी व अमित कुमार ने बताया कि करीब आधा दर्जन मामलो की सुनवाई हुई जिसमे से 1 मामलो का निपटारा किया गया बाकी बचे 5 मामलो की अगले जानता दरबार के दौरान निस्पादित कि जाएगी। वही मौके पर अपर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह के साथ सैकड़ो की संख्या में फरियादी उपस्थित थे।

एनएच पर टकराई दो ट्रकों के चालकों की मौत खलासी जख्मी

नवप्रदेश/कोईलवर। आरा छपरा फोरलेन पर गीधा गाँव के समीप शनिवार की रात 2:00 बजे के करीब एक बालू लदे 18 चक्का डाला ट्रक ने बालू लोड कर आगे जा रहे 18 चक्का डाला ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धक्का मारने वाले ट्रक का केबिन सहित परखच्चे उड़ गए । इस दुर्घटना में ट्रक का चालक और सह चालक बुरी तरह केबिन के अंदर फंसकर जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गिद्धा थाने की पुलिस ने ट्रक के केबिन से एनएचएआई का हाइड्रा मंगा कर केबिन तोड़कर घायल ड्राइवर और खलासी को बाहर निकाला। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए गीधा थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि शनिवार की देर रात 2 बजे के करीब सहार के खैरा 36 नंबर घाट से बालू लोड कर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रहे एक 18 चक्का डाला ट्रक के चालक ने उसके आगे आगे जा रही एक डाला ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया । इस दुर्घटना में ट्रक चालक राजा राम प्रसाद (54)पिता गोना प्रसाद ग्राम रामपुर पट्टी ,पोस्ट रामपुर बरहन, थाना बरवा पट्टी जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश की आरा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

श्री श्री 108 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन नगर भ्रमण के दौरान भक्ति और आस्था की उमड़ी सैलाब

भगवान के नगर भ्रमण पर हर घर के दरवाजे पर बनाई गई रंगोली हुआ महाआरती

वेदी पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

सुनील कुमार गुप्ता

बेड़ो (नव प्रदेश)। बेड़ो प्रखंड के खत्री खटंगा गांव में आयोजित श्री श्री 108 शिव परिवार तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को नगर भ्रमण का भव्य आयोजन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान गाजा बाजा ढोल नगाड़ों शहनाई और शंख की प्रतिध्वनि के बीच नाचते गाते श्रद्धालुओं का सैलाब भगवान के रथ के पीछे उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं में भक्ति और आस्था की अद्भुत झलक दिखाई दी। वेद मंत्रोंच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान उल्लास और उत्साह के साथ प्रत्येक घर के दरवाजे पर भगवान की रथ रुकती गई और प्रत्येक परिवार को भगवान की आरती का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके पूर्व प्रत्येक घरों के सामने रंगोली बनाकर भगवान की पूरी श्रद्धा के साथ न सिर्फ स्वागत किया गया बल्कि आरती भी उतारी गई। इसके पूर्व गाजा बाजा, ढोल ढाक नगाड़ा एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच वेदी पूजन के साथ साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन का शुभारंभ किया गया। यज्ञ मंडप एवं मंदिर में अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अरणीमंथन के दौरान अग्नि प्रज्वलित की गई। फिर अग्नि की स्थापना की गई। इसके बाद पूरे विधि-विधान के साथ पुष्पाधिवास, फलाधिवास, मिष्टान्नाधिवास, धुपाधिवास, औषध्याधिवास और देव स्थानापन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यज्ञ के दूसरे दिन सभी धार्मिक अनुष्ठानों में मुख्य यजमान के रूप में अंगद खन्ना एवं उनकी धर्मपत्नी रेशमी देवी, निलेश खन्ना धर्मपत्नी गायत्री खन्ना, कुमारेश सहगल धर्मपत्नी रानी देवी, साकेत टंडन एवं धर्मपत्नी माया देवी, देवशरण नाथ टंडन धर्मपत्नी सरिता देवी, रामेश्वर खन्ना धर्मपत्नी दीपिका खन्ना, अजय नाथ टंडन एवं धर्मपत्नी चिंता देवी ने पुरोहितों पंडित नित्यानंद पाठक, निकुंज पाठक, रंजीत पाठक, अभिषेक मिश्रा तथा रविकांत मिश्रा की देखरेख में हिस्सा लिया। नगरभ्रमण के दौरान शिवजी के रूप में आदित्य देव एवं पार्वती के रूप में आयान कपूर नंदी के रूप अंश राम सहित श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण में भाग लिया। महायज्ञ के दूसरे दिन आयोजकों द्वारा बताया गया कि यह तीन दिवसीय आयोजन धार्मिक अनुष्ठानों, हवन, भजन-कीर्तन और प्रवचनों से परिपूर्ण भंडारा प्रसाद वितरण के साथ आयोजित होता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सक्रिय सदस्य पिंकु लाल खन्ना, कौशल किशोर राम, प्रीत सेठ, गौरव खन्ना, कुणाल टंडन, अमन टंडन, भूषण टंडन, हनी खन्ना, रतन खन्ना, शिवम टंडन, अभिषेक टंडन, शशांक सहगल, अकांशु खन्ना, लकी खन्ना, चंचल सहगल, संदीप टंडन, नितिन खन्ना, रौनक टंडन, सुनील सहगल, संजय राम बुजुर्ग सेवानिवृत शिक्षक बैकुंठ नाथ टंडन माखन लाल खन्ना, बैकुंठ नाथ टंडन, शारदानंद लाल खन्ना, विद्यानंद खन्ना, रामानंद खन्ना, तपेश्वर टंडन, दुर्योधन टंडन, रासबिहारी लाल खन्ना, मुरारी टंडन सहित अन्य सभी आयोजन समिति के कार्यकताओं एवं श्रद्धालुओं ने पहले दिन के कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर देर शाम तक भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

वक्फ कानून के विरोध में सैकड़ों लोग हुए शामिल

नव प्रदेश संवाददाता

मांडर। वक्फ कानून 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर तहफ्फुज ए वक्फ कॉन्फ्रेंस, नेतृत्व में मुड़मा मदरसा बगीचा में आयोजित कार्यक्रम। हजारों लोग ने वक्फ कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शामिल हुए। सभी लोग ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून 2025 मुस्लिम समुदाय के धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर हमला है। उन्होंने सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की और कहा कि यदि हमारे मांगें नहीं मानी जाती हैं, तो शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। यह विरोध-प्रदर्शन रांची के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिला, जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों ने इस कानून को संविधान और धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ बताया और इसे वापस लेने की मांग की कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वक्फ कानून दोनों का विरोध किया। जिसमे में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और विधायक सुरेश कुमार बैठा अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम भी शामिल हुए। बंधु तिर्की ने कहा कि किसी भी हाल में झारखंड में वक्फ बोर्ड कानून को लागू होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के कारण हिंसक घटनाएं घट रही है। लोगों की जान जा रही है। यह सभी जानते हैं। बंगाल में लगातार हिंसक घटनाएं घट रही हैं। लोगों की जानें जा रही। झारखंड में भी लोग आक्रोशित हैं। सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि जिसका जो हक है, उस पर आघात पहुंच रहा है। किसी पर आघात पहुंचाना अच्छी बात नहीं है। शमशेर आलम ने कहां भारतीय जनता पार्टी के पास कोई काम नहीं है। एक साजिश के तहत हमारी कौम पर जुल्म पर जुल्म कर रही है। इसी मौके पर ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन के नेता एस. अली, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम, रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अख्तर, अंजुमन-ए-इस्लाम के सादर नुरुल्लाह हबीब नदवी, युवा अध्यक्ष शमशुल शेख, समेत सैकड़ों लोगों शामिल थे।

ईचागढ़ में पारंपरिक ग्रामसभा ने लिया परंपरा व हक की रक्षा का शपथ

नव प्रदेश सवाददाता

ईचागढ़। सरायकेला-खरसावां जिला के प्रखंड के गुदड़ी पंचायत के राजस्व ग्राम में रविवार को आदिवासी समुदाय ने अपनी परंपरा, विरासत और संवैधानिक हक-अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर शपथ ली। पारंपरिक माझी पारगाना स्वशासन व्यवस्था के तहत आयोजित इस ग्रामसभा की अध्यक्षता माझी बाबा गणेश टुडू ने की। सभा में गांव के सभी महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। सभा में मुख्य अतिथि पारगाना बाबा शिलु सारना टुडू ने उपस्थित लोगों को माझी पारगाना स्वशासन व्यवस्था, मानव अधिकार, पेशा नियमावली और समता जजमेंट 1997 जैसे कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन और सांस्कृतिक पहचान को बचाने का आह्वान किया। सभा में सरकार से सरना धर्म कोड को मान्यता, सरकारी स्कूलों में ओल चिकी लिपि में पढ़ाई, पांचवी अनुसूची का अनुपालन और मारांग बुरु व लुगू बुरु जैसे पवित्र स्थलों से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। इन मांगों को एक मांग पत्र के रूप में डाक द्वारा सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। वही माझी बाबा गणेश टुडू ने कहा कि आज आदिवासी समाज के हक-अधिकार, जमीन, जंगल और जल को सरकार और पूंजीपतियों की नौकरशाही द्वारा छीना जा रहा है। उन्होंने समुदाय से एकजुट होकर अपनी विरासत की रक्षा करने का आग्रह किया। सभा के अंत में सभी लोग खड़े हुए और मारांग बुरु को साक्षी मानकर शपथ ली कि वे आदिवासी परंपरा, विरासत और समाज के हक-अधिकारों की रक्षा के लिए जीवन भर समर्पित रहेंगे। सभा में कोंदा सोरेन, बुद्धेश्वर किस्कू, दुबराज बेसरा, मोसो टुडू, रंजित मुर्मु, माद् साकाम टुडू, दल गोबींद टुडू, अरुन मुर्मू, सेफाली बेसरा, भादुरी माझी, बाहा बेसरा, सुरजमनी मुर्मू, जीरामुनी हांसदा, शुभद्रा मुर्मू, बालिका मुर्मू, दुलाली मुर्मू, बीरोती टुडू, मिरू टुडू, मंगली मुर्मू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

कुलसूद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली की ओर से चिकित्सा शिविर

नव प्रदेश संवाददाता

सिल्ली । सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गांव कुलसूद में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ विवेक कुमार एवं डॉ सुधा रानी के द्वारा डायरिया से पीड़ित 70 मरीजों की जांच की गई। साथ ही साथ कुछ मरीजों को चिकित्सा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली रेफर किया गया। इसके अलावा चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों को डायरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए सुझाव एवं परामर्श दिए गए। मिली जानकारी के मुताबिक कुलसूद में शुक्रवार को शादी घर का खाना खाने से गांव के 70 लोग डायरिया से पीड़ित बताये जाते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली के चिकित्सा दल में डॉ विवेक कुमार , डॉ सुधा रानी, एएनएम मंजु देवी एवं चिकित्साकर्मी कुन्दन महतो शामिल हुए । डॉ विवेक कुमार ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। एक अन्य जानकारी के मुताबिक कई डायरिया से पीड़ित महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली में शनिवार को भर्ती होने पर चिकित्सा की गई। जिसमें छाता मनी देवी, चम्पा देवी, रेणुका देवी , पुष्पा कुमारी आदि शामिल हैं। यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली के स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से दी गई।

वक्फ बिल के खिलाफ आम सभा का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

पिस्का नगड़ी। रविवार को नयासराय हाजी नूर हसन मैदान में मजलिस ए शूरा नयासराय हलके के बैनर तले के बक्फ बिल के खिलाफ एक आम सभा का आयोजन किया गया इस आम सभा में 13 गांव के हजारों महिला पुरुष शामिल हुए। यह कार्यक्रम सरपरस्त जनाब मो कलाम आजाद, जनाब फिरोज आलम और जब समीर अली के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस आम सभा की शदारत नयासराय हलके के सभी मस्जिद के इमाम और उलेमाओं ने संयुक्त रूप से किया। मंच का संचालन अजहरुल इस्लाम ने किया सभा को मुख्य अतिथि जब मुक्ति अनवर कासमी(काजी इमारतें सरिया रांची),जनाब मो कलाम आजाद, जनाब फिरोज आलम, समीर अली, हाफिज रिजवान, मौलाना खुर्शीद, मौलाना अनवारुल हक, मौलाना मुश्ताक नदवी, हाफिज कासिम, हाफिज सफीउल्लाह, मौलाना सज्जाद नदवी, मौलाना रेयाज नदवी, कारी मोहम्मद आबिद हुसैन रिजवी, मौलाना इमरान कासमी सहित कई लोगों ने सभा को संबोधित किया। इस आम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि केंद्र सरकार के द्वारा जो वक्त बिल लाया गया है उसे तत्काल प्रभाव से तत्काल रद्द करने हेतु उचित कार्रवाई की जाए। मौके पर मुख्य रूप से इंतजामियां कमेटी के नेसार अहमद, अख्तर अंसारी, फिरोज अंसारी, नौशाद अंसारी, शहजादा अंसारी, मो सनाउल्लाह, जुबेर अंसारी, हाशिम अंसारी, रेयासत अंसारी, इजराइल अंसारी, हाजी मैनुल अंसारी, शाहिद हुसैन, मास्टर सिद्दीक अंसारी, वसीम अकरम अंसारी, नौशाद अंसारी, मोइनुल हक, अरशद अंसारी, मो इसहाक अंसारी, सरवर अंसारी, मो उस्मान, मो सज्जाद, इनामुल अंसारी शामिल हुए। इस आम सभा के समाप्ति के पश्चात प्रतिनिधि मंडल के द्वारा नगड़ी अंचलाधिकारी राजेश कुमार को राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सौंपा गया।

ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

नव प्रदेश संवाददाता

सोनाहातू। थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों में ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुआ है तथा अन्य चार गंभीर रूप से घायल है। घटना रविवार साढ़े चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है। थाना क्षेत्र के जरोदा - सायाटांड़ सड़क किनारे झोपड़ीनुमा घर में आयुर्वेदिक दवा बेचने वाले 65 बर्षीय रघुनाथ सिंह मुंडा का मौत ठनका गिरने से हुआ है। मृतक रघुनाथ सिंह मुंडा मूलरूप से सिल्ली के तुईंकू गांव के रहने वाले थे। बहुत दिन पहले से यहां झोपड़ी बनाकर रहते थे और आयुर्वेदिक दवा बेचते थे। इस दौरान इनके झोपड़ी में बारिश ओर ब्रजपात से बचने के लिए रुकने वाले तमाड़ के चाड्डवाडीह निवासी 50 बर्षीय परेश अहीर और लांदुपडीह गांव की 32 बर्षीय कृष्णवती देवी भी ठनका गिरने से झुलस गई थी।हांलाकि ईलाज के दौरान दोनों ठीक है। इधर घटना की सूचना पर सोनाहातू पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ओडेदारू गांव की है। खपरैल घर में ठनका गिरने से 18 वर्षीय सुकरमनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हुई है। युवती के इलाज सीएचसी सोनाहातू में करने के बाद रिम्स रेफर किया गया है। तीसरी घटना बारेन्दा चौक में हुआ है। वारिश और बज्रपात से बचने के लिए एक युवक झोपड़ीनुमा घर में शरण लिया था,अचानक तेज आवाज के साथ घर में ही ठनका गिरा जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। लोगों ने तत्काल इलाज के लिए सिंगपुर अस्पताल मुरी भेजा। इलाज के बाद खतरे से बाहर है। 30 वर्षीय युवक युवराज महतो जुड़गा- लोवाडीह का है जो टाटीसिलवे से घर वापस आ रहा था।

झारखंड की टीम फाइनल में

सोनाहातू। मणिपुर की राजधानी इंफाल में 68वीं नेशनल स्कूली गेम प्रतियोगिता में झारखंड की अंदर-19 टीम ने बालक और बालिकाओं दोनों वर्ग में फाइनल में जगह बना ली। अंडर-19 बालिका टीम ने तमिलनाडु की टीम को 5- 0 से विजय रही, अल्फा कुमारी दो गोल, एलिजाबेथ कुमारी दो गोल रीना कुमारी एक गोल से जीत हुई अंडर-19 बालक वर्ग में झारखंड बालक मणिपुर की टीम के साथ दोनों टीमों में गोल रहित होने पर ट्राई बेकार का सहारा लेना पड़ा। ट्राई बेकर के सहारे झारखंड की टीम ने मणिपुर को 4-3 से हराया। इसमें कोच के रूप में जितेंद्र कच्छप, बिंदु कुजूर मैनेजर अमीत टोप्पो, लीना सोरेन तथा एचओडी के रूप में बिंदेश्वर महतो शामिल है।

एक नजर

जर्मनी में मिला डॉक्टर झंटू हालदार को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पंच परगना हुआ गौरवान्वित

बुंडू (नव प्रदेश)। जर्मनी में आयोजित विश्व होम्योपैथी सम्मेलन 2025 में उत्कृष्ट सेवा और होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए बुंडू के डॉक्टर झंटू हालदार को सम्मानित किया गया यह सम्मान पांच परिणाम क्षेत्र और झारखंड राज्य के लिए गौरव की बात है यह सम्मेलन 12 अप्रैल को जर्मनी में संपन्न हुआ जिसमें दुनिया भर से होम्योपैथिक चिकित्सक शामिल हुए थे झारखंड से कल कर होम्योपैथी चिकित्सकों को इस मंच पर सम्मानित किया गया जिम डॉक्टर झंटू हालदार प्रमुख रहे डॉक्टर झंटू हालदार का सफर बेहद प्रेरणादायक रहा सीमित संसाधनों और साधनों के बावजूद उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में जो समर्पण और सेवा का परिचय दिया वह प्रशासनीय है बुंडू स्थित सुभाष चौक पर उनके क्लीनिक वर्षों से आम लोगों के इलाज का केंद्र रहा है मरीजों के बीच उनकी लोकप्रियता उनकी चिकित्सा पद्धति व्यवहार और सेवा भावना की देन है सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉक्टर झंटू हलदर ने कहा या पुरस्कार मेरे अकेले के नहीं बल्कि पूरे झारखंड और पांच परिणाम क्षेत्र के लोगों का है मैं अपने क्षेत्र से मिले प्रेम और विश्वास के लिए भारी हूं मेरा उद्देश्य हमेशा ही रहेगा कि मैं लोगों का बेहतर स्वास्थ्य सेवा दे सकूंइस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी के लहर दौड़ गई क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों चिकित्सकों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी है पूर्व मुखिया तमाड़ पश्चिम रमेश कुमार मुंडा ने इस अवसर पर कहा डॉक्टर झंटू पंच परगना के ने है उन्होंने दिखा दिया कि छोटे शहरों से भी बड़ी उड़ान भरी जा सकती है उनकी यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्भ का विषय है उन्हें मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

स्लग ठनके से पांच गायों की मौत

बुंडू (नव प्रदेश)। बुंडू में ठनका गिरने से बुंडू के घसिया बांध के पास एक पेड़ के नीचे खड़े कुल पांच गाय की मौत हो गई। घटना रविवार शाम लगभग चार बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांचों गाय में से दो लक्ष्मण बांसमहली, दो मनमोहन बांस महली एवं एक बुधू बांसमहली के हैं। तीनों घसिया बांध के पास ही रहते हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पांचों गाय वहीं आसपास चर रहे थे। हल्की बूंदा-बांदी शुरू होने पर पांचों गाय एक पेड़ के नीचे जमा हो गए थे। दुर्भाग्य से उसी समय पेड़ पर ही बज्रपात हो गया। बज्रपात से पेड़ भी जल गया।

तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से युवक की मौत

सोनाहातू (नव प्रदेश)। थाना क्षेत्र के सिल्ली-रांगामाटी सड़क के टांगटांग और तिलाईपिड़ी मोड़ के बीच एक तेज रफ्तार की कार जेएच 10 बीआर 2100 ने एक 67 वर्षीय व्यक्ति को कुचल दिया।जिससे व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गया है। घटना शनिवार रात साढ़े साथ बजे के आसपास बताई जा रही है। तिलाईपिड़ी गांव का व्यक्ति पुशु लोहरा साइकिल से पंडाडीह गांव से तिलाईपिड़ी अपना घर जा रहा था। सिल्ली की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दिया। जिससे व्यक्ति की मौत हुआ है। घटना के कुछ देरी बाद ग्रामीणों के मदद से पुलिस ने उक्त कार को 6 किलोमीटर दूरी पर जब्त किया है।कार के टायर फटे हुए थे। संभवत तेज रफ्तार के कारण टायर फट गया और कार में सवार लोग कार को छोड़कर फरार हो गए। इधर सोनाहातू पुलिस ने कार ओर शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है।

बजरंग बली के प्रतिमा को लेकर नगर भ्रमण कराया गया



पिस्का नगडी (नव प्रदेश)। प्रखंड के नगड़ी अंबेडकर मुहल्ले में नवनिर्मित श्री पंचमुखी हनुमान के प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन रविवार को धनाधिवास, पुष्पाधिवास, मिष्ठानाधिवास, सेजियाधिवास, औषधिवास सहित कई धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इसके पश्चात महाबली बजरंग बली के प्रतिमा को लेकर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण में बड़ी संख्या में नर,नारी और बच्चे शामिल हुए। प्रतिमा को गांव के परंपरागत मार्गों से घूमते हुए वापस मंदिर पहुंचाया गया जहां प्राण-प्रतिष्ठा से संबंधित पूजन-अर्चन किये गये। प्राण प्रतिष्ठा में पं पंकज पांडेय, पं चंदन पांडेय, पं मुनि शास्त्री और पं धीरेंद्र पांडेय पुरोहित की भूमिका निभा रहे हैं जबकि यजमान के रुप में सत्यनारायण चौधरी, परमानंद चौधरी, रघुनंदन केशरी (सेठू), अरूण कुमार प्रमाणिक, लक्ष्मण नायक, चंदन केशरी और राहुल चौधरी सपत्नीक अनुष्ठान में शामिल हैं। मंगलवार को प्राण-प्रतिष्ठा के साथ संध्या में विशाल भक्त भंडारा किया जायेगा। सभी कार्यक्रम में गांव के हजारों नर नारी, और श्रद्धालु अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

लखटकिया रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट में केके ब्रदर्स रांची का कब्जा

सोनाहातू (नव प्रदेश)। थाना मैदान में शनिवार को एकदिवसीय लखटकिया रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फुटबॉल टूनामेंट में 16 टीमों ने अपना प्रतिभा का प्रदर्शन किया रात भर खेल के बाद रविवार सुबह समापन के साथ पुरस्कार वितरण किया गया। फाइनल मैच में केके ब्रदर्स रांची की टीम ने जेएम स्पोटिंग रांची को एक गोल से हराया। विजेता टीम केके ब्रदर्स रांची को नगद एक लाख एक सौ रुपए एवं एक ट्राफी तथा उप विजेता टीम जेएम स्पोटिंग रांची को 70 हजार रुपए एवं एक ट्राफी पुरस्कार दिया गया। तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहे आईएमएस ईचागढ़ एवं ब्लैक टीम नामकुम को पचीस - पचीस हजार की नगद राशि के साथ पुरस्कृत किया गया।समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो, तेलवाडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फनीभूषण सिंह मुंडा,सोनाहातू पंचायत के मुखिया विकास सिंह मुंडा,थाना प्रभारी चंदन कुमार, समाजसेवी धनपति महतो, श्याम महतो, राजेन्द्र महतो, अभिमन्यू महतो, इंद्रदेव सिंह मुंडा, यादव महतो, दिलीप अहीर आदि मौजूद थे। इस दौरान मुख्य अतिथि देवेंद्रनाथ महतो ने उन्होंने कहा की फुटबॉल खेल टीमवर्क, अनुशासन और समय प्रबंधन का ट्रेनिंग देता है। क्रीडा के क्षेत्र में राज्य सरकार का उदासीन रवैया रहा है। राज्य सरकार के सभी विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित करते हुए नियोजन में समुचित आरक्षण होनी चाहिए। सफल आयोजन के लिए कमेटी अध्यक्ष विशेश्वर महतो, उपाध्यक्ष नगेंद्र महतो, संरक्षक खंजन महतो एवं रवि सांडील की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)